रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 01 जून 2024, वर्ष-25, अंक-119, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज 12



एग्जिट पोल से संबंधित किसी भी डिबेट में...

**संसेक्स** 73,961.31 ▲ +75.71

**डॉलर** 83.457 ▲ +0.141

**रांची सर्राफा**

सोना 10 ग्राम: 68,300

चांदी 01 किलो: 99,990

## लोकसभा चुनाव 2024 | दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक कवायद का अंतिम चरण

# आज समाप्त होगा मतदान मैराथन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर शनिवार (1 जून) को मतदान होगा। साथ ही ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी 1.09 लाख मतदान केन्द्रों पर 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सातवें चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े मतदान मैराथन की समाप्ति हो जाएगी। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। इस दौरान कुल 44 दिनों में सात चरणों में देशभर में चुनाव कराया गया। जिसमें 543 लोकसभा सीटों के लिए कुल 96.88 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर हैं। इस चरण में बिहार की 8 सीटों (नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद) पर 134, चंडीगढ़ की 1 सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला) पर 37, झारखंड की 3 सीटों (राजमहल, दुमका, गोड्डा) पर 52, ओडिशा की 6 सीटों (मयूरभंज, शेष पेज 11 पर

### देश के सबसे हॉट सीट में भी आज वोटिंग

**वाराणसी।** देश की सबसे हॉट सीट वाराणसी में भी शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इस सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा नेताओं की ओर से लगातार इस बात का दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी वाराणसी से एक बड़ी मार्जिन से जीत दर्ज करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, महेंद्र नाथ पांडेय, आरके सिंह, पंकज चौधरी, अनुप्रिया पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव, प्रताप चंद्र सारंगी, उपेंद्र कुशवाहा और रवि किशन सहित कई दिग्गजों का फैसला शनिवार को मतदान में होना है।

**10.06** करोड़ मतदाता, 1.09 लाख मतदान केंद्र, 7 राज्य व 1 केंद्र शासित प्रदेश

**44** दिनों में सात चरणों में 543 लोकसभा सीटों के लिए देशभर में हुआ मतदान

**42** विधानसभा क्षेत्रों के साथ 57 लोस सीटों पर होगा मतदान

तीनों लोकसभा सीट के हर बूथ की होगी कंट्रोल रूम से मॉनीटरिंग | बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने का हर संभव प्रयास | चुनाव वाले क्षेत्रों से जुड़े बिहार और प. बंगाल की सीमा सील की गई

## दुमका, राजमहल और गोड्डा में आज मतदान

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** राज्य के दुमका, राजमहल और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को अंतिम चरण का मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। राजमहल में 14 और गोड्डा तथा दुमका में 19-19 उम्मीदवार हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि दुमका, राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी।

प्रत्येक बूथ पर भीतर और बाहर एक-एक कैमरे लगाये गये हैं। पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाये हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी मतदानकर्मी मतदान के बाद उसी दिन वापस लौटेंगे। बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन दूरस्थ इलाके के मतदाताओं को वाहन से मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान है, समय निकाल कर परिवार और पड़ोसी संग मतदान जरूर करें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के मद्देनजर हर बूथ पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। शेष पेज 11 पर

**गोड्डा** (सामान्य सीट)

| | |
|---|---|
| 20,28,154 | मतदाता |
| 10,50,328 | पुरुष |
| 9,77,809 | महिला |
| 17 | थर्ड जेंडर |
| 2347 | बूथ |
| 257 | शहरी क्षेत्र में |
| 2090 | ग्रामीण क्षेत्र में |
| 05 | बूथ महिला संचालित |
| 03 | दिव्यांग संचालित |
| 02 | युवा संचालित |
| 02 | यूनिक कैटेगरी में |




**दुमका** (एसटी रिजर्व) सीट

| | |
|---|---|
| 15,91,061 | मतदाता |
| 7,99,045 | पुरुष |
| 7,92,010 | महिला |
| 06 | थर्ड जेंडर |
| 1891 | बूथ |
| 105 | शहरी क्षेत्र में |
| 1786 | ग्रामीण क्षेत्र में |
| 70 | बूथ महिला संचालित |
| 01 | दिव्यांग संचालित |
| 03 | युवा संचालित |
| 11 | यूनिक कैटेगरी में |




**राजमहल** (एसटी रिजर्व) सीट

| | |
|---|---|
| 17,04,671 | मतदाता |
| 8,51,165 | पुरुष |
| 8,53,496 | महिला |
| 10 | थर्ड जेंडर |
| 2020 | मतदान केंद्र |
| 127 | शहरी क्षेत्र में |
| 1893 | ग्रामीण क्षेत्र में |
| 166 | बूथ महिला संचालित |
| 03 | दिव्यांग संचालित |
| 06 | युवा संचालित |
| 05 | यूनिक कैटेगरी में |




## एक नजर

### सप्ताह में एक दिन बिना आयरन किया कपड़ा पहन कर ऑफिस आएं

**लातेहार।** वन विभाग के अधिकारी और कर्मी अब सप्ताह में कम से कम एक दिन बिना आयरन किया हुआ कपड़ा पहन कर ऑफिस आएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए लातेहार डीएफओ रौशन कुमार ने इसकी पहल की है। उन्होंने सप्ताह में कम से कम एक दिन वन कर्मियों को आयरन (इस्त्री) का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। इस संबंध में डीएफओ रौशन कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों का छोटा-छोटा प्रयास भी आगे चलकर काफी प्रभावी बन सकता है। इसी उद्देश्य से एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे बड़ी बैठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत शनिवार को मतदान होना है। मतों की गिनती 4 जून को होगी। सातवें चरण के मतदान के बाद और 4 जून की मतगणना से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बड़ी बैठक कर पार्टी के लिहाज से चुनाव के सभी सात चरणों के मतदान की समीक्षा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा शनिवार रात या रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों एवं चुनाव प्रचार अभियान से जुड़े नेताओं के साथ बैठक कर मतदान के प्रतिशत, मतदान के पैटर्न और भाजपा को मिलने वाली सीटों की संख्या को लेकर समग्र चर्चा कर सकते हैं। पार्टी ने पिछले कई चरणों के चुनाव की रणनीति को सातवें चरण में भी अमलीजामा पहनाने की रणनीति बनाई है।

**आज | कल**




## फिर खाट पर दिखी सिस्टम

### ममता वाहन के लिए डेढ़ किमी खाट पर गई गर्भवती



नवीन मेल संवाददाता

**बानो(सिमडेगा)।** बानो में एक बार फिर सिस्टम खाट पर दिखी। प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा क्या हुआ गांव की जर्जर सड़क ने उसकी पीड़ा को कई गुणा बढ़ा दिया। वाहन चलने लायक सड़क नहीं होने के कारण परिजन महिला को खाट पर करीब डेढ़ किमी लेकर आए, तब जाकर उसे ममता वाहन की सुविधा मिली। ये स्थिति तब है जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जा रहा है, लेकिन राज्य में इसके कार्यान्वयन को लेकर हमेशा सवाल उठता रहा है। संयोग से इस मामले में पीड़ित महिला भी आदिवासी है और उसका गांव भी आदिवासी बहुल है और राज्य में आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली सरकार भी है। मामला बानो प्रखंड के डोगी झरिया मौजा के कम्पुदा गांव का है। गांव के मनसिद्ध लोमगा की पत्नी पालो जडिया (22) को 28 मई को प्रसव पीड़ा हुई। घर वालों ने इसकी सूचना सहिया सरस्वती कुमारी को दी। शेष पेज 11 पर

## ध्यान मंडपम में पीएम की साधना जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ध्यान साधना शुक्रवार को जारी रही। सामने आये पहले वीडियो में पीएम मोदी मेमोरियल के ध्यान मंडप हॉल में ध्यान में लीन दिख रहे हैं। इससे पहले, सुबह-सुबह उन्होंने कन्याकुमारी के संगम पर पूजा की। प्रधानमंत्री मोदी करीब ढाई महीने के चुनाव प्रचार के बाद गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे। पहुंचने के बाद शाम को उन्होंने कन्याकुमारी देवी मंदिर में पूजा की। मेमोरियल हॉल जाने से पहले उन्होंने तिरुवल्लुवर, रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं के सामने भी प्रार्थना की। पीएम एक जून तक कन्याकुमारी में रहेंगे। इस दौरान जिले में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। भाजपा ने अपने नेताओं से वहां ज्यादा भीड़ न लगाने के लिए कहा है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 16 मार्च से 30 मई के बीच पीएम मोदी ने 75 दिन में 206 जनसभाएं तथा रोड शो किये और 80 साक्षात्कार दिये। औसतन उन्होंने हर दिन करीब तीन सार्वजनिक कार्यक्रम किये। उन्होंने भीषण गर्मी के बीच 150 घंटे बिताये और मीडिया के एक हजार से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर दिये।



ध्यान मुद्रा में पीएम मोदी

### चारधाम यात्रा में अब तक 71 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 22 दिन में 71 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो तीन तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 34 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा के कारण हुई है। इसमें से केदारनाथ में 34 यात्री, बदरीनाथ में 16 यात्री, यमुनोत्री में 15 यात्री, गंगोत्री में 06 यात्री की मौत हुई है। इस प्रकार कुल मृत यात्रियों की संख्या 71 बतायी गयी है।

## सूबे में लू से 28 की मौत, मरे हजारों चमगादड़

नवीन मेल संवाददाता

**रांची। झारखंड** में दो दिनों में गर्मी और लू से 28 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा आठ मौतें पलामू जिले में हुई हैं, जबकि चतरा जिले में पांच, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में तीन-तीन, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद और हजारीबाग में दो-दो और बोकारो जिले में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों को हीट स्ट्रोक और गर्मी की वजह से बीमार होने वाले लोगों के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। चतरा जिले से मिली सूचना के अनुसार, हंटरगंज प्रखंड में लू लगने से महेश्वर साव, बाल गोविंद साव, मो. इलियास, कालेश्वर ठाकुर की मौत गुरुवार से लेकर शुक्रवार के बीच हुई। पलामू में भी शुक्रवार को छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी सुरेश राम की मौत लू लगने से हो गई। इसके पहले गुरुवार को यहां सात लोगों की मौत हुई थी। हजारीबाग, गिरिडीह, गढ़वा, लातेहार और रांची में पिछले चार दिनों में हजारों चमगादड़ों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी की वजह से ऐसा हो रहा है, लेकिन पशुपालन विभाग को आशंका है कि इसके पीछे कोई वायरस भी हो सकता है।



इस आशंका के मद्देनजर पशुपालन विभाग ने मृत चमगादड़ों के सैंपल जांच के लिए पुणे स्थित उच्चस्तरीय प्रयोगशाला भेजे हैं। इधर, गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के सुंडीपुर गांव में कई ग्रामीणों ने मरे हुए चमगादड़ों को शेष पेज 11 पर

## इंडिया



सुनील बादल

## जेपीएससी से शुरू हुए घोटाले और अदृश्य शक्ति का बचाव

सरकारी नौकरी को लेकर आरोप प्रत्यारोप और घोटाले में एक दूसरे को दोषी बताने के दौर के बाद 12 साल बाद सीबीआई ने प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में चार्जशीट फाईल की है ।भाजपा छोड़ने वाले पूर्व मंत्री सरयू राय ने एक्स पर लिखा यह जेपीएससी का पहली परीक्षा घोटाला था।भाजपा की पहली सरकार में हुआ था ।चार्जशीट दाखिल करने में सीबीआई को 12 साल लगे। इसे जेपीएससी में हो रहे घोटालों की जननी कहा जा सकता है।अदृश्य शक्ति ने दबाव नहीं डाला तब उसी समय हुए जेपीएससी के दूसरे घोटाले की चार्जशीट जल्द आएगी।यह अदृश्य शक्ति किसी व्यक्ति या पार्टी विशेष की नहीं बल्कि सामूहिक है जिन्होंने विधानसभा तक में अपने लोगों को बहाल कराया जैसी रिपोर्ट मीडिया में कई बार आ चुकी है ।झारखंड के बहुचर्चित झारखंड मेधा घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने जेपीएससी संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा प्रथम और द्वितीय के 55 अधिकारियों की नियुक्ति को गलत पाया है। इन पर गलत ढंग से परीक्षा में सफल होने का आरोप था, जो सही पाए गए। इनमें जेपीएससी प्रथम के 20 और द्वितीय के 35 अधिकारी हैं।सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम के 62 और द्वितीय के 172 अधिकारियों की नियुक्ति की जांच शुरू की थी। जेपीएससी प्रथम में सफल दो अधिकारियों का यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर आईपीएस और आईआरएस कैडर में चयन हो गया। इसके बाद 62 अधिकारियों की जांच की गई, जिनमें 20 अधिकारियों के गलत ढंग से परीक्षा में सफल होने की पुष्टि हुई। इसी तरह जेपीएससी द्वितीय में भी 35 अधिकारियों ने गलत ढंग से सफलता पाई।कई अभ्यर्थियों ने उत्तर पुस्तिका में कुछ भी नहीं लिखा और नंबर दे दिए। उत्तर पुस्तिकाओं में अंदर नंबर कुछ और थे, मुख्य पृष्ठ पर कुछ और नंबर।




कई अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर 33 नंबर को 88 नंबर कर दिया गया।कई उत्तर पुस्तिकाओं में सवालों के जवाब गलत थे, लेकिन पूरे नंबर दिए।जानकार बता रहे हैं कि चार्जशीट दायर होने के बाद दोषी अफसरों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होगा। वारंट जारी होते ही उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। 2019 में प्रशासनिक सेवा के पहले बैच के अधिकारियों की दी गई प्रोन्नति भी वापस ले ली जाएगी। अंतिम कार्रवाई कोर्ट के अंतिम फैसले से प्रभावित होगी। दोषी पाए जाने पर मेरिट लिस्ट में उनसे नीचे रहे अधिकारी ऊपर जाने की मांग कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें कोर्ट जाना होगा।पूरे मामले को कानूनी दांव पेंच में अभी तक जिस तरह उलझाया गया उससे नहीं लगता कि इन प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई इतनी आसान होगी । मूल राज्य बिहार में ऐसे अनेक घोटाले हुए जिन्हें उदाहरण देकर अलग राज्य बना और नौकरियों के माध्यम से झारखंड के विकास की नींव रखने के बजाय लूट के नए अवसर के रूप में इसे विकसित किया गया जिसमें मामूली और अभिवंचित वर्ग अब भी अपने को ठगा महसूस करता है इसलिए इन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि मेहनत करने वाले ईमानदार अभ्यर्थी निराश न हों ।झारखंड के प्रतिभावान बच्चों का लगातार पलायन बिहार के समय से जारी है और ये प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले आरोपी तकनीकी पेंच फंसा कर इसे लंबा खींचने का प्रयास कर सकते हैं । न्यायालय और सरकार दोनों को इसे विशेष मामला मानना चाहिए अन्यथा यह क्रम रुकेगा नहीं । झारखंड के अनेक अफसरों को आर्थिक घोटालों में पकड़े जाने पर निंदन या वेतन बढ़ोतरी जैसी मुलायम सजा देकर छोड़ दिया जाता है जिससे कड़ा संदेश नहीं जाता ।

## जेल में हेमंत से मिले सीएम इंडी गठबंधन की बैठक आज

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार सुबह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। लेकिन इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। मुलाकात के बाद जेल से बाहर निकलने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की। सीएम चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच हुए इस मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

एक जून को नई दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक है, जिसमें झामुमो की ओर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व कल्पना सोरेन भाग लेंगी। माना जा रहा है कि हेमंत से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने इस अहम बैठक में झामुमो के स्टैंड पर चर्चा की। वहीं शनिवार को संताल की तीनों सीटों दुमका, राजमहल और गोड्डा पर मतदान होना है। इसपर भी सीएम व हेमंत के मुलाकात के दौरान बातचीत होने के कयास लगाए जा रहे हैं।



*जेल से बाहर निकलने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने मीडिया से कोई बात नहीं की।*

## एक नजर

### रांची-पुरुलिया मुख्य पथ पर बुढ़ाम के समीप ट्रक पलटा



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर बुढाम के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ट्रक के खलासी को हल्का-फुल्का चोट लगने की सूचना मिली है। बताते चले कि ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर एम एच बी डब्लू 8636 है। उक्त ट्रक हिंडालको कंपनी से सामान लोड कर रांची की ओर जा रहा था। सूचना मिलते ही सिल्ली थाना के उप निरीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित करने में लगे हुए थे। खबर लिखे जाने तक ट्रक को हटाने की प्रक्रिया चल रही थी।

### सात वर्षीय बच्ची की लू लगने से हुई मौत गांव में शोक की लहर

**बेड़ो।** प्रखण्ड अंतर्गत करांजी निवासी प्रमोद कुमार की सात वर्षीय बेटी माही कुमारी की मौत शुक्रवार सुबह 7:30 बजे लू लगने से मौत हो गयी। बच्ची सुबह 6 बजे से उठ के खेल रही थी और अचानक करीबन 7 बजे लू का असर होने से जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। कुछ देर बेहोशी की अवस्था में रहने के पश्चात स्वांस रुक गया। आनन फानन में घर वाले बेड़ो में सेवानिवृत्त डॉक्टर प्रवीण चंद्र के पास ले गए जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया । पूरे घर गांव में मातम छा गया है। मां बाप का रो रो कर बुरा हाल है। उधर इस संदर्भ में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा कोई मामला है तो पता लगाते हैं। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

### कोडरमा मंडल कारा में तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में शुक्रवार को तम्बाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि बंदियों को नशे के सेवन से पूरी तरह मुक्त होना होगा तभी उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास संभव है। गौतम ने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति मानसिक संतुलन खो देता है और वह मानसिक अवसाद की स्थिति में कोई भी अपराध कर देता है, जिसका पश्चाताप उसे जीवन भर होता है। उन्होंने बंदियों से नशे की लत से पूरी तरह छुटकारा पाने की अपील की। गायत्री परिवार के योग प्रशिक्षक देवराज पाण्डेय एवं सुनीता भगत ने उपस्थित बंदियों को नशा का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही नशा के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया।

## डायन बिसाही की वारदात पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

# पीड़ित परिवार को अंतरिम मुआवजा के रूप में 10 हजार रुपये का चेक दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के अनगड़ा में डायन बिसाही में बालेश्वर उरांव की हत्या के मामले का झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने शुक्रवार को संज्ञान लिया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निर्देश दिया कि वह तत्काल मृतक के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करे। इस निर्देश के बाद न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलंब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने एक टीम गठित की, जिसमें पैनल अधिवक्ता दुलारी कुमारी, पीएलवी बेबी सिन्हा और तारा मिंज को नियुक्त किया गया। पीएलवी ने पीड़ित के परिवार से मुलाकात की और डालसा के जरिए दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जरिए मृतक के परिवार को मुकदमा के लिए सहायता दी जाएगी। साथ ही, मृतक की पत्नी जख्मी शनिचरिया देवी का समुचित इलाज सदर अस्पताल से कराया गया और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत उनका कार्ड भी सदर अस्पताल से बनवाया गया। डालसा ने झारखंड पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत पीड़िता के लिए मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। डालसा सचिव ने पीड़ित परिवार से मिलकर अंतरिम मुआवजा के रूप में 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। मृतक की पत्नी का विधवा पेंशन एवं तीनों बेटों का जॉब कार्ड बनाने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ा दिया गया। अनगड़ा प्रखंड के बीडीओ जयपाल सोय ने मनरेगा के तहत मृतक के तीनों बेटों को रोजगार देने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, डालसा सचिव के नेतृत्व में अनगड़ा प्रखंड के जरगा गांव में ग्रामीणों के बीच विधिक जागरुकता का भी आयोजन किया गया। बेहरा ने कहा कि डायन बिसाही एक अंधविश्वास है। कानून में इसपर सजा का प्रावधान है। डायन बिसाही के नाम पर किसी को प्रताड़ित न करें। यह एक घोर अपराध है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, अनगड़ा थाना प्रभारी चमरा मिंज, पैनल अधिवक्ता दुलारी कुमारी, मुखिया क्रिष्टिना और पीएलवी बेबी सिन्हा उपस्थित थे।



### मांडर महाविद्यालय में प्रोफेसर नाथू गाड़ी को दी विदाई

**मांडर।** मांडर महाविद्यालय मांडर के सभागार में शुक्रवार को एक विदाई समारोह आयोजित करके महाविद्यालय के बड़सर प्रोफेसर नाथू गाड़ी को विदाई दी गई, उनके कार्यकाल में की गई विभिन्न सेवाओं एवं कार्यों की सराहना की व उसे याद किया। प्राचार्य कुनूल कानदीर ने कहा कि नाथू गाड़ी जैसा एक ईमानदार एवं परिश्रमी बर्सर विद्यालय को मिला या सौभाग्य की बात है। डॉ बुधु उरांव ने कहा कि नाथु गाड़ी अच्छे मित्र हैं उनसे काफी प्रेरणा मिलती है। मंच का संचालन और अनसेलम मिंज ने किया नाथू गाड़ी ने कहा कि मांडर महाविद्यालय उनके दिल में है बसता है। परंतु उनका हृदय हमेशा महाविद्यालय के लिए धड़कता रहेगा वहीं परिषद के कार्यकताओं ने भी उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं जिंदगी भर अपनी पारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी, नाथू गाड़ी ने कहा कि वह परिषद के साथ अंतिम सांस तक रहेंगे। मौके पर महाविद्यालय के केपी साही, गवा तिग्गा, निखिल सिंह, उत्तम शाही, पवन कुमार, इंदिरा सिंह सहित सभी शिक्षक गण एवं शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

# हीट वेव से बचाव के लिए रखें अपना ख्याल : डॉ इरशाद

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद ने क्षेत्र के लोगो को हीट वेव व भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी है। हीट वेव से बचाव की जानकारी देते हुए सुझाव दिया कि भीषण गर्मी को देखते हुए अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकले। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक घर पर रहना लाभदायक होगा, क्योंकि इस समय तापमान में तीव्र वृद्धि होती है। जब भी घर से निकले तो हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहने। सिर को ढकने के लिए तौलिया, गमछे या सूती कपड़े का प्रयोग करे। गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस, सत्तू का घोल, कच्चे आम का शरबत, लस्सी, नारियल पानी आदि का लगातार सेवन करना चाहिए। बताया कि जब भी किसी को लगे की गला सूख रहा है तो ठंडी जगह पर जाए और ओआरएस घोल को दो से चार मिनट के बीच में पीते रहे। साथ ही शरीर को भीगे कपड़े से पोछें। डा इरशाद ने कहा कि क्षेत्र में लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो तत्काल अपने नजदीकी चिकित्सक से मिले। उन्होने भीषण गर्मी और हीट वेव से खास तौर पर बच्चों और बुजुर्गों का ख्याल रखने की भी बात कही। बताया कि खलारी पीएचसी में ओआरएस उपलब्ध है अगर किन्हीं को जरूरत हो वो पीएचसी आकर ले सकते है। बढ़ी गर्मी को लेकर अन्य सावधनियों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार तापमान में बढोतरी देखी जा रही है लोग अपनी बाइक, कार और अन्य वाहनों की ईंधन टंकी को पूरी तरह न भरें। गाड़ी में टायरों का हवा भी तय मानक के हिसाब से ही रखे। गाड़ी में एसी का तापमान भी 22 डिग्री से 24 डिग्री के बीच में ही रखे। गाड़ी में सेनेटाइजर और स्प्रे प्रकार की चीजों को प्रयोग न करे। इन सभी बातों का ख्याल रख कर हम सभी बढ़ते तापमान और बढ़ती गर्मी से होने वालों खतरों से अपने आप को बचा सकते है।



## उमस के साथ भरी गर्मी से जीना हुआ मुहाल, त्राहिमाम कर रहे लोग

**खलारी।** अन्य जगहों की तरह खलारी कोयलांचल में भी उमस भरी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दिन के साथ रात में भी भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस बेतहाशा गर्मी में घरों के पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह से उमस की वजह से लोग परेशान रहे। दिन भर गर्म हवा और उमस की वजह से वृद्ध, बच्चों और बीमार के साथ आम लोगों की हालत खराब रही। वातावरण में नमी की मात्रा काफी ज्यादा होने से अधिकतम तापमान से भी चार-पांच डिग्री ज्यादा गर्मी का अहसास हो रहा है। क्षेत्र के प्रमुख बाजार केडी रोड सहित अन्य बाजारों में दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। खलारी के लोगों का कहना है कि दशकों बाद ऐसी गर्मी महसूस कर रहे हैं, अब सहन नहीं हो रहा है। वहीं इस भीषण गर्मी में भी आवश्यक कार्यों में लगे खुले आसमान के नीचे काम कर रहे हैं।

**कोयले में लगी आग भी तापमान बढ़ाने में है सहायक :** खलारी कोयलांचल का तापमान बढ़ाने में कोयले में लगी आग भी सहायक है। जहां भी कोयला खुले में स्टाक किया हुआ है वहीं उसमें आग लगी हुई है। करकट्टा विश्रामपुर में भूमिगत खदान का खुला फेस हो या मोनेट कोल वासरी का रिजेक्ट कोल का स्टाक सभी जगह आग लगा हुआ है। इसके अलावा एनके एरिया के सभी परियोजनाओं के कोयला स्टाक में आग लगा हुआ है। रिहायशी इलाके के बीच खलारी सीमेंट फैक्ट्री परिसर में रखा गया लाखो टन कोयला में आग लगा हुआ है। जिससे आसपास की आबादी प्रभावित है।

### 20 दिनों से बंद है सप्लाई पानी की आपूर्ति

भीषणगर्मी का असर क्षेत्र के वाटर सप्लाई पर भी पड़ा है। बुकबुका स्थित 55 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले फिल्टर प्लांट को पानी देने वाली सपही नदी सूख गई है। करीब बीस दिनों से केडी, एसीसी कालोनी में वाटर सप्लाई बंद है। वैकल्पिक साधनों से लोग पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के डे-नाइट क्रिक्रेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस मैदान में गुरुवार देर शाम से टेन-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो गया। सभी मैच डे नाइट खेले जायेंगे। मैच का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने किया। टूर्नामेंट का पहला मैच आईसेक्ट विश्वविद्यालय और सिलवार किंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय की टीम ने 10 ओवर में 98 रन बनाए, जिसमें अतुल के 58 रनों की शानदार पारी शामिल है। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिलवार किंग्स की टीम 80 रनों पर ही ढेर हो गई और मुकाबला 18 रनों से हार गई। अतुल के शानदार अर्द्धशतकीय पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बता दें कि इस नॉकआउट टूर्नामेंट में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, सिलवार किंग्स, एक्टिव युवा समिति तरबा, महेशरा क्रिकेट क्लब, ग्रीन गैलेक्सी बड़कागांव, संत कोलंबा महाविद्यालय, गोपोलो क्रिकेट क्लब, टीम डिस्ट्रॉयर अमृत नगर, मेरू स्ट्राइकर, फ्रेंड्स क्लब डुमर, युनियन सपोर्टिंग क्लब जिनगा, एकेडमिक सुपर ज्वांट्स, पगमिल नाइट क्लब, आरके क्लब खरिका, लखय्या वॉरियर, अमृत नगर इलेवन सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही है। बताते चलें कि शुक्रवार से हर दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे, जिसमें पहला मैच शाम 5:00 बजे और दूसरा मैच शाम 7:00 बजे से शुरू होगा। पहले राउंड का आखिरी मुकाबला आगामी 03 जून को लखय्या वॉरियर और अमृत नगर इलेवन के बीच खेला जाएगा।

# डीजे संदीप की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप उर्फ सैंडी की हत्या के मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में लालपुर के वर्द्धमान कंपाउंड निवासी दिवाकर उपाध्याय उर्फ देवा और बोकारो निवासी प्रकाश शामिल हैं। दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर डीजे संदीप उर्फ सैंडी की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इसी आधार पर लगातार गिरफ्तारियां की जा रही हैं। अभिषेक को लालपुर थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 26 मई की देर रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में खाने-पीने के दौरान बार के बाउंसर और कुछ लोगों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इस दौरान बार के बाउंसर ने उन लोगों को जमकर पीटा था। मारपीट की घटना की सूचना चुटिया थाना को मिलने पर थाना के पदाधिकारी बार में पहुंचे थे।

### कार चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप उर्फ सैंडी की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह की पत्नी के भाई राहुल कुमार सिंह को वाहन चोरी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तुपुदाना ओपी पुलिस ने की है। बताया जाता है कि राहुल वाहन चोर गिरोह का सरगना है। तुपदाना ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि जेल भेजे गए आरोपी का नाम राहुल कुमार है और वह डीजे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह की पत्नी का भाई (साला) है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की एक कार बरामद की है।

## गायत्री परिवार ने खूंटी में निकाली नशा उन्मूलन यात्रा

**खूंटी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शुक्रवार कों तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार खूंटी शाखा द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों के बीच नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया। इस संबंध में गायत्री परिवार खूंटी ट्रस्ट मंडल के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार और भारत सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया गया है, जिसके तहत भारत से नशा उन्मूलन के लिए गायत्री परिवार को विशेष रूप से जिम्मेवारी दी गई है। पूर्व से भी गायत्री परिवार के सप्त सूत्री आंदोलन के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान चलाया जाता रहा है। इसी क्रम में खूंटी शाखा द्वारा काफी संख्या में गायत्री साधकों द्वारा नशा उन्मूलन यात्रा निकाली गई, जिसमें नशे का जो हुआ शिकार, उजड़ा उसका घर परिवार, तंबाकू तो है झूठी शान, अच्छी सेहत ही है अभिमान जैसे समाज को सीख देनेवाले नारे के साथ साधकों ने नगर भ्रमण किया।

## न्यूज बॉक्स

### पुनगी में झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न



**मांडर।** प्रखंड के पुनगी गांव में दो दिवसीय मंडा पूजा शुक्रवार को झूलन के साथ संपन्न हो गया। झूलन अनुष्ठान में भोक्ताओं ने मंडा खूंटा में झूलकर आस्था के फूल बरसाये। इस अवसर पर 12 पाड़हा जेठ जतरा का भी आयोजन किया गया था,देर शाम तक लोग मेला का लुत्फ उठाते रहे। इससे पहले गुरुवार की रात को फुलखुंदी का आयोजन किया गया। फुलखुंदी में भोक्ताओं व सोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव पर अपनी अटूट आस्था व भक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा सह 12 पाड़हा जेठ जतरा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान सुका उरांव, कृष्णा गोप, उत्कर्ष तिवारी,आशीष उरांव, नारू उरांव महादेव विनय बनारसी मोहन शिबू सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

### ताला तोड़कर चोरों ने की घर से लाखों की चोरी, सदमे में पूरा परिवार, प्राथमिकी दर्ज



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोंस के सूरज महतो के घर में 1.5 लाख नगद और गहने की चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 29 मई 2024 की रात पूरा परिवार घर ताला बंद कर अपने पुराना घर गया हुआ था, वहां से वापस लौटने पर उन्हें इस घटना के बारे में पता चला। घर पहुंचते ही उन्होंने देखा कि पूरे घर का सामान उथल-पुथल हुआ पड़ा था। चोरी की घटना को लेकर परिवार वालों ने चान्हो थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया। चोरी हुए जेवरात व सामान की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपए है। पुलिस ने घटनास्थल का की जांच पड़ताल की लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूरज महतो के पूरे परिवार ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी व चोरी हुए माल की बरामदगी की मांग की है। चोर बेखौफ,1 सप्ताह में चोरी की अनेको वारदात : चान्हो प्रखंड में इन दिनों चोर बेखौफ है, पुलिस की ढिलाई के चलते प्रखंड क्षेत्र में चोरी की वारदातों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यही कारण है कि विगत 1 सप्ताह में सोंस में चोरी की लगातार अनेको वारदातें हो चुकी है। जानकारी के अनुसार विगत 1 सप्ताह में लाखों के जेवरात लूटमार, चोरी की वारदाते हो चुकी हैं।

### दुकान के सामने से हुई मोटरसाइकिल की चोरी

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत एसएस हाई स्कूल सिल्ली के समीप सुलमजुड़ी निवासी अजय कुमार एक टायर का दुकान चलाते हैं। गुरुवार के दिन सुबह 7 बजे अपने सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 01एफ 9569 स्काई ब्लू रंग का खड़ा किया और चाबी गाड़ी में ही लगी हुई थी जिसको अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संदर्भ में उन्होंने मुरी ओपी में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु एक आवेदन दिया है जिसको लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### समर्पण शाखा ने धूम्रपान निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने रातू रोड मेट्रो गली के सामने विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा कि धूम्रपान से काफी नुकसान होता है। किसी की जान भी जा सकती है। इसका सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए। स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला एवं संयोजिका आशा सराफ ने इस कार्यक्रम की पूरी तैयारिया की। पोस्टर के माध्यम से लोगों को धूम्रपान निषेध के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष मीना ताइवला, कोमल झुनझुनवाला, आशा सराफ, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार उपस्थित थीं।

### सरना समाज का एकदिवसीय जेठ जतरा धूमधाम से आयोजित

**चान्हो।** प्रखंड के सोंस गांव में शुक्रवार को आयोजित जेठ जतरा में मांदर की थाप पर अपने-अपने खोड़हा में महिला-पुरुष जमकर थिरके। इसके पूर्व अखरा स्थल से 12 पड़हा की अगुवाई में झंडा सहित अन्य पारंपरिक प्रतीकों के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग नाचते-गाते सोंस बाजार ताड़ स्थित जतरा स्थल पहुंचे। जतरा में मुख्य अतिथि रूप मे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई।साथ ही साथ मसमानो ,चटवल ,सोंस,पाटुक, खुटीटोला व बाजोटोली सहित कई गांवों के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। जतरा को सफल बनाने में संरक्षक निधी उरांव, लक्ष्मण टाना भगत, संजय उरांव, प्रभात उरांव आदि की अहम भूमिका रही।

### पांच दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मांडर।** मांडर भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन द्वारा पिडीलाइट के सौजन्य से निर्देशित पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। यह आयोजन फ्रेवीक्राइल के प्रोजेक्ट मैनेजर डेजी सिन्हा के निर्देशन में किया गया। इन पाँच दिनों में छात्र-छात्राओं ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट से संबंधित कई पेंटिंग कर उसका भरपुर लाभ उठाया। भारथी कॉलेज के शैक्षिणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय बहुउद्देशीय कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के भविष्य बेहतर बनाने का हरसंभव प्रयास करता है। इस आयोजन में डीन प्राचार्य, विभागाध्यक्ष तथा व्याख्याता की सक्रिय भूमिका रही।

## विदाई

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक हुए सेवानिवृत्त

# अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे रिपुसूदन ओझा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

राजकीय मध्य विद्यालय लतरातु के सहायक शिक्षक एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक रिपुसूदन ओझा 31 मई को 20 वर्ष पांच महीने और आठ दिनों की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। रिपुसूदन ओझा को लापुंग प्रखंड में दो बार सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का अवार्ड जीत चूके हैं। उन्होंने अपना प्रथम योगदान 23-12-2003 को लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु में योगदान दिया था और यहीं से वे सेवानिवृत्त भी हो गए। रिपुसूदन ओझा मूल रूप से भगवानपुर ओकवलिया थाना फुलवरिया जिला गोपालगंज बिहार के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी मैट्रिक पढाई शिक्षा सहयोगी उच्च विद्यालय बथुआ बाजार, आईएससी गोपेश्वर महाविद्यालय हथुआ बाजार तथा स्नातक की पढ़ाई डीएवी कॉलेज सिवान तथा बीएड की डिग्री एमवी पीजी कॉलेज हल्द्वानी विश्वविद्यालय उत्तराखंड से प्राप्त की थी। उनकी सेवानिवृत्ति पर लापुंग प्रखंड की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की ने कहा कि रिपुसूदन ओझा जी अपने कुशल व्यवहार, मृदुल स्वभाव तथा अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी अजीत कुमार सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, चन्द्रमोहन ठाकुर, प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, प्रकाश उरांव, जीवेश्वर साय, यू धनेश्वर राव, उपेंद्र सिंह, जुबैर अंसारी, अरुण कुमार नायक, संजय कुमार सिंह, बहादुर उरांव, राणा जितेंद्र, अरसेन होरो, विपुल लकड़ा सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके सेवानिवृत्ति के बाद उनके जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि रिपुसूदन ओझा अपने कुशल व्यवहार, मृदुल स्वभाव तथा अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।



## मतगणना के दौरान ध्यानपूर्वक करें काम : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि मतगणना के दौरान सभी काउंटिंग स्टाफ ध्यानपूर्वक अपना काम करें। चुनाव ड्यूटी के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। माधवी मिश्रा शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में काउंटिंग स्टाफ को दिए जा रहे प्रशिक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार काउंटिंग स्टाफ स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक कंट्रोल यूनिट ले जाएंगे। काउंटिंग के बाद उसे वापस स्ट्रांग रूम में रखेंगे। काउंटिंग की पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्हें कंट्रोल यूनिट को लाना है और वापस ले जाना है। उन्होंने कहा काउंटिंग के दौरान मतदान केंद्र के अनुसार फ्लो चार्ट दिया जाएगा। फ्लो चार्ट के अनुसार कंट्रोल यूनिट दिया जाएगा। काउंटिंग स्टाफ इसका मिलान कर लेंगे। काउंटिंग स्टाफ को ई.टी.पी.बी.एस., पोस्टल बैलट व ईवीएम से काउंटिंग की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# तंबाकू का सेवन जीवन खत्म कर देता है : डॉ अजीत कुमार सिन्हा

## रांची विश्वविद्यालय में तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को विवि के आईएमएस सभागार में 2024 के थीम 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' विषय पर संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ वीएस तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा सिंडीकेट की बैठक के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने अपना लिखित संदेश भेजा, जिसे निदेशक आईएमएस डॉ वीएस तिवारी ने पढ़ा।

कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने अपने संदेश में कहा कि तंबाकू उत्पादों का सेवन लोग पहले शौक से शुरू करते हैं, जो बाद में लत का रूप ले लेता है और बाद में मौत का प्रमुख कारण बन जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व भर में तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान के लिए 1987 से पूरी दुनिया में तंबाकू निषेध दिवस आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जिसका व्यापक प्रभाव यहां के लोगों में दिखता है।




उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में शामिल सभी को संकल्प लेना होगा कि आज से हमलोग तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे एवं दूसरों को भी जागृत कर इसके दुष्परिणाम से बचाएंगे। उन्होंने युवाओं से तंबाकू उत्पादों एवं इसके उपभोक्ताओं के बीच जन जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि तंबाकू एक प्रकार से धीमा जहर है, जो व्यक्ति की जिंदगी में आसानी से घोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के दृढ़ इच्छाशक्ति के आधार पर तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचा जा सकता है।

आज के कार्यक्रम में स्वागत भाषण आईएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें तंबाकू उत्पादों के सेवन से हो रही हैं, जो एक वैश्विक चुनौती है। समय रहते इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास नहीं हुआ, तो पूरी सभ्यता का नाश हो जाएगा। कार्यक्रम को आईएमएस समन्वयक डॉ नीलू सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ किशोर सुरीन, डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ सुजाता टेटे, डॉ अमित शेखर तिर्की, डॉ सोनी कुमारी, डॉ नलिन त्रिपाठी, डॉ मनीषा, डॉ पूजा, रणधीर कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन निकिता और मधु ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आईएमएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शिल्पी आभा खलखो ने किया। कार्यक्रम के उपरांत आईएमएस परिसर में तंबाकू निषेध की शपथ निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने दिलाई। उसके पश्चात जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स दीपक, राहुल, अभिषेक, बेन, अमित, शिवानी, बबलू, अभिलाषा आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# डिग्री, माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था हो : अभिषेक

*छात्र आजसू ने रांची विवि के कुलपति को विद्यार्थियों की समस्याओं से कराया अवगत*

*कुलपति ने किया आश्वस्त, जल्द ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संघ की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की परेशानियों से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र सौंपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को फॉर्म भरते समय विभिन्न विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्र-छात्राएं सर्वर खराब होने की वजह से फॉर्म नहीं भर पाते हैं। पेमेंट होने के 48 घंटे बाद भी पेमेंट प्रॉसेस पेंडिंग रहता है। इस वजह से कई छात्र-छात्राएं दोबारा पेमेंट करते हैं और उनका दोनों पेमेंट सफल हो जाता है और फिर उन्हें पैसे वापस लेने के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं, फॉर्म भरने के लिए विश्वविद्यालय की आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ द्वारा यूपीआई मोड की व्यवस्था नहीं है। एक्जाम फीस की राशि भुगतान के लिए यूपीआई मोड से भुगतान की सुविधा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाए।

यूजी और पीजी में री-एडमिशन लेने के लिए छात्र-छात्राएं अब भी रांची विश्वविद्यालय के बैंक काउंटर या महाविद्यालय के बैंक काउंटर पर घंटों लाइन लगाकर खड़े रहने के लिए मजबूर होते हैं। री-एडमिशन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन व्यवस्था की जाए। वहीं, छात्र-छात्राओं को माइग्रेशन, डिग्री, प्रोविजनल, डीएलसी, सीएलसी निकालने के लिए विश्वविद्यालय का कई दिनों तक चक्कर काटना पड़ता है। डीएलसी, सीएलसी, माइग्रेशन, प्रोविजनल डिग्री अप्लाई करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन व्यवस्था की जाए।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही इन सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में अकाश नयन, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, रोशन नायक, शशि अंकित कुमार, आदित्य कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# दिनचर्या में 4 बदलाव से रोका जा सकता है तंबाकू से होने वाला कैंसर : डॉ राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिम्स के निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि तंबाकू से होने वाले 60 प्रतिशत कैंसर को रोका जा सकता है। इसके लिए दिनचर्या में चार महत्वपूर्ण बदलाव लाने की आवश्यकता है। दिनचर्या में जिन चार बदलावों को लाने की जरूरत है, उनमें पहला नियमित व्यायाम, दूसरा अच्छा खानपान, तीसरा वजन प्रबंधन और चौथा तंबाकू के सेवन से बचना शामिल है।

निदेशक ने कहा कि युवा पीढ़ी को तंबाकू और शराब जैसी बुराइयों की ओर आकर्षित करना इसलिए आसान है, क्योंकि बुराइयां चुंबक की तरह होती हैं। इसकी तरफ जल्द आकर्षण हो जाता है, जबकि अच्छी चीजों से विकर्षण होता है। खराब चीजें जल्दी परिणाम देती हैं। अच्छी चीजों के परिणाम में समय लगता है, लेकिन जब यह परिणाम आता है तो वह बहुत ही सुखद होता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू कंपनियां अपनी आय को बनाए रखने के लिए युवा पीढ़ी को इस ओर लगातार धकेल रही हैं। इसलिए जरूरी है कि आज की पीढ़ी रास्ता सही से चुने। साथ ही, किस रास्ते पर जाना है, इसका चिंतन भी करे। राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवा के निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही ने कहा कि बच्चे क्षणिक आनंद वाली चीजों में उलझ जाते हैं, जिससे कार्डियोवैस्कुलर और कैंसर जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उसकी भयावहता को समझने की जरूरत है।

**युवा पीढ़ी चिंतन कर सही रास्ता चुने**




| दिनचर्या के चार आवश्यक बदलाव |
|---|
| 1. नियमित व्यायाम |
| 2. अच्छा खानपान |
| 3. वजन प्रबंधन |
| 4. तंबाकू के सेवन से बचना |

रिम्स के डीन प्रो (डॉ) विद्यापति, ने कहा कि तंबाकू मुंह के कैंसर का मुख्य कारण है। बिहार, झारखंड में लोग खैनी का सेवन बिना रोक-टोक के करते हैं। क्योंकि, उसमें सिगेरट के पैकेट की तरह कोई चेतावनी भी नहीं होती है। और, जब मुंह का कैंसर हो जाता है, तब उन्हें खैनी जैसे तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी मिलती है। इसलिए जरूरी है कि न सिर्फ शहरी क्षेत्रों, बल्कि गांव और देहातों में भी लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय में जागरूक किया जाए। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि नई पीढ़ी तंबाकू कंपनियों के लिए आसान टारगेट है। इसलिए तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाओं के विषय में जानकारी देना और नियमों का सही से कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है। रिम्स के ओरल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) नरेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि सरोगेट विज्ञापन पर रोक लगनी चाहिए। अभिनेता, खिलाड़ी और अन्य जिन्हें प्रेरणास्त्रोत माना जाता है, उन्हें इस तरह के उत्पादों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए और इनकी निंदा करनी चाहिए।

## रांची पुलिस की सार्थक पहल

# एसी हेलमेट लगाकर ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात रहेंगे जवान

*फीडबैक अच्छी रही तो सभी पुलिसकर्मियों को हेलमेट दिया जाएगा : ट्रैफिक एसपी*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं। अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार जा चुका है। पलामू का डालटनगंज (मेदिनीनगर) राज्य का सबसे गर्म जगह बना हुआ है। प्रचंड गर्मी के बीच यदि सबसे ज्यादा कोई आहत होता है, तो वह ट्रैफिक पुलिसकर्मी होता है। कड़ी धूप में भी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सड़क पर ड्यूटी करनी पड़ती है। ऐसे में रांची पुलिस ने एक पहल की है। अब ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए एसी हेलमेट मंगवाया गया है, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी अब एसी हेलमेट पहनकर ड्यूटी करेंगे। फिलहाल यह ट्रायल फेज में है। यदि इसके नतीजे सही आए, तो सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए एसी हेलमेट खरीदे जाएंगे। इस संबंध में रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि एक हेलमेट की कीमत करीब बीस हजार रुपये है। इसलिए फिलहाल दो ही हेलमेट मंगाया गया है। यदि हेलमेट का फीडबैक अच्छा रहा, तो सभी पुलिसकर्मियों को हेलमेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिलचिलाती धूप में ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन ग्लूकोज दिया जा रहा है। इसके अलावा, अन्य चीजें भी दी जा रही हैं, ताकि कोई भी पुलिसकर्मी बीमार नहीं पड़े।



## जेसीआई यूथ रांची ने तंबाकू निषेध दिवस पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जेसीआई यूथ रांची ने शुक्रवार को सर्जना चौक मेन रोड में तंबाकू के दुष्परिणामों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में जेसीआई यूथ की अध्यक्ष ने बताया कि तंबाकू की लत से परेशान लोगों की संख्या बढ़ रही है। तंबाकू से कैंसर सहित गंभीर बीमारियां होती हैं। तंबाकू नुकसानदेह है, इसके बावजूद धूम्रपान करन`वालों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्रों और लोगों ने हिस्सा लेकर 'तंबाकू सेवन ना करेंगे और ना ही किसी को करने के लिया प्रोत्साहित करेंगे' की शपथ ली। उन्होंने बताया कि तंबाकू सार्वजनिक स्वास्थ्य में सबसे बड़े खतरे के रूप में सामने आ रहा है। दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगो की मौत का कारण तंबाकू उत्पादों का किसी न किसी रूप में सेवन करना है। इस मौके पर सोनल अग्रवाल, मोनिका गोयनका गुणीत सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# पीआईबी एवं सीबीसी ने किया त्रैमासिक हिंदी बैठक व कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), रांची ने शुक्रवार को त्रैमासिक हिंदी बैठक एवं कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन किया। इसका आयोजन सीबीसी, रांची के कार्यालय कक्ष में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यालयों में हिंदी में परिचर्चा का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे कर्मियों को भाषाई शुद्धता के साथ-साथ हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा भी मिलेगी। इस बैठक से हिंदी में कैसे शुद्धता के साथ अधिक से अधिक काम हो और सरल हिंदी का कार्यालय में प्रयोग किया जा सके, इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी।

आमंत्रित अतिथि के रूप में रांची से प्रकाशित सन्मार्ग दैनिक के स्थानीय संपादक ज्ञान रंजन कुमार ने कहा कि हिंदी के विकास के लिए सर्वप्रथम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए, क्योंकि देश में दो तिहाई से अधिक लोग हिंदीभाषी हैं। तकनीक के युग में हिंदी का प्रयोग काफी सरल हो गया है, सोशल मीडिया हो या ऑनलाइन कोई भी माध्यम आप हिंदी में आसानी से शुद्धता के साथ काम कर सकते हैं। ज्ञान रंजन कुमार ने कहा कि सरकारी आदेशों एवं निर्देशों में काफी कठिन हिंदी का प्रयोग किया जाता है, इसके सरलीकरण की आवश्यकता है।




आमंत्रित अतिथि के रूप में प्रभात खबर की वरीय संवाददाता लता रानी ने कहा कि हिंदी भाषा के विस्तार के लिए जरूरी है कि सरल और आसानी से समझ आने वाले शब्दों को उपयोग किया जाए। आपकी भाषा तभी समृद्ध होती है, जब एक आम आदमी भी उसे आसानी से समझ जाए।

पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने कहा कि कालजयी साहित्यकारों ने हिंदी भाषा को काफी समृद्ध किया है।

## सीसीएल | सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

# आप के कारण ही कंपनी का भविष्य सकारात्मक : पीके मिश्रा

*सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे सात कर्मियों को 'सम्मान सह विदाई समारोह' का आयोजन कर शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। सीसीएल की ओर से समारोह का आयोजन कर जिन सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई है, उनमें महेंद्र कुमार पंजाबी, महाप्रबंधक (खनन), भूगर्भ विभाग, अनिल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (वित्त), वित्त विभाग, सुनील कुमार, मुख्य प्रबंधक (ईएंडएम), सेफ्टी विभाग, डॉ अरबिंद कुमार, सीएमओ, मुख्यालय डिस्पेंसरी, संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य भंडारपाल- ए-1, ई एंड एम विभाग, सौमेन रॉय, कार्यालय अधीक्षक, मेडिकल विभाग एवं मनोज कुमारी, मैट्रन-ए-1 शामिल हैं। सीसीएल से कुल 81 कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए हैं, जिसमें 8 अधिकारी एवं 73 गैर-अधिकारी हैं।




इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना) सतीश कुमार झा एवं सीवीओ पंकज कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने कहा, आप सभी की समर्पित भावना के कारण ही कंपनी का विकास एवं भविष्य सकारात्मक है। उन्होंने कहा, आप सभी के लिए आज एक यादगार दिन है और कंपनी से जब भी आपको कोई जरूरत पड़े, तो कंपनी एवं मैनेजमेंट आपके साथ होंगे।

निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा, आप सभी अपने-अपने स्वास्थ्य एवं वित्तीय अनुशासन पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि आप दूसरे पर निर्भर न रहें। वर्षों से आपका समर्पण, कड़ी मेहनत और कंपनी के प्रति समर्पित भावना से कंपनी को लाभ मिला है, जिसके कारण सीसीएल अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की उपलब्धि के बारे में बात की और कहा कि आपकी दूसरी पाली सुखमय हो एवं आप हमेशा स्वस्थ रहें। निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना) सतीश कुमार झा ने कहा, आप अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ समय बिताएं और बच्चों का भविष्य निर्माण करने में योगदान दें।

## पदस्थापित इंस्पेक्टरों के 31 बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज करने के निर्देश

**रांची।** जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टरों के 31 बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज करने का निर्देश जारी किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यह आदेश जारी किया है। सभी बॉडीगार्ड को पुलिस लाइन में योगदान देने को कहा गया है। अब नए सिरे से उनका पदस्थापन विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी बॉडीगार्ड 24 घंटे के भीतर पुलिस लाइन में योगदान देना सुनिश्चित करें। आदेश जारी होने के बाद कई थानों में पदस्थापित बॉडीगार्ड ने पुलिस लाइन में अपना योगदान भी दे दिया है। बताया जा रहा है कि रांची के एक्सट्रीम बार में हुई गोलीबारी और डीजे संदीप की हत्या के बाद पता चला कि चुटिया थाना प्रभारी ने बॉडीगार्ड को ही मामले की जांच के लिए भेजा था।

# न्यूज बॉक्स

## नेशनल किक बॉक्सिंग के स्वर्ण पदक विजेता आयुष को वाईएमसीए स्कूल ने किया सम्मानित



**रांची।** नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के चार खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए थे। 69+ किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर आयुष कुमार ने रांची सहित झारखंड का मान बढ़ाया था। इस उपलब्धि पर वाईएमसीए पब्लिक स्कूल धुर्वा की प्राचार्या सुषमा रोजी टोप्पो ने आयुष के घर जाकर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन पुणे के बालवाड़ी शिवाजी स्टेडियम में विगत 23-26 मई को हुआ था। इस प्रतियोगिता में झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के 32 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

## एचईसी सप्लाई कर्मियों का प्रदर्शन 3 जून को

**रांची।** एचईसी बचाव मजदूर जनसंघर्ष समिति की ओर से तीन जून को एचईसी मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के मनोज पाठक ने शुक्रवार को बताया कि 18-19 माह के वेतन सहित अन्य मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर नया सराय, हटिया, सीटीओ में लोगों से जनसंपर्क चलाकर प्रदर्शन में हिस्सा लेने का आह्वान किया जा रहा है।

## रांची में दिनदहाड़े महिला से सोने की चेन अंगूठी, बैग और मोबाइल की छिनतई

**रांची ।** शहर के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक के समीप शुक्रवार को दो अपराधियों ने एक महिला से सोने की चेन, बैग, मोबाइल और सोने की अंगूठी छिन ली और फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित महिला अपराजिता चौधरी ने थाने में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार महिला डाकघर से वापस हटिया संडे बाजार स्थित घर जा रही थी। इसी दौरान दो अपराधी वहां पहुंचे। एक अपराधी डॉक्टर का पता पूछने के बहाने महिला के समीप आया और उसके मुंह पर पानी का छींटा मारा। इससे महिला को चक्कर आने लगा। इसी दौरान दोनों अपराधियों ने महिला का बैग, गले की 10 ग्राम की सोने की चेन, चार ग्राम की सोने की अगूंठी, नकद 1500 रुपये, एक मोबाइल, सुकन्या अकाउंट का पासबुक छीनकर फरार हो गए। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।



## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सेवा सदन में लगाया रक्तदान शिविर



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया। इस अवसर पर मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की अध्यक्ष मधु सर्राफ ने ब्लड बैंक की हेड डॉ शिखा प्रिया को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, शाखा सचिव उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, संगीता गोयल, स्वर्णलता जैन, प्रीति अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, उषा सोंथालिया, सीमा पोद्दार, रेनू राजगढ़िया, मुक्ति अग्रवाल, प्रीति फोगला ने पूर्ण सहयोग दिया। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

## नर्सिंग के छात्रों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का किया घेराव

**रांची ।** सभी यूनिवर्सिटी की अपनी परिस्थितियों होती है। रांची यूनिवर्सिटी की भी कुछ ऐसी ही अपनी परिस्थितियों रही है जिसका खामियाजा नर्शिंग के छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। रांची विश्वविद्यालय के नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के कार्यालय का घेराव किया। छात्र नेता कुमार रौशन के नेतृत्व में नर्सिंग के सत्र 2022-26 एवं पोस्ट बेसिक के सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों ने विलंब से चल रहे सत्र के मुद्दे पर कुलपति के कार्यालय के बाहर अपनी मांग को लेकर खड़े रहे। हालांकि, कुलपति की ओर से अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। विद्यार्थियों की मांग थी कि जल्द से जल्द परीक्षा कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को परेशानी नहीं हो।

## बीआईटी मेसरा में पहनने योग्य आईओटी उपकरणों पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची ।**बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग ने 30 और 31 मई को कार्यशाला का आयोजन किया था। कार्यशाला डीएसटी एसईआरबी द्वारा प्रायोजित थी। कार्यशाला का विषय 'पहनने योग्य आईओटी उपकरणों में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कंपैटिबिलिटी' था। कार्यशाला का उद्देश्य इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस के निहितार्थों और महत्त्व को समझना तथा इसके बारे में जागरूक करना था। गैजेट्स और पहनने योग्य उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बाद इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस एक महत्वपूर्ण समस्या बन गई है। कार्यशाला में समस्याओं और डिजाइन के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्रो निशा गुप्ता और डॉ इतु स्निग्ध ने किया था। प्रो सी जगन्नाथन (डीन, रिसर्च इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप) और प्रो एसएस सोलंकी (डीन, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज) ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। कार्यशाला के पहले दिन प्रो निशा गुप्ता ने 'पहनने योग्य आईओटी उपकरणों में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कंपैटिबिलिटी' विषय पर विचार-विमर्श किया। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार महतो ने पहनने योग्य आईओटी उपकरणों के लिए एंटीना डिजाइन पर चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे दिन, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रीयल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर के स्कूल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर और अनुसंधान संकाय, डॉ भार्गव अप्पासानी और बीआईटी मेसरा की डॉ इतु स्निग्ध ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। उन्होंने क्रमशः 'पहनने योग्य आईओटी उपकरणों के लिए एएमसी का अनुकूलन' और 'ईएमसी निदान के लिए सॉफ्टवेयर दृष्टिकोण' पर अपने व्याख्यान दिए।






# 4 जून के बाद राज्य में होगा सत्ता संघर्ष : वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रभारी एवम राज्य सभा में मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत का दावा करते हुए राज्य के इंडी एलायंस सरकार पर बड़ा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि कहा कि 4जून के बाद देश में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी, भाजपा कभी भी झारखंड को लूट और घुसपैठ की भूमि नहीं बनने देगी। घुसपैठियों को चुन चुन कर बाहर किया जाएगा। झारखंड की भ्रष्ट,निकम्मी और लूट में शामिल राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू होगी। इंडी ठगबंधन में कुर्सी की लड़ाई सामने आएगी। हेमंत सोरेन जेल में हैं,चंपई सोरेन सत्ता में हैं और कल्पना सोरेन सत्ता के रास्ते में हैं। इसी संघर्ष के बीच राज्य में विकास के लिए समर्पित मजबूत और ईमानदार एन डी ए सरकार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



**हेमंत जेल में,चंपई सत्ता में व कल्पना सत्ता के रास्ते में**

### संथाल समाज कांग्रेस - झामुमो से मुक्ति के लिए तैयार

डॉ वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में दो क्रांति महत्वपूर्ण है, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान एवम अमर शहीद सिदो कान्हु का हुल शामिल है।प्रदेश प्रभारी कहा कि जून महीना संथाल हुल क्रांति का महीना है।संथाल समाज कांग्रेस झामुमो मुक्त झारखंड के लिए हुल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 1जून को वोट के माध्यम से जो हुल संथाल की धरती से होगा वह भ्रष्टाचार , लूट ,लव जिहाद,लैंड जिहाद,घुसपैठ,तुष्टिकरण के खिलाफ होगा। कहा कि जनता कांग्रेस झामुमो सरकार की नियत और नीति को परख चुकी है।जनता समझ गई है कि झामुमो कांग्रेस को सत्ता केवल लूटने और कमाने केलिए चाहिए जबकि भाजपा विकास केलिए संकल्पित और समर्पित है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।

### इंडी नेता चोरी और सीनाजोरी दोनों कर रहे

भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है। खान खनिज,पत्थर कोयला बालू की लूट हो रही है। केवल साहेबगंज जिला में एक हजार करोड़ से अधिक के घोटाले उजागर हुए हैं ये सबको पता है। आज भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में है। सरकार के मंत्री आलमगीर आलम जेल में हैं। कई आइएएस अधिकारी जेल में हैं। और कई जाने की कतार में खड़े दिखाई दे रहे। भ्रष्टाचार को भी जाति धर्म समुदाय से जोड़कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे।जबकि जनता इनकी चालाकी खूब समझ रही है। आज की प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवम प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### इंडी नेताओं ने संताल को घुसपैठियों के हाथों गिरवी रख दिया

वाजपेयी ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से संथाल समाज के अस्तित्व पर संकट के बादल छाए हुए हैं।बांग्लादेशी घुसपैठियों से केवल डेमोग्राफी नहीं बदली, बल्कि जमीन और जमीर दोनों की लूट हुई।विशिष्ट संस्कृति ही संथाल समाज की पहचान जिसे समाप्त करने की कोशिश राज्य सरकार के संरक्षण में हो रहा है।झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन वोट बैंक के कारण संथाल की अस्मिता और पहचान को मिटा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अपनी सत्ता को बचाने के लिए इंडी ठगबंधन ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हाथों गिरवी रख दी है।

## खूंटी डीसी ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की, दिए दिशा-निर्देश

**खूंटी** । निवार्ची पदाधिकारी, खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिरसा कॉलेज, खूटी में मतगणना की तैयारियों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतगणना को लेकर की जानेवाली तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी गईं। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना के दिन चार जून को प्रातः छह बजे समाहरणालय स्थित पोस्टल बैलेट वज्रगृह और प्रातः सात बजे बिरसा कॉलेज स्थित वज्रगृह को खोला जाएगा। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष के भीतर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

## न्यूज बॉक्स

### 2004 की पुनरावृति होगी 2024 में, इंडी की बनेगी सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची** । झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि 2004 की पुनरावृति 2024 में होने जा रही है,जिसका देश के सभी लोगों को इंतजार है, वह 4 जून को पूरा होने जा रहा है। इस बार इंडिया के लिए, इंडिया के लोगों ने, इंडिया सरकार के लिए मतदान किया है।झामुमो नेता ने संताल के सभी आदिवासी,मूलवासी,किसान,मजदूर से भारी संख्या में 1 जून को मतदान करने की अपील की है। झाममो प्रवक्ता शुक्रवार को हरमू प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि 82 दिन तक मतदान का दौर अब तक सबसे लंबा दौर रहा है, जिसमें भाजपा और केंद्र सरकार ने निजी स्वार्थ के लिए ना सिर्फ समाज बांटा,बल्कि परिवार तक को बांट दिया। राजनीतिक दुश्मनी साधने के लिए कमर के नीचे तक आघात किया है, इस दौरान चुनाव आयोग भी मूक दर्शक बना रहा, इन सबका माकूल जवाब 4 जून को मिलेगा।

### हेमंत और आलमगीर के जेल जाने से संताल के लोगों में आक्रोश : कांग्रेस




**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को दावा किया कि एक जून को झारखंड की लोकसभा की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव में जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ है। तीनों सीटों इंडी गठबंधन जीतेगा। उन्होंने कहा कि शांति और अहिंसा के मार्गदर्शक बापू के अस्तित्व को नकारने वाले भाजपा का घमंड जनता अंतिम चरण के चुनाव में तोड़ेगी और संथाल परगना इलाके से भाजपा का सुपड़ा साफ करेगी। शांति ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह साजिश के तहत इंडी गंठबंधन के दो कद्दावर नेताओं हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम को जेल भेजा है उससे संथाल के लोगों में भारी आक्रोश है। यह आक्रोश संथाल के क्षेत्र में मतदान के रूप में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की 11 सीटों पर जनता ने फैसला सुना दिया है। बाकी तीन सीटों को इंडी गठबंधन की झोली में डालकर झारखंड की जनता चुनाव में इतिहास रचेगी। शांति ने कहा कि चुनाव के हर चरण में भाजपा के बदले रूप को देखकर लोग हैरान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में यूसीसी लागू करना चाहती है। इसका व्यापक प्रभाव आदिवासी समुदाय सहित विभिन्न समुदायों एवं वर्गों पर पड़ेगा।

### बोकारो में मतदान के बाद पोस्टल बैलेट से हुआ मतदान, भाजपा ने उठाया सवाल



**रांची** । भाजपा न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर बोकारो उपायुक्त को मतगणना यानी चार जून से पहले हटाने के लिए चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि गिरिडीह लोक सभा में चुनाव 25 मई को शाम 5 बजे समाप्त हो गया। चुनाव समाप्ति के दो दिन बाद यानी 27 मई सोमवार को बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर बोकारो बेरमो के वैसे मतदाता जो बोकारो के सुविधा केंद्रों पर प्रपत्र 12 के आलोक में मतदान नहीं कर पाए उनके लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था कराई। जिसके लिए बोकारो से दो मतदान पदाधिकारी, को ओर्डिनेटर व डीएमटी श्रवण कुमार झा को नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर सत्यापन पदाधिकारी सह सुविधा केंद्र के नोडल पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार के अगुवाई में मतदान कराया गया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से पूछा है कि अगर मतदान 25 मई को समाप्त हो गया, तो 27 मई को कैसे पोस्टल वैलेट से मतदान हुआ? मतदान होने और स्ट्रांग रूम सील होने के बाद यह पोस्टल वैलेट कैसे जुड़ेगा। स्ट्रांग रूम को कौन खोल कर उसमें पोस्टल वैलेट डालेगा। उपरोक्त पोस्टल बैलेट में कितने गिरिडीह लोक सभा के थे और कितने बाहर के वोट, यह कैसे पता चलेगा। बोकारो उपायुक्त ने यह कार्य किसके आदेश पर किया। किस राजीनीतिक पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए बोकारो उपायुक्त ने यह कार्य किया।

### हस्ताक्षर अभियान के साथ एनटीपीसी मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन




**रांची** । कर्मचारियों और सहयोगियों के बीच स्वच्छता के लिए हस्ताक्षर अभियान के साथ एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का समापन हो गया। हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) अनिमेष जैन एवं सीईओ (एनएमएल) ने किया। अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यालय परिसर और देश को स्वच्छ रखने की शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। अभियान में राम बाबू प्रसाद, एसोसिएट (खनन), नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक (एसएससी-सीएंडएम), रजनीश रस्तोगी, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) और कर्मचारी शामिल थे। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रांची रेलवे स्टेशन, सरकारी हाई स्कूल में सफाई अभियान, गृहणियों और कार्यालय कैंटीन कर्मचारियों के लिए रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशालाएं, सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, स्ट्रीट वेंडरों को डस्टबिन और हैंड सैनिटाइजर का वितरण आदि किया गया, जिसमें कर्मचारियों और सहयोगियों का योगदान रहा।

## गोड्डा और राजमहल में त्रिकोणीय तो दुमका में भाजपा-झामुमो में मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए शनिवार को मतदान होंगे। राज्य की तीन लोकसभा सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल सीटों पर वोटिंग होगी। आखिरी चरण में झारखंड के तीन सीटों से 52 प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। तीनों लोकसभा सीटों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर चुनाव आयोग और पुलिस-प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। आखिरी चरण में दुमका और गोड्डा लोकसभा सीट से 19-19 प्रत्याशी और राजमहल लोकसभा सीट से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गोड्डा और राजमहल में त्रिकोणीय मुकाबला है। गोड्डा में भाजपा से सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस से विधायक प्रदीप यादव आमने-सामने हैं। अभिषेक आनंद झा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर खड़े होकर यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।



संताल परगना प्रमंडल का यह इलाका पिछले कई दशकों से झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ रहा है। दुमका लोकसभा सीट से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन आठ बार चुनाव जीत चुके हैं लेकिन वर्ष 2019 के चुनाव में शिबू सोरेन को भाजपा के सुनील सोरेन ने पराजित किया था। इस बार शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को भाजपा ने दुमका से उम्मीदवार बनाया है जबकि जेएमएम ने शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। राजमहल लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 में जेएमएम के विजय हांसदा विजयी रहे और वो इस बार हैट्रिक बनाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। विजय हांसदा को रोकने के लिए बीजेपी ने ताला मरांडी को उम्मीदवार बनाया है। गोड्डा में बीजेपी के निशिकांत दुबे ने 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की और वे चौथी बार जीत हासिल करने के लिए मैदान में हैं।


### विधायक सरयू राय ने प्रवर्तन निदेशालय को लिखा पत्र

## स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के विरूद्ध कागजात सहित एक आरोप पत्र प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को भेजा है और मांग किया है कि बन्ना गुप्ता के धन शोधन एवं आय से अधिक सम्पति की जांच कराई जाए। आरोप पत्र में उल्लेखित 10 बिन्दुओं के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के भ्रष्ट आचरण के कारण सरकारी खजाने पर भारी चपत पड़ा है। एंबुलेंस और अस्पतालों के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद में अनियमितता बरतना, अनधिकृत रूप से चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला करना तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित अस्पतालों के साथ सांठ-गांठ के लिए निःशुल्क सहयोग करने वाले परामर्शी की बहाली करना आदि आरोपों का जिक्र प्रवर्तन निदेशालय को प्रेषित आरोप पत्र में है। राय ने कहा कि यदि इन आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है तो काफी अवैध धन का खुलासा होगा और आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग में हुई अनियमितताएं सामने आएगी। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पद का दुरूपयोग कर की गई अनियमितताओं के माध्यम से बन्ना गुप्ता द्वारा किये गये धन शोधन का भी खुलासा हो सकता है।

### सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री पर नहीं की कार्रवाई



सरयू राय ने अपने पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का अनुचित लाभ स्वयं एवं अपने मंत्री कोषांग में कार्यरत कर्मियों के नाम पर लेने का प्रयास बन्ना गुप्ता द्वारा किये जाने की सप्रमाण तत्कालीन मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के संबंधित संचिका के प्रासंगिक पृष्ठ संलग्न करते हुए समुचित कार्रवाई हेतु दिनांक 13 अप्रैल 2022 को पत्र लिखा, जो अखबारों में भी छपा। परन्तु मुख्यमंत्री ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश से स्वास्थ्य विभाग ने विभागीय संचिका के प्रासंगिक पृष्ठों को सार्वजनिक करने के आरोप में ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के अंतर्गत डोरण्डा थाना, रांची में एक प्राथमिकी संख्या 105/22, दिनांक 2 मई 2022 दर्ज करा दिया । अज्ञात के विरूद्ध दर्ज इस प्राथमिकी में उनका नाम नहीं था।

### मुझे प्रताड़ित कर रही राज्य सरकार

हटिया के डीएसपी ने ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट्स के अंतर्गत मेरे विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये आरोपों को सत्य करार दिया और कार्रवाई के लिए राँची के पुलिस अधीक्षक (नगर) के पास जाँच प्रतिवेदन भेज दिया। इसकी जानकारी मिलने पर मैंने राज्य के पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सरकार से इस मामले की जांच किसी वरीय पुलिस पदाधिकारी से कराने के लिए दिनांक 18.05.2024 को पत्र के माध्यम से निवेदन किया है। विडम्बना है कि स्वास्थ्य मंत्री, झारखण्ड के भ्रष्ट आचरण और धन शोधन के इस मामले में राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं किया।

### विवादित है हटिया के डीएसपी

सरयू राय ने हटिया के डीएसपी प्रमोद कुमार के संबंध में ईडी को कहा है कि ये वही पुलिस अधिकारी है, जिन्होंने साहेबगंज के चर्चित बरहरवा टोल प्लाजा कांड में अनुसंधान किये बिना मात्र 24 घंटे के भीतर झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं उनके सहयोगियों को क्लीन चिट दे दिया था। इन्होंने ही साहेबगंज की महिला दारोगा ह्यरूपा तिर्की कांड में भी अनुचित हस्तक्षेप एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किया था। उल्लेखनीय है कि इन दोनों कांडों की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इनसे पूछताछ भी की गई है।

## झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरीं कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के 31 जनवरी को जेल जाने के बाद सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाली उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा में फिलहाल किसी ओहदे पर नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान वह न सिर्फ अपनी पार्टी, बल्कि इंडिया गठबंधन की ओर से राज्य में सबसे बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में उभरकर सामने आईं। कल्पना सोरेन के मीडिया एडवाइजर और झामुमो के प्रवक्ता डॉ तनुज खत्री के मुताबिक, चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने 353 छोटी-बड़ी सभाएं कीं। राज्य के लोकसभा क्षेत्रों में उन्होंने कुल 51 बड़ी रैलियों में भाग लिया। इसके अलावा दिल्ली और मुंबई में इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित साझा रैलियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रतिनिधित्व किया। रांची में 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की ओर से साझा तौर पर बड़ी रैली हुई और इसके बाद वह राज्य में गठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा बन गईं। कल्पना सोरेन गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में प्रत्याशी रहीं और इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र में छोटी-बड़ी 300 सभाएं और बैठकें कीं। कल्पना सोरेन की राजनीति में औपचारिक तौर पर एंट्री चार मार्च को गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर आयोजित रैली के साथ हुई। इसके 12 दिनों के बाद जब लोकसभा चुनाव और झारखंड में गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान हुआ, तो उन्होंने पार्टी और गठबंधन की ओर से प्रचार अभियान का मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं और एक तरह से ढाई महीने के भीतर राज्य का चप्पा-चप्पा छान डाला। पार्टी की ओर से उन्हें हेलीकॉप्टर मुहैया कराया गया, जिससे वह एक दिन में तीन-चार रैलियों में शामिल होती रहीं। झामुमो के प्रवक्ता डॉ तनुज खत्री ने कहा, कल्पना जी को चुनावी रैलियों, जनसभाओं और जनसंपर्क के दौरान हर तबके के लोगों का जिस तरह का समर्थन मिला, वह अकल्पनीय है। उनकी हर सभा में भीड़ मंच तक पहुंचती रही। उन्हें सुनने के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे।

## दुमका में मतदान के लिए डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**जामताड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जामताड़ा आउटडोर स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय की उपस्थिति में शुक्रवार को रवाना किया गया। डिस्पैच सेंटर में डीसी पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। ईवीएम-वीवीपैट सामग्री लेने के लिए डिस्पैच सेंटर में सुबह से ही सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान कर्मियों, पुलिस पदाधिकारी, जवान आदि पहुंच रहे थे। कर्मियों ने अपनेझअपने क्षेत्र के लिए बने पंडालों में मतदान केंद्रों पर लगाएं गए। टेबल पर बैठ कर ईवीएम-वीवीपैट एवं सामग्री का मिलान किया। सातवें और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को होना है। अंतिम चरण में राज्य की तीन सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में वोटिंग होगी।



मतदान के लिए कुल 698 मतदान दलों को रवाना किया गया। जामताड़ा जिले के कुल पांच लाख 61 हजार 116 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर प्रशासनिक स्तर से तैयारियां पूर्ण कर की गई है। डीसी ने पोलिंग पार्टियों व चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि सभी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करें।

## झारखंड में पीएम मोदी की चुनावी सक्रियता कांग्रेस पर रही भारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए ने 14 में से 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2024 के चुनाव में भाजपा ने सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा और इसके लिए पार्टी की टॉप लीडरशिप ने प्रचार अभियान के दौरान पूरी ताकत झोंक दी। पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण के अलावा एमपी के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कुल मिलाकर झारखंड में 50 से ज्यादा रैलियां, जनसभाएं और रोड शो किए। झारखंड के नेताओं में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सबसे ज्यादा करीब 300 रैली, जनसभा और चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की। झारखंड नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी 150 से ज्यादा कार्यक्रमों में पसीना बहाया। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न होने के बाद दूसरे लोकसभा क्षेत्रों में दर्जनों सभाएं की। खुद पीएम मोदी ने प्रचार अभियान में झारखंड को कितनी अहमियत दी, इसका पता इसी बात से चल जाता है कि उन्होंने यहां कुल सात रैलियां की। इसके अलावा उन्होंने रांची में रोड शो और एक रात का प्रवास भी किया। हिसाब लगाएं तो उन्होंने अकेले प्रचार के दौरान यहां जितना वक्त गुजारा और जितने कार्यक्रम किए, उतना कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मिलकर भी नहीं कर पाए। मल्लिकार्जुन खरगे ने चार रैलियां की, जबकि राहुल और प्रियंका दोनों की दो-दो रैलियां हुईं। अमित शाह चुनाव प्रचार के दौरान तीन बार झारखंड आए। उन्होंने तीन रैलियां की और एक रोड शो में भाग लिया। राजनाथ सिंह की छह चुनावी रैलियां हुईं। जबकि, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दो रैलियां की। रैलियों और जनसभाओं में भाजपा के तमाम नेताओं ने झारखंड में कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 350 करोड़ और कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के यहां से 37 करोड़ कैश की बरामदगी की घटनाओं को लेकर 'इंडिया' गठबंधन को निशाना बनाया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को जब 'इंडिया' गठबंधन अपने पक्ष में सहानुभूति कार्ड के रूप में खेलने की कोशिश कर रहा था, तब भाजपा के नेताओं ने सोरेन की छवि 'भ्रष्टाचार का नायक' के रूप में पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। झारखंड के संथाल परगना इलाके में घुसपैठ का मुद्दा भी भाजपा ने बेहद प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा आदिवासी कल्याण के लिए मोदी सरकार के कामकाज, राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन, मुफ्त अनाज योजना, आयुष्मान, पीएम जन मन, उज्ज्वला, हर घर नल से जल जैसी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की भरपूर कोशिश हुई।



*अमित शाह चुनाव प्रचार के दौरान तीन बार झारखंड आए। उन्होंने तीन रैलियां की और एक रोड शो किया।*

**पीएम ने राज्य में सात रैलियां व एक रोड शो किया, खरगे ने चार, राहुल-प्रियंका ने दो-दो रैली किये**



*पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में करीब 300 रैली किया।*

## एक नजर

### रेलीगढ़ा कोलियरी में मां काली की पांच दिवसीय यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा कोलियरी परियोजना स्थित काली मंदिर में मां काली की पांच दिवसीय वार्षिक यज्ञ को लेकर शुक्रवार को सुबह में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 101 महिलाएं कलश लेकर साधु कुटिया स्थित दामोदर नद और मरनगढ़ा नदी के संगम स्थल पहुंची। जहां से विधिवत कलश में जल भरकर वापस कोलियरी के काली मंदिर पहुंच कर कलश की स्थापना की। पंडित आरके मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, सुकेश दुबे ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर में कलश की स्थापना कराए। रेलीगढ़ा कोलियरी मैनेजर कैलाश कुमार, दीपा देवी, राजामराम सिंह, दिव्यंती देवी, संजय कुमार और कृति देवी यजमान बने। पंडित आरके मिश्रा ने बताया 4 जून को भंडारा के साथ इस पांच दिवसीय वार्षिक यज्ञ का समापन होगा। कलश यात्रा में शामिल लोगों के जय मां काली के उद्घोष कर रहे थे।

### 1608 मतदाता करेंगे 19 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था के सत्र 2024-26 के 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 19 सदस्य चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिनके भाग्य का फैसला 1608 मतदाता करेंगे। जिसे लेकर सभी प्रत्याशी डोट-टू-डोर चुनाव प्रचार में जुटे हैं। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गर्मी अत्यधिक होने के कारण अधिकांश प्रत्याशी सुबह 6-10 बजे तक तथा शाम को 6-10 बजे से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। चुनाव मैदान में पतपत्र के अनुसार अरविंद गोयल, आयुष अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, बिमल बुधिया, हरिश कुमार, महावीर प्रसाद खंडेलवाल, मनोज बंसल, मनोज मित्तल, मुरारी लाल अग्रवाल, नरेश कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा, प्रवीण कुमार अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, सावरमल अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, सुनील गोयल, उमेश राजगढ़िया, विकास शाह एवं विनोद कुमार पंकज है।

### रामगढ़ महाविद्यालय को मिली सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय को झारखंड आईएएस अफसर वाइफ एसोसिएशन ने गुरुवार को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन प्रदान किया। एसोसिएशन के सदस्य निक्की टोप्पो और मन्नू झा ने एसोसिएशन के ओर से सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय को सौंपा। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि पीरियड्स महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा है। यह एक प्राकृतिक क्रिया है, जिससे सभी महिलाएं हर महीने गुजरती हैं। इस दौरान महिलाओं को हाइजीन की समस्याएं से गुजरना पड़ता है। डॉक्टर्स और एक्सपर्ट्स का भी मानना होता है कि महिलाओं को पीरियड्स के दौरान साफ-साफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। क्योंकि इसकी कमी के कारण उन्हें कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अभाव में और सैनेट्री पैड के इस्तेमाल नहीं करने के कारण महिलाएं रोग ग्रस्त हो जाती हैं।

### भुरकुंडा रोड सेल समिति की लोअर सिमाना खान परिसर में हुई बैठक

# रोडसेल शीघ्र चालू करने को लेकर एकजुट हुए विस्थापित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को लोवर सिमाना खान परिसर में हुई। अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन सरोज कांत झा ने किया। बैठक में रोडसेल शीघ्र चालू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के ढुलमुल नीति के कारण अब तक रोड से चालू नहीं हो पाया है। रोड सेल को चालू करने के लिए विस्थापितों ने एकजुटता दिखाते हुए चालू करने की मांग कर रहे थे।रोड सेल समिति सभी वंचित विस्थापितों और प्रभावितों को रोड से जोड़ना चाहती है, परंतु कुछ मुट्ठी भर विस्थापित 40 वर्षों से चली आ रही रोड सेल व्यवस्था को ध्वस्त कर अपनी नई व्यवस्था चाहते हैं। जिसे रोड सेल समिति कभी स्वीकार नहीं करेगी। बैठक में कहा गया कि रोड सेल को बाधित करने वाले मुट्ठी भर लोग जिनके पास कोई मजदूर आधार नहीं है, जबकि भुरकुंडा रोड सेल का आधार मजदूर ही है। आज भी 4 हजार से ज्यादा मजदूर जुड़े.हुए हैं। पिछले 10 वर्षों से पेलोडर मशीन के द्वारा कोयला लोडिंग का कार्य किया जाता रहा है। उसके बाद भी मजदूरों को वहीं मजदूरी देने का कार्य रोड सेल करते आ रही है और आगे भी जारी रखेगी। वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग कुछ लोग मशीन की आड़ में अपनी स्वार्थ पूर्ति करना चाहते हैं, और मजदूरों को उसके हक से वंचित करना चाहते हैं। लेकिन लेकिन उन लोगो की मंशा कभी पूरी नहीं होगी। क्योंकि लोकल सेल का आधार मजदूर ही हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीसीएल प्रबंधन 5 जून तक रोड सेल चालू करें अन्यथा 7 जून 2024 से बलकुदरा ट्रांसपोटिंग कार्य अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दिया गया जाएगा। साथ ही रोड सेल समिति वंचित विस्थापित-प्रभावितों से वार्ता भी जारी रखेगी और अपील करेगी कि वंचित विस्थापित-प्रभावित जो सकारात्मक रूप से रोड सेल से जुड़ना चाहते हैं उनका स्वागत है। मौके पर मनोज मांझी, रॉवेल एक्का, क्यूम अंसारी, आजाद अंसारी आदि उपस्थित उपस्थित थे।

> स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के ढुलमुल नीति के कारण अब तक रोड सेल चालू नहीं हो पाया है, कुछ विस्थापित इसे ध्वस्त करना चाहते हैं, पर ऐसा नहीं करने देंगे

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में सदर अस्पताल रामगढ़ के सिविल सर्जन कार्यलय के सभागार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जन जागरूकता शिविर तथा शपथ कार्यक्रम के साथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल के डॉक्टर्स, चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी, डालसा रामगढ़ के पीएलवी सुमित कुमार, राजन कुमार मुंडा एवं आम जनता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में तंबाकू से छुटकारा, इसके चपेट से बचाव, इसके प्रति लोगों को जागरुक करने , इसके कारण होने वाले बीमारियों खास कर कैंसर और इसके लक्षणों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी लोगों ने बीड़ी, सिगरेट, सिगार, खैनी, गुटखा, पान मसाला एवं अन्य किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने का संकल्प लिया। चिकित्सकों का कहना है कि तंबाकू से हर लोगों को परहेज करना चाहिए। अगर जिसे भी आदत पड़ गयी है तो उसे छोड़ने का प्रयास करना चाहिए। नशा अच्छे जीवन को बर्बाद कर देती है। वर्तमान में नयी युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आ रहे हैं। आये दिन सड़कों व गलियों में डेंड्राइड सूंघते हुए नाबालिग बच्चों को देखा जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### कोनरा पंचायत मुख्यालय से मिल रही नि:शुल्क न्यायिक सलाह

### कानूनविदों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का कर सकते हैं नि:शुल्क निदान : जयदीप



**बरही ।** प्रखंड के कोनरा पंचायत सचिवालय से आम नागरिकों को प्रतिदिन नि:शुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध करवाए जा रहे है. पंचायत मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि आज कई लोग जमीन विवाद, धोखाधड़ी, मार-पिट, पारिवारिक विवाद या अन्य किसी भी मामले में केस में उलझे हुए है. जो अच्छे वकील की तलाश में कोर्ट का चक्कर लगाकर अनावश्यक पैसे बर्बाद कर बैठते है. इसके लिए उनके केंद्र पर नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध है. यह कानूनी सहायता भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना सीएससी के टेली लॉ सेवा के तहत बिल्कुल नि:शुल्क दी जा रही है. इस सेवा के माध्यम से कोई भी पीड़ित अपने मामले के संबंध में विशेषज्ञ वकील से सलाह लेकर उचित निर्णय ले सकता हैं. इसके लिए उन्हें सिर्फ उन्हे अपने मोबाईल के साथ उनके केंद्र पर आना होगा. उन्होंने बताया कि इस सेवा का अब तक कई लोगो ने लाभ लेकर अपने समस्याओं का निदान करवाया है. इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा ने बताया कि टेली लॉ सीएससी की एक महत्पूर्ण जनहितकारी सेवा है. जिसका एक मात्र उद्देश्य वांचितो को न्याय दिलाना है. कोनरा पंचायत मुख्यालय में यह सेवा प्रतिदिन उपलब्ध करवाई जा रही है.

### ट्यूशन पढ़ने जा रही नाबालिग को अगवा करने का मामला दर्ज, पुलिस छानबीन में जुटी

बरही। ट्यूशन पढ़ने जा रही बरही की एक नाबालिग को अगवा करने का मामला प्रकाश में आया है. जिसमें पीड़िता की मां ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को बताया है कि उनकी पुत्री ट्यूशन पढ़ने जा रही थी और उसको अगवा कर लिया गया है. आवेदन के अनुसार पुलिस ने अरुण कुमार उर्फ अरुण रविदास सहित अन्य दो पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तहकीकात में जुट गई है.

### बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल पहुंचे केरेडारी

### भू-रैयत महिला से मारपीट के विरोध में जाएंगे महिला और मानवाधिकार आयोग



**केरेडारी।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की रत्नगर्भा धरती केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विस्थापितों का दर्द विकराल होता जा रहा है! बीते 22 मई को यहां एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में पांडू, आगर टोला में मुआवजा, विस्थापन एवं पुनर्वास की मांग कर रहें स्थानीय भू-रैयत मीणा देवी पति अमरेश प्रजापति के साथ कार्यरत एनटीपीसी की अधिनस्त कंपनी बीजीआर के अधिकारियों द्वारा बिना मुआवजा दिए मारपीट किए जाने उनके घर को जबरन तोड़े जाने और घर टूटने की स्थिति में टेंट पर रहने के दौरान प्रताड़ित किए जाने के मामले का विडियो वायरल होने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया। विस्थापित महिला की दर्द से रूबरू होने और वायरल विडियो संबंधित मामले की गहनता से जांच- पड़ताल की! भुक्तभोगी महिला रैयत से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आई! विस्थापन के इस मामले को लेकर जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया है और इसी मुद्दे के साथ जिले के केरेडारी प्रखंड के पांडू गांव पहुंचे! जहां पांडू गांव के रहने वाली भू रैयत पीड़ित महिला मीणा देवी से मिलकर जब उनके साथ घटी घटना की जानकारी ली तो मीणा देवी ने मनीष जायसवाल से कहा कि बिना विस्थापन के बीजीआर कंपनी के द्वारा हम लोगों का घर तोड़ दिया गया! छोटे से घर में हमारा पूरा परिवार पांडू गांव में निवास करता था और बच्चे पढ़ाई करते थे लेकिन माइनिंग के कारण हमारे घर को ध्वस्त कर दिया गया।

### सुशीला हत्याकांड में सीआईडी की टीम ने घटनास्थल का लिया जायजा

**रामगढ़।** शहर के विद्यानगर मोहल्ले में 60 वषीर्या सुशीला देवी हत्याकांड में शुक्रवार को सीआईडी की टीम घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची। सीआईडी इंस्पेक्टर रेखा चौधरी ने घटनास्थल का मुआयना किया। हत्याकांड में पुलिस ने विद्यानगर मोहल्ले के अलावा पूरे इलाके के सीसीटीवी को खंगाल दिया है। रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार हर हाल में उन चार अपराधियों को गिरफ्तार करना चाहते हैं, जिसमें तीन लड़के और एक लड़की शामिल है। उन लोगों की शिनाख्त के लिए उन्होंने एसआईटी गठित की है। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दिशा-निर्देश भी दिया गया है। सुशील हत्याकांड में उनकी बेटी अल्का कुमारी ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी 150/24 दर्ज कराई है। अलका मेदांता हॉस्पिटल में बायो मेडिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। उसने कहा है कि उसके पिता अशर्फी प्रसाद दोनों नतनी को छोड़ने के लिए 29 मई को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के लिए निकले थे। इसके बाद 30 मई की सुबह 7:30 बजे वह मेदांता हॉस्पिटल में ड्यूटी करने निकल गई थी। उसने बताया कि घर पर उसकी मां थी। सुबह 8:30 तक उनकी बात मां से हुई। इसके बाद 10:10 बजे मोहल्ले वालों ने बताया कि उनके घर की छत से धुआं निकल रहा है। घर में आग लग गई है और दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई आवाज नहीं दे रहा है।

### हेसालौंग की बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

गिद्दी। हेसालौंग निवासी लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला बलवा देवी की रांची में इलाज के दौरान गुरुवार को मृत्यु हो गई। मृत बुजुर्ग महिला के पोता ने लू लगने से उसकी दादी के मौत की संभावना जताया है। शिवराज ने बताया बुधवार को उसकी दादी सांडी में किसी की परिचित के मरनी के क्रिया में शामिल होने टेंपो से जा रही थी। सांडी जाने के दौरान ही टेंपो में उसकी तबीयत बिगड़ गई। वह उल्टी करने लगी। इसके बाद टेंपो चालक ने उसे 108 एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल रामगढ़ में भर्ती कराया। सदर डॉक्टर ने बताया महिला को अचेत अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था। महिला के पोता ने शिवराज ने कहा रिम्स में उसकी दादी को इमरजेंसी वाला बेड नहीं मिला। इसलिए उसे रात में रांची के ही निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर गुरुवार को दोपहर में लगभग डेढ़ बजे इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

### 15वीं वित्त योजना से घरों में जल पहुंचना बना परेशानी का सबब

# बजबजाती सड़कों से आने-जाने वाले लोगों को हो रही है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत ग्राम शिलाडीह मस्जिद टोला में विगत वर्ष 15वीं वित्त द्वारा लगभग 40 घरों को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराया गया। लेकिन संवेदक द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण इससे सभी घरों का उपयोग किया हुआ जल सड़क पर ही बहा दी जा रही है। जो बहकर लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तय कर लेती है। वहीं आसपास के लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी मनोज पांडेय ने बताया कि इस योजना के शुरूआत में संवेदक द्वारा बताया गया था कि पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी लेकिन साल भर बीतने के बावजूद पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी। इससे मच्छर में वृद्धि तथा बदबू के कारण जीना दूभर हो गया है। रामतीर्थ पांडेय ने बताया कि जल्द इसकी समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो लोग निश्चित रूप से संक्रमित होंगे ।सुबह से देर रात तक पानी निकालने के कारण हम लोगों के घर के सामने हर वक्त जल का जमाव रहता है। जिनके घरों से पानी निकलती है उन्हें समझाने से कोई फायदा नहीं है। विदित हो कि इस योजना का लाभ सिर्फ मस्जिद टोला एवं तुरिया टोला के लोगों को ही मिला। शेष आसपास के लोग इसका लाभ उठाने से वंचित रह गए। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि इस पानी के बदले प्रत्येक घर से 50 प्रति माह की राशि वसूल की जाती है जो कि नियम संगत नहीं है। पानी निकासी के संबंध में मुखिया निजाम अंसारी से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इसके लिए लोगों को समझाने तथा जल निकासी के लिए नाली की व्यवस्था करने का प्रयास करूंगा ।

## चक्रवात से केदारुत व कजरा में हुआ भारी नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शुक्रवार की दोपहर आए चक्रवाती तूफान ने प्रखंड के केदारुत पंचायत में तबाही मचा दी. जानकारी के अनुसार पंचायत के केदारुत और कजरा गांव के कुछ कच्चा मकान के छत उड़ गए. जिससे कुछ लोग घायल भी हो गए हैं. स्थानीय समाजसेवी विशेश्वर यादव, पंसस बिकास सिंह, बरही पश्चिमी पंसस जीतू ठाकुर ने स्थल निरीक्षण कर बताया कि चन्द घंटे की तूफान और वारिस ने कई गरीब का आशियाना छीन लिया. तेज हवा के कारण कजरा निवासी सुधीर राम, अनिल राम, बबुनी राम, जागेश्वर राम, बैजनाथ राम, महेंद्र कुमार दास आदि के घर का कॉर्केट शीट उड़ गया. वही ललन यादव के पुत्र व पुत्री घायल भी हो गए. स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से उचित सहायता व मुआवजा उपलब्ध करवाने की मांग किया है.

### सेवा सहयोग समिति ने स्कॉलरशिप के लिए जांच परीक्षा का किया आयोजन

# विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट पांच बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड एकेडमिक काउंसिल माध्यमिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग, कटकमसांडी,दारू एवं सदर प्रखंड शहरी क्षेत्र से उत्तीर्ण हुए विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट पांच बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सेवा सहयोग समिति द्वारा गत दिनों सम्मानित किया गया था। छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सहयोग समिति द्वारा शुक्रवार को आनंद महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग में बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से सामूहिक जांच परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने आनंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नीलमणि मुखर्जी का आभार जताते हुए उन्हें शॉल भेंट किया, सेवा सहयोग समिति के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा डॉक्टर सुभाष कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विश्वजीत रंजन का भी आभार जताया गया। जांच परीक्षा में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक बच्चे शामिल हुए, इनमें से तीन सफल विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। प्रोफेसर नयन नंदी, प्रोफेसर बादल रक्षित, प्रोफेसर अभय गराई,सीनियर शिक्षक राजेश कुमार की देख रेख में परिक्षा संपन्न हुई।इस बाबत हर्ष अजमेरा ने बताया कि हजारीबाग पढ़ाई का जोन माना जाता है, यहां के विद्यार्थी भविष्य में हजारीबाग का नाम अवश्य रोशन करेंगे इसी दृष्टिकोण से छोटा सा प्रयास हम सभी के द्वारा किया जा रहा है परीक्षा में डेढ़ सौ से भी अधिक विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें तीन उत्कृष्ट विद्यार्थियों को आवासीय खर्च छोड़कर शिक्षा से संबंधित सभी खर्च प्रदान की जाएगी, ताकि विद्यार्थी बेहतर तरीके से अपनी तैयारियों को अंजाम दे सकें।मौके पर सेवा सहयोग समिति के संयोजक डॉक्टर अरविंद सहाय, सचिव अनीश सिंह, समाजिक सलाहकार मिथिलेश सिंह, रवि सिंह, मंदीप यादव,दीपक देवराज सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## आत्मविश्वास

### आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में समर कैंप समापन समारोह का आयोजन

# छात्रों को वॉलीबॉल, बैडमिंटन व संगीत जैसे कई विषयों की दी गई शिक्षा




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट में 16 से 31 मई तक नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान और विभिन्न कौशलों से अवगत कराना था। समर कैंप में छात्रों को आर्चरी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य और संगीत जैसे कई विषयों की बारीकी से शिक्षा दी गई। समर कैंप ने न केवल बच्चों को नई चीजें सीखने का मौका दिया बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। कैंप ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान किया जो उनके भविष्य के विकास में सहायक सिद्ध होगा। यह सत्र सुबह 7:00 से 10:30 और शाम में 4:30 से 6:00 तक चला। इन सत्रों के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया और बच्चों ने गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व बच्चों को हर गतिविधि में बेहतर बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं भी आयोजित की गई। जिनमें उनकी परीक्षा की तैयारी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया गया था। समर कैंप में वरीय शारीरिक शिक्षक पीपीएस राठौर, अर्पणा पांडे, के डी पाठक, निशा जैन, धीरेंद्र कुमार, शिव जनम सिंह, संदीप राणा, मोहन विश्वकर्मा, संजीव कुमार, तान्या हलदार और ए पी शॉ आदि ने सक्रियता से भाग लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। समर कैंप के समापन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य, संगीत, बॉलीबॉल और अन्य गतिविधियों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया जिसे देखकर शिक्षकगण भी प्रभावित हुए।

> कैंप ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान किया, जो उनके भविष्य के विकास में सहायक सिद्ध होगा

### इवनिंग वॉक कर रहे व्यक्ति को पिकअप वैन ने मारी टक्कर, मौत

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के भेलगढ़ा से चोपड़ा मोड़ जाने वाले मुख्य सड़क पर गत गुरुवार संध्या पांच बजे एक पिकप वैन संख्या जेएच 02बीजे-4667 ने सड़क किनारे इवनिंग वॉक कर रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे भेलगढ़ा निवासी 48 वर्षीय मनोज कुमार पिता स्व. महावीर राम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घटना की सूचना तत्काल वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार को दी। पुलिस ने सर्व प्रथम सड़क पर पड़े शव को उठाकर सुरक्षित स्थान ले गए। शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने उक्त वाहन की तलाश शुरू की।

### भुरकुंडा ओपी में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

# तंबाकू का सेवन न करने का लिया गया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भुरकुंडा ओपी में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। मौके पर ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने तम्बाकू तथा इसके विभिन्न उत्पादों जैसे खैनी, बीड़ी, सिगरेट, गुटका आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से ओपी परिवार के लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन सभी उत्पादों के सेवन से प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मृत्यु होती है, इसलिए इससे सभी को सचेत रहना जरूरी है। तंबाकू के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्त चाप, मधुमेह जैसे घतक बिमारियां होती है। इसलिए स्वयं भी इसके सेवन से बचे और अपने समाज में जागरूकता फैलाकर इससे बचने की सलाह दें। ओपी प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि अपने दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत व्यक्ति इस आदत से छुटकारा पा सकता है। उन्होंने तंबाकू के सेवन को धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह धीरे धीरे इंसान को मौत के मुंह में धकेलता है। स्वयं सुधरेंगे तभी हम दूसरों को सुधारने की बात कर सकते हैं। आजकल जिस तरह से तंबाकू की परंपरा तेजी से बढ़ रही है इससे यह साबित होता है कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया तो आगे चलकर यह जटिल समस्या बन जायेगी। कार्यक्रम के अंत में ओपी प्रभारी ने तंबाकू के सेवन से बचने का संकल्प भी दिलाया।

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर कोरवा जनजाति के व्यक्ति की हुई मौत

**कुरडेग ।** थाना क्षेत्र के गड़ियाजोर पंचायत के कोलमुण्डा गांव में शुक्रवार को रमेश कोरवा नामक आदिम जनजाति परिवार का व्यक्ति की पेड़ से गिरने से घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया जा रहा है मृतक के घर के पास लगे सोलर जलमीनार पानी टंकी के उपर लगे सोलर पर पेड़ की छाया पड़ रहा था। और छाया की वजह से पानी की समस्या उत्पन्न हो रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए इसी छाया को हटाने के लिए पेड़ की टहनी काटने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही कुरडेग थाना के एएसआई अशोक राम घटना स्थल पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया, जहां पर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बोलबा अंचलाधिकारी बलिराम मांझी हुए सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**बोलबा।** बोलबा अंचल अधिकारी बलिराम माझी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए ।इस मौके पर प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मियों के द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई इस मौके पर उन्हें साल ओढाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया मौके पर अंचल अधिकारी के द्वारा सभी कर्मी के बीच अपने कार्यशैली को साझा किया ,साथ ही बोलबा में 3 साल लोगों के बीच रहकर अपने कार्य एवं अनुभव की जानकारी दी। मौके पर समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक द्वारा अंचल अधिकारी की कार्यों की सहारण करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी कर्मी, जनप्रतिनिधि हो या आम जनता अपना पदाधिकारी होने का रौब नहीं दिखाया। व्यवहार और अपने कामकाज की वजह से उन्होंने एक अलग पहचान बनाई जो सदैव याद रखा जाएगा।

### कोरोंजो पेरिश का छठवां वार्षिक महिला शिक्षा शिविर का हुआ आयोजन

**ठेठईटांगर।** जीईएल चर्च लकड़ा चट्टा मंडली में शुक्रवार को कोरोंजो पेरिश का छठवा वार्षिक महिला शिक्षा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन पेरिश चेयरमेन रेभ विभव केरकेटटा के द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। लकड़ा चट्टा मंडली के द्वारा स्वागत गान के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पेरिश चेयरमेन रेभ विभव केरकेटटा ने उपस्थित महिलाओं को अपने प्रवचन के माध्यम से संगठित होने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो महिला प्रभु यीशु के महिमा का गुणगान करती है खुद को प्रभु की अगुवाई में स्वीकार करती है, उसकी प्रशंसा होती है और उस महिला का परिवार भी सुखी सम्पन्न रहता है।

## बोलबा प्रखंड के अवगा गांव में धूमधाम से मनाया गया जेठ जतरा

# हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है : देवेंद्र भगत



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखंड के अवगा गांव में धूमधाम से जेठ जतरा मनाया गया। इस मौके पर पाहन देवेंद्र भगत के अगुवाई में सरना झंडा गाड़कर धर्मेश की विधिवत पूजन किया गया, वहीं भगवान धर्मेश से अच्छी बारिश, अच्छी फसल, सूख-समृद्धि, गांव से लेकर देश में खुशहाली की कामना की गई इसके बाद उपस्थित लोगों ने दर्शन पूजन किया । इस मौके पर देवेंद्र भगत ने बताया कि धर्म अर्थात सरना धर्म मानने वाले आदिवासियों को धर्मेश ने बहुत सारी चीजें दी हैं और भारत देश में निवास करने वाले आदिवासी धन्य हैं। श्री भगत ने कहा कि आदिवासियों संस्कृति ही उनकी पहचान है जो जीने की राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि हुल्लु परिया से उरांव जनजाति के लोग मौसम के अनुसार अलग-अलग समय में अलग अलग नाच -गाना करते हैं। फाल्गुन, सरहुल, करमा, सोहराई, जेठवारी, आसारी आदि है। उरांव आदिवासी पुरानी संस्कृति को जीवित रखने के लिए जेठ जतरा लगाकर जेठवारी नृत्य-गीत एवं मांदर की थाप पर झूमे लोग। उरांव जाति के मुड़मा जतरा बहुत ही प्रसिद्ध है। जतरा अपने रिश्तेदारी का मिलान समारोह है। उन्होंने कई गीत भी गए जैसे जाईग उठा रे आदिवासी भाई बहिन मन सरना आयो रौरे के बोलाथे आदि शामिल हैं। राम किशोर भगत ने कहा कि हमारी धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। चलना हमारा नाच है और गुनगुनाना ही गीत है। हमें हर मौसम के गीत एवं नृत्य के साथ बाजा को नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर कुंदुर मुण्डा एवं अवगा गांव के सरना समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोग एक साथ जेठवारी सहित कई गीत गाकर मांदर की थाप पर झूमने लगे । इस मौके पर देवेंद्र भगत, रामकिशोर भगत, छोटे खलखो, अंजू खलखो, मेरतल खलखो, गोविंदा खलखो, दुष्यन्त खलखो, रबिन्द्र खलखो, जागेश्वर प्रधान, बिरसु प्रधान, सोनी खलखो, सुको तिर्की, मंतुरणी, प्रमिला, बलमती, शांति, सुनीता, करमेला, सोमारी, तनुजा, सुकरू बेक तिला उरांव, मंगल खलखो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

> सरना धर्म मानने वाले आदिवासियों को भगवान धर्मेश ने बहुत सारी चीजें दी हैं और भारत देश में निवास करने वाले आदिवासी धन्य हैं, जो आदिवासी समाज में रहते हैं और उनमें आस्था हैं

### प्यारा केरकेट्टा की जयंती के मौके पर सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा के भट्टीटोली स्थित जमजम मैरिज सभागार प्यारा केरकेट्टा की 121वी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय सेमिनार 2 एवं 3 जून 2024 दिन रविवार से खड़िया साहित्य और समाज विषय पर आयोजित किया जा रहा है ।सेमिनार के साथ सम्मान समारोह भी आयोजन किया जायेगा ।सेमिनार के मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर फादर निकोलस टेटे होंगे। सेमीनार में भाग लेने के लिए आल असम खड़िया महासभा, छत्तीसगढ़ तेलंगा खड़िया विकास समिति ,दुवर्स चाय बगान पश्चिम बंगाल के खड़िया प्रतिनिधि और निखिल उड़ीसा खड़िया महाडोकलो के सदस्य के साथ साथ सभी जगहों के स्कॉलर, समाज सेवी ,संस्कृतिकर्मी ,लेखक ,साहित्यकार शामिल होंगे सेमिनार में खड़िया भाषा साहित्य समाज और संगठन पर विमर्श किया जायेगा ।सम्मान समारोह में प्यारा केरकेट्टा सम्मान 2024 में 11 लोगों को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान दिया है ।सम्मान समारोह और समापन सत्र में मुख्य अतिथि सालोमी इंदवार अध्यक्ष आल असम खड़िया महासभा अल्बर्ट बा होंगे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने फल विक्रेताओं के गोदाम में चलाया छापेमारी अभियान

**सिमडेगा।** सिमडेगा सिविल सर्जन डॉ० अजित खलखो के निदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा शुक्रवार को सिमडेगा जिलान्तर्गत संचालित विभिन्न फल कारोबारियों के भण्डार गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में फलों को जल्द पकाकर एवं आमलोगो को उपभोग कराने में इस्तेमाल किये जाने वाले प्रतिबंधित रसायन कि जांच की गई। कैल्शियम कार्बाइड जो कि फलों को पकाने में उपयोग किया जाता है। जिसे सरकार द्वारा प्रतिबंध किया गया है। इसके दुषप्रभाव को रोकने के निमित खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा सिमडेगा जिला कि सभी फल थोक बिक्रेताओं के भण्डार गृह का निरीक्षण किया गया। अभिहित अधिकारी डॉ अजित खलखो के द्वारा कहा गया कि फल एक मात्र ऐसा साधन है ,जिसे लोग रोजमर्रा के दिनों में अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इसका उपभोग करते है। जिसे बड़े, बुढ़े, बच्चे, महिलाए इसका इस्तेमाल रोजमर्रा के जीवन में किया करते है। जिसके निमित बाजारों में मुनाफाखोरी के लालच में आकर फल बिक्रेता जल्द से जल्द लोगो को उपभोग कराने के लिए हानिकारक रसायन का इस्तेमाल किया करते है ।

## बड़ी लापरवाही : जलडेगा के सड़कों पर बह रहा है गंदा पानी

# लोगों का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** जलडेगा में मेन रोड के किनारे बने नाली जाम हो जाने के कारण घरों के नाली का गंदा पानी बीच सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क पर बह रहे नाली के गंदा पानी के दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं व बीमारी फैलने की संभावना भी बनी है। इसी रास्ते पर पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर राजनीतिक दलों के पदधारी कई बार आते जाते हैं लेकिन उनके उदासीन बने रहने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि नाली जाम रहने और गंदा पानी सड़क पर बहने से व्यवसाय पर काफी प्रभावित हो रहा है। घर का हर सदस्य मच्छर के प्रकोप से परेशान है। सड़क पर गंदा पानी जमे रहने से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। देखरेख के अभाव में सड़क की दशा बिगड़ती जा रही है। पिछले कई महीनों से इस रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है। इस वजह से मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। नाली निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घर का पानी बाहर मुख्य मार्गों पर बह रहा है। जिससे रोड भी खराब होती जा रही है। सड़क पर पानी भरे रहने से गंदगी बढ़ती जा रही है। रोजाना हजारों लोग इस रास्ते से सफर करते हैं, यहां से गुजरते समय कई बार लोगों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं। लोगों को कहना है कि अभी यह हाल है कुछ दिनों के बाद ही बरसात आने वाला है। जब बारिश होती है तो सड़क पर पूरी तरह से पानी भर जाता है और वह एक बड़े नाले का रूप ले लेता है जो गाड़ी क्या पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। हालांकि इस रास्ते जनप्रतिनिधियों का भी आवागमन होता है लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। बरसात आने से पहले ही लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। रास्त में भरपूर कीचड़ भर जाने से लोग काफी परेशान नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चे को और भी ज्यादा परेशानी होती है, वह जब स्कूल जाते हैं तो उनके कपड़े भी गंदे हो जाते हैं। जो काफी सोचने वाली बात है।

### ठेठईटांगर मुखिया व प्रमुख ने अर्जुन टोली का किया दौरा, जाना हालचाल



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठइटांगर** प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं मुखिया संगीता मिंज शुक्रवार की सुबह-कई गांव का भ्रमण किया जिसमें अर्जुन टोली, भेलवाटोली, अलसंगा सरदारटोली, नागोटोली, घोड़ीटोली, बांसहार, खरवागढ़ा आदि गांव का दौरा करते हुए पानी, बिजली की समस्याओ से अवगत हुए। साथ ही घोड़ी टोली एवं खरवागढ़ा में कई महीनो से खराब जल मिनारों का निरीक्षण सप्ताह दिन पहले किया गया था उन्हें मरम्मत करवा दिया गया जो उसका भी निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर इसी प्रकार से सभी समस्याएं दूर करने की कोशिश किया जाएगा। साथ ही कुछ भी होने पर हमें तुरंत सूचित करें जिससे कि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी पानी भी बरस रहा हैं, गर्मी और बढ़ रही है, आप जमीन पर ना सोए सांप बिच्छू का डर रहता है, अगर कभी किसी को सांप काट लें तो उस पर झाड़ फूक के चक्कर में ना पड़े सीधे मरीज को अस्पताल लेकर के आए जिससे कि समय रहते उनका जान बचाई जा सके। मुखिया संगीता मिंज ने भी ग्रामीणों से कहा कि आपने हमें चुना है हम आपके हर सूख दुख में साथ खड़े हैं बस आप हमें समय रखते सूचना दें आपकी सेवा में हम लगे हूए हैं।

# बिरकेरा अंबाटोली गांव में सिलेंडर फटने से दो लोग गंभीर, रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित कोचेडेगा बिरकेरा अम्बाटोली गांव में घर में शुक्रवार को गैस सिलेंडर और पेट्रोल के कारण हुई जबरदस्त विस्फोट की घटना। विस्फोट से घर में आग लग गई। इस दुर्घटना में सड़क निर्माण कार्य में लगे दो कर्मी गंभीर रूप से हुए घायल ।सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से दोनों की स्थिति को देखते हुए रेफर की गई। घायलों की पहचान गढ़वा रमना निवासी सुमंत साहू और पालकोट निवासी विनोद महतो के रूप में की गई है। इधर विस्फोट से आगे लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची और घर में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने बताया कि सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के कर्मी एक मकान में रह रहे थे। शुक्रवार की सुबह गैस चूल्हा के समीप ही पेट्रोल से भरा एक कंटेनर भी रखे हुए थे ।गैस जलाने के दौरान किसी तरह आग पेट्रोल में पकड़ लिया और देखते ही देखते भीषण आग लग गई ।आग लगने से विस्फोट हुआ है ।बताया कि कंटेनर से पेट्रोल निकाल रहा था तो कुछ पेट्रोल जमीन में गिर गया था। जैसे ही गैस जलाया आग पेट्रोल में पकड़ लिया ।बहुत बड़ी लापरवाही के कारण आग लग गई जिसके कारण घटना घटी थी ।पुलिस मौके पर पहुँची है मामले की छानबीन की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस में अवैध गांजा एवं शराब तथा नशीली चीजों को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है ,इसी दिशा में दूसरे दिन भी सफलता हासिल करते हुए शहरी क्षेत्र के नीचे बाजार निवासी राजेश कुमार नामक व्यक्ति को 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद पांच सदस्यों की टीम बनाई गई थी और नीचे बाजार में 600 ग्राम गांजा के साथ राजेश कुमार को पकड़ा गया जिसे जेल भेज दिया है। वही एसडीपीओ ने कहा कि नशा के विरुद्ध लगातार सिमडेगा जिले में अभियान चलता रहेगा।

### कुरडेग के डूमरडीह में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



**कुरडेग।** प्रखंड के डूमरडीह पंचायत भवन में आयोजित पांच दिवसीय समर कैम्प का समापन शुक्रवार को हुआ। टीआरआईएफ संस्था द्वारा गर्मी छुट्टी में समर कैम्प का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें पहचानने का प्रयास किया गया ।जिससे उनके अन्दर शिक्षा के साथ साथ उनका सवार्गीण विकास हो सके ।समर कैम्प में 70 बच्चे शामिल हुएथे। 27 मई से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन कर बच्चों को पेंटिंग,क्राफ्ट,योग करने तथा तरह तरह के कलाकृतियां बनाने के हुनर भी सीखाये गये ।साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों पर आधारित रोल प्ले,कविता,नृत्य,एवं भाषा और गणित विषयों का अध्ययन कराया गया ।समर कैम्प के दौरान बच्चों ने खूब मस्ती की। समापन कार्यक्रम में मुखिया महेश्वर साय, बीपीओ देशबन्धु शास्त्री, विक्की पासी, सुरेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### जहरीले सांप के काटने से 25 वर्षीय युवक की इलाज के क्रम में हुई मौत



**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुकेरा निवासी 25 वर्षीय सुरेश कुजूर नामक युवक की जहरीले सांप के काटने की वजह से सदर अस्पताल में शुक्रवार की सुबह इलाज के क्रम में मौत हो गई। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुरेश अपने घर में जमीन में सोया हुआ था, इसी दौरान शुक्रवार की सुबह 3:30 बजे करीब उसे सांप ने काटा, इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी । परिवार वाले उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।वहीं परिजनों ने बताया कि सांप काटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और वाहन की व्यवस्था करने में विलंब हुई। इधर अस्पताल में डॉक्टर ने शरीर में पूरे हिस्से में विष का प्रभाव होने की वजह से मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को शव सौंप दिया।

### पुलिया से गिरकर एक व्यक्ति की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खिंडा रोड में कुरडेग प्लस टु हाई स्कूल के नजदीक शुक्रवार को एक व्यक्ति के पुलिया के नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान खिंडा जामकोना निवासी आदिम जनजाति के सदस्य शाली कोरवा,पिता जीठु कोरवा उम्र 50 वर्ष के रुप में हुई। परिजनों ने बताया कि मृतक 11 बजे घर से कुरडेग साप्ताहिक बाजार जाने के लिए निकला था।आशंका है कि रास्ते में अधिक धूप होने के कारण पुलिया के उपर बैठा होगा इसी बीच अत्यधिक गर्मी के कारण चक्कर आया और पुलिया के नीचे गिर गया होगा। पुलिया के नीचे पानी होने के कारण डूबने से मौत हुई होगी। वहीं वाजार जाने वाल राहगीरो ने बताया कि मृतक पुलिया पर बैठा था सुचना मिलते ही थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई।

### सिमडेगा के लसया में दो दिवसीय समर कैंप का समापन, 120 से अधिक बच्चे हुए शामिल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय लसया में दो दिवसीय समर कैम्प का शुक्रवार को समापन सफलतापूर्वक किया गया इस समर कैम्प का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं सिमडेगा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय लसया, कुल्लूकेरा संकुल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया ।समर कैम्प के माध्यम से ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय बच्चों के लिए कुछ सीखने सिखाने के प्रयास किए गए जिसमे ढेरों गतिविधि करवाई गई, इनमें भाषा, गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, ड्रामा,रोल प्ले एवं खेल शामिल थे। समुदाय की भी सक्रिय प्रतिभागिता रही दो दिवसीय इस आयोजन का सफलतापूर्वक समापन किया गया। लगभग 120 से अधिक छात्र, 7 शिक्षक, बीईओ बसंत सिंह, राम कृष्ण, सहायक शिक्षक सूलेंद्र ऋतु बड़ा एवं अन्य शामिल रहें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से किशन, आशुतोष, पुरुषोत्तम, एवं प्रीतम शामिल रहें।

## बेहतर प्रयास

## बेंगलुरु से लापता दो मजदूर सकुशल पहुंचे बानो

# श्रमिकों के घर पहुंचने पर परिवार में दौड़ी खुशी की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** बैंगलोर से लापता बानो के दो मजदूर पंद्रह दिन बाद सकुशल गुरूवार को बानो पहुंचे। दोनों लापता मजदूर के परिजनों के द्वारा जानकारी दिये जाने के बाद बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना के प्रयास से सकुशल बानो पहुंचे। मजदूरों के घर पर पहुंचने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। शुक्रवार को दोनों मजदूर बानो स्थित आवास में पहुंचकर जिला परिषद से मुलाकात की। दोनों मजदूर आप बीती बताते हुए कहा कि अभी भी मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है। उनके पास पैसा नहीं होने के कारण दो दिन पानी पीकर यात्रा की। मिली जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर गोवा मंडगांव से घर आने के लिये 12 मई को निकले थे। मडगांव रेलवे स्टेशन में नशा खुरानी के चक्कर में पड़ गए थे। नशा खुरानी गिरोह के द्वारा नशा युक्त समोसा खिला देने के बाद दोनों नशे की हालत में गलती से दूसरे ट्रेन में चढ़ गए थे व बेंगलुरु पहुंच गए। दोनों मजदूरों ने बताया कि समोसा खाने के बाद नशा होने लगा वैसे ही दूसरे ट्रेन में चढ़ गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से नगदी 40 हजार और एक और मजदूर के पास से 68 हजार रु नशा खुरानी गिरोह के लोगों ने लूट लिया, साथ में एक मोबाइल भी लूट लिया। इस पर फोन करने पर मोबाईल स्विच ऑफ बता रहा था। बेंगलुरु पहुंचने के बाद रेलवे पुलिस के आने पर दोनों मजदूरों ने 16 मई को परिजनों से मोबाईल पर बात की तथा घटना की जानकारी दी। जिला परिषद ने इस संबंध में बानो थाना को सूचना दी तथा अखबार में भी लापता होने के संबंध में खबर प्रकाशित किया गया तथा अखबार कटिंग को गोवा मडगांव स्थित दोनों के मालिक अंटोनी डिसूजा के पास भेजा गया। इसके बाद दोनों के मालिक द्वारा दोनों लापता मजदूर के बारे में पता लगाया गया दोनों मजदूरों को वापस गोवा मडगांव बुला लिया गया।

### भीख मांगकर गुजारा करने वाली वृद्ध महिला की सड़क हादसे में मौत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा रांची मुख्य पथ चेक पोस्ट के समीप बीती रात कोलेबिरा में भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने वाली वृद्ध महिला रोजालिया डुंगडुंग की सड़क हादसे में मौत हो गयी ।निधन घटना की जानकारी के बाद कोलेबिरा पुलिस ने महिला शव को थाना लाया गया। वहीं उनके परिजनों को सूचना देते हुए अंतःपरीक्षण के लिए सिमडेगा भेज दिया । जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला कोलेबिरा में कई वर्षों से भीख मांग कर अपना जीवन यापन कर रही थी ।इसी क्रम में बीती रात किसी गाड़ी के चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। गाड़ी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है । घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग ने उनके परिजनों को सूचना दी और यथासंभव मदद करने की बात कही। वहीं घटना के बाद कोलेबिरा के दशरथ प्रसाद के द्वारा उनके दुकान पर रखें उनके पैसे कपड़े एवं अन्य सामान उनके परिजनों को सौंप दिया ।जिसमे करीब 20 किलो सिक्का पैसा का वजन था ,जो गिनती नहीं हो पाई जिसमें नोट भी शामिल था ।जिससे कई लोगों के देखरेख में परिजनों को सौंपा गया ।जिसमें हितेश्वर प्रसाद, सुजीत कुमार, अजय कुमार, सुनील केशरी, सुनील खड़िया, रघु प्रसाद के साथ कई गण्य मान्य लोग मौजूद थे।

# वज्रपात से हुई 26 मवेशियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
सलिया प्रखंड के कोलरकोंदा पंचायत के कोलाबगान स्थित बिठा जंगल में बज्रपात से 26 मवेशियों की मौत हो गयी. घटना शुक्रवार सुबह की है। जंगल में चरने गए 26 मवेशियों की बारिश के साथ हुए वज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गई। इसमें इसमाईल के 1, काहा हेम्ब्रम के 6, उकिल हेम्ब्रम के 5, पताई के 2, बाबूसोना मुर्मू के 2, लूजिन मुर्मु के 1, टेना हेम्ब्रम के 2, रमेश किस्कु के 3 सहित 26 मवेशी शामिल हैं।

मुखिया उकिल मुर्मू ने बताया कि मवेशी पालको ने उन्हें घटना की जानकारी दी जिसके बाद उन्होंने घटनास्थल पर पहुचकर जायजा लिया तो पाया कि 12 बैल, 04 बछड़ा और 10 दुधारू गाय की मौत हुई है। खेती के लिए किसान बिचाली की बुवाई कर रहे हैं। ऐसे समय में मवेशियों की मौत की घटना ने किसानों की कमर तोड़ दिया है। पीड़ित किसानों ने मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ अजफर हसनैन ने कहा कि इसको लेकर प्रखंड़ पशुपालन पदाधिकारी को जानकारी दिया गया है। जांच कर व मवेशियों का पोस्टमार्टम कराकर इसमे जो प्रावधान है उसके मुताबिक पशु पालकों को मुआवजा दिया जाएगा।



## मृतक के परिजनों से मिले बाबूलाल मरांडी, दिया आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गावां प्रखंड के बिरने पहुंचे। यहां उन्होंने गत 17 मई को अवैध माइका खदान में चाल धंसने से हुए दो महिलाओं की मौत पर शोकाकुल परिजनों से मिले और ढांढस बंधाया। कहा कि पीड़ित परिवार के इस दुख की घड़ी में हमसभी साथ है। बता दें कि मृतका के छोटे-छोटे बच्चे हैं। हादसे में मां की गुजर जाने के बाद बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता का निधन कुछ साल पूर्व ही किसी बीमारी से हो गई थी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी किया। वहीं खदान हादसे में घायल किशोरी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजने की बात कही। साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर राव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, मनोज यादव, श्रीराम यादव, अंकज सिंह, पवन सिंह, विशाल पांडेय, अजीत शर्मा, बब्लू साहा, राजकुमार यादव समेत कई उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरीन ड्राइव में डिवाइडर से टकरा कर दूसरे लेन में जा गिरी कार

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर दूसरे लेन में जा गिरी. इस घटना के बाद स्थानीय लोग कार की तरफ भागे और कार सवार दो लोगों को कार से बाहर निकाला। घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि, कार सवार दोनों युवकों को चोट नहीं आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार सवार दोनों युवक नशे की हालत में थे। इधर, सूचना पाकर पुलिस पहुंची और कार को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार कार सोनारी से साकची की ओर जा रही थी। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ते हुए दूसरे लेन में जा गिरी। इस दौरान कार हवा में काफी ऊंचाई तक उछल गई थी।

### भाजमो नेताओं ने किया रामदीन बागान और मनीफिट का दौरा

**जमशेदपुर।** संपर्क समस्या समाधान अभियान के तहत और जमशेदपुर पश्चिमी के के तहत विधायक सरयू राय के निर्देश पर शुक्रवार को लक्ष्मीनगर मंडल भाजमो के पदाधिकारियों ने रामदीन बागान एरिया और मनीफिट एरिया का भ्रमण किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही सड़क, नाली, बिजली, चापाकल समेत अन्य समस्याओं को रजिस्टर में दर्ज किया। इन सारी समस्याओं के समाधान के लिए वे विधायक सरयू राय को अवगत कराएंगे। रामदीन बागान में 2ए के रोड में पाया गया कि घरों के बगल से एक नाला गया है, जिसकी सफाई नहीं होने के कारण बरसात में पूरा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। उसकी सफाई करने के लिए जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी के अधिकारी को निर्देश दिया जायेगा। कई चापानला और स्ट्रीट लाइट खराब थे। उसकी भी मरम्मत का निर्देश दिया जायेगा। इस दौरान लक्ष्मी नगर मंडल अध्यक्ष विनोद राय, विनोद यादव, नवीन कुमार, राजू, अमरेश, करनदीप सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष शीला नाथ पांडे समेत कई बस्तीवासी उपस्थित थे।

### लखाईडीह जंगल में सबर की धारदार हथियार से हत्या



**डुमरिया।** डुमरिया थाना क्षेत्र के लखाईडीह आश्रम टोला निवासी दोदनो सबर (47) की जघन्य हत्या गुरुवार को धारदार हथियार से कर दी। हत्या के आरोपी लखाईडीह टोला हाथियाबेड़ा चोधरा बांडरा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को मृत दोदनो सबर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी कुनी सबर ने बताया कि गुरुवार शाम को दोनों पति-पत्नी जंगल लकड़ी चुनने गए थे। इस दौरान आरोपी चोधरा बांडरा ने जंगल में ही दोदनो सबर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसके गर्दन पर कई बार वार किया गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने मौके से भागकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। पुलिस घटना की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंची। आरोपी के मुताबिक वह दोदनो सबर की पत्नी कुनी सबर से शादी करना चाहता था। इसलिए घटना को अंजाम देने की बात पुलिस के समक्ष कबूल कर ली है। थाना पहुंचे ग्रामीणों के मुताबिक हत्या का आरोपी का अवैध संबंध मृतक की पत्नी के साथ था। थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### जेम्को ग्राउंड में चार दिन में काट दिए गए 10 पेड़

**जमशेदपूर।** टेल्को क्षेत्र स्थित जेम्को ग्राउंड में चौथे दिन शुक्रवार को भी पेड़ों कटाई जारी रही। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने आज भी भारी विरोध जताया। इसके बाद पेड़ों की कटाई बंद हुई और कंपनी के कर्मी वहां से वापस लौटे। कटाई व विरोध के दौरान यहां की डीएफओ को जानकारी दी गयी। इसके बाद कटाई रुकी। हालांकि इस संबंध में पूछने पर डीएफओ ने सिर्फ यही बताया कि कार्रवाई कर दी गयी है। क्या कार्रवाई की गयी। इस सवाल पर उन्होंने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। हालांकि पेड़ों की कटाई कंपनी प्रबंधन की ओर से करायी जा रही है। बताया गया है कि चूंकि इन पेड़ों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाना है। इसलिए इन पेड़ों की छंटाई की जा रही है। जम्को ग्राउंड में मिश्रा बागान की तरफ अवस्थित करीब 10 पेड़ों को काटा गया है। ये सभी पेड़ करीब 40 वर्ष पुराने बताये जाते हैं। इसकी वजह से सभी क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं। एक तरफ सरकार से लेकर सभी सामाजिक संगठनों का पेड़-पौधे लगाने पर जोर है। समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। वहीं यहां पेड़ों कटाई की जा रही है। स्थानीय निवासी व समाजसेवी करनदीप सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में पेड़ों की लगातार चौथे दिन भी कटाई की गयी। इस विषय में उन्होंने आज जमशेदपुर की डीएफओ को सूचित किया। डीएफओ ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस संबंध में कार्रवाई की गई है।

### कॉमर्स में घट रहा छात्रों का रुझान



**जमशेदपूर।** दसवीं अथवा मैट्रिक परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद से ही इन दिनों कॉलेजों व प्लस टू स्कूलों में दाखिले की दौड़ चल रही है। लगभग सभी स्कूल व कॉलेजों में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। अब वहां मेरिट लिस्ट निकाले जा रहे हैं, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को एडमिशन के लिए बुलाया जा रहा है। इस क्रम में इस बार कॉमर्स में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम देखी जा रही है। स्थिति यह है कि कई कॉलेजों में कॉमर्स की सभी सीटों पर एडमिशन पूरा होना भी मुश्किल हो गया है। कॉलेजों की ओर से भी बताया जा रहा है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में कॉमर्स में एडमिशन के लिए अपेक्षाकृत कम विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बताया कि मौजूदा दौर में विद्यार्थी अपने भविष्य को देखते हुए स्ट्रीम का चयन कर रहे हैं। साइंस के विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग के अलावा एमबीए समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी शामिल हो सकते हैं। इसी तरह आर्ट्स में करियर के कई द्वार खुलते हैं, लेकिन कॉमर्स में शायद विद्यार्थियों को करियर सीमित नजर आने लगा है। संभवतः यही वजह है कि अधिकतर विद्यार्थियों का रुझान साइंस और उसके बाद आर्ट्स की ओर देखने को मिल रहा है।

## घर में जा घुसा तेज रफ्तार ट्रक, महिला की मौत

**नीवन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला के कमलपुर थाना क्षेत्र के बांगुड़दा आर्दश ग्राम में एक अनियंत्रित ट्र्क कच्चा मकान में घूस गया। ट्रक के चपेट में आने से घर में महिला को कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में 29 वर्षीय आन्ना महतो गंभीर रुप से घायल हो गईं। आन्ना के पति सनातन महतो को भी चोटें आयीं हैं। घटना गुरुवार की रात के करीब तीन बजे की है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। स्थानीय लोगों ने घायल वृद्ध महिला व आन्ना महतो को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भरती कराया है। अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं सनातन का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार महिला मजदूरी कर जीवन यापन करती है। वह सुबह जल्दी उठकर खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। इसके पहले वह घर के बाहर ही दातुन कर रही थी, वहीं सनातन महतो घर के भीतर बच्चों के साथ सोया था। अचानक ट्रक घर में जा घुसा और आन्ना को अपनी चपेट में ले लिया। घर पर लगा एसबेस्टस सनातन के ऊपर गिर गया जिससे वह भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सुबह घटनास्थल पर पहुंचे कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।





## मांगुर मछलियों से भरी पिकअप पलटी, सड़क पर मची मछली की लूट



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटालड्डा स्थित ओवरब्रिज में शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित थाई मांगुर मछलियों से भरी एक पिकअप वैन पलट गयी। इस बात की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे और सड़क पर फैली मछलियां को लूट कर ले गएव घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची तोपचांची पुलिस ने एनएच कर्मियों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन को सड़क से हटायाव हालांकि तब तक ग्रामीण सारी मछलियां लूटकर जा चुके थेव तोपचांची पुलिस पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गई है।

**टायर ब्लास्ट होने के वजह से हुई घटना**

पिकअप वैन के चालक ने बताया कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को लेकर बंगाल से बिहार के औरंगाबाद जा रहा था। इस दौरान रास्ते में पिकअप का टायर ब्लास्ट हो गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद लोगों की भीड़ को जितना मछली मिला उसे लेकर चले गए।

**बिहार व उत्तर प्रदेश के मंडियों में खपाया जाता है**

बता दें कि भारत सरकार और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने साल 2000 में ही विदेशी थाई मांगूर मछली को प्रतिबंधित कर दिया थाव बैन होने के बावजूद धड़ल्ले से थाई मांगूर मछली की तस्करी जारी है। इसकी तस्करी के लिए एनएच रोड सेफ जोन है। रोज कई गाड़ियां थाई मांगूर मछली को पश्चिम बंगाल से निकाल कर बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडियों में खपाया जाता हैव वहीं पुलिस पता लगा रही है कि किसके संरक्षण और इशारे में प्रतिबंधित होने के बावजूद थाई मांगूर मछली की तस्करी की जा रही है।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

**नवीन मेल बेरमो**
कथारा स्थित के बी कॉलेज बेरमो में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सी सी एल कथारा के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन दीप प्रज्वलित करते हुए किया गयाव इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता हैव उन्होंने कहा कि तम्बाकू से मानव जीवन खतरे में हैव युवाओं को इससे बचना चाहिएव एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा नशा नाश का द्वार हैव युवाओं को नशे की लत से बचाकर समाज को भी नशे की लत से बचाना हैव स्वयं सेवक से जन जागरूकता का अपील कियाव सीसीएल के सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा तंबाकू जहर हैव इसका प्रयोग अंततः मौत की ओर ले जाती हैंव प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में याद दिलाता है जिसमें कई गंभीर बीमारियां शामिल हैं।



आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा दुनिया भर में अधिक मौतें तंबाकू सेवन से होती हैंव इसके दुष्प्रभावों की जानकारी से अवगत रहना सुरक्षा के लिए पहली शर्त है।

## थाना रोड कब्जा करने वाले दुकानदारों को पुलिस ने दी चेतावनी

**नवीन में संवाददाता। आदित्यपुर**
आदित्यपुर थाना रोड में सड़क किनारे फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क का अतिक्रमण किए जाने के विरुद्ध शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस व आदित्यपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को केवल चेतावनी दी गई, उन्हें हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। बता दें कि यहां सड़क किनारे अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अभियान में ट्रैफिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह और आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह शामिल रहे। बता दें कि लगातार आदित्यपुर थाना रोड जाम होने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। मौके पर मौजूद ट्रैफिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने सभी सब्जी व फल विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए सड़क खाली करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकानदारों के फल और सब्जियों को जब्त किया जाएगा। आदित्यपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सभी सब्जी दुकानदारों को 34 के तहत नोटिस दिया जा रहा है कि वह दोबारा सड़क किनारे अवैध कब्जा नहीं करें, नहीं तो आगे कठोर कार्रवाई होगी।

## अभियान चलाकर पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण को ले किया गया जागरूक

**पर्यावरण सप्ताह में वन विभाग ने पेड़-पौधे लगाने और प्लास्टिक का कम उपयोग करने की अपील की**

**आज तापमान 47 डिग्री हुआ है तो लोग परेशान हो गए हैं जब तापमान 55-57 डिग्री पहुंचेगा तब लोगों जा जीना मुहाल हो जाएगा**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के दौरान जगह -जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण के विषय में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे शुक्रवार को तिसरी वन विभाग की टीम ने भी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व मे उप वन परिसर पदाधिकारी अशोक कुमार, पवन विश्वकर्मा, मुकेश दास, दिनेश दास आदि वनकर्मियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों मे जाकर ग्रामीणों को पर्यावरण की महत्वता समझाइ।

साथ ही जलवायु परिवर्तन के विषय में समझाते हुए कहा कि आज इस बढ़ती गर्मी का सबसे बड़ा कारण पेड़ -पोधों की कटाई ही है। आज तापमान 47 डिग्री हुआ है तो लोग परेशान हो गए हैं जब तापमान 55-57 डिग्री पहुंचेगा तब लोगों जा जीना मुहाल हो जाएगा । जिस प्रकार से आज जलवायु परिवर्तन हो रहा है यह दिन भी दूर नहीं लगतो इसलिए अधिक से अधिक पेड़ - पौधे लगाएं, साफ -सफाई रखें और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें इस दौरान वनकर्मियों ने बिट कार्यालय परिसर की सफाई के साथ -साथ अबरखा समेत अन्य जगहों के जलाशयों की भी सफाई की । बताते चलें कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 26 मई से 5 जून 2024 तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत पेड़ पौधों का रोपण ,मरुस्थलीकरण का खात्मा ,भूमि का संरक्षण करके भविष्य को सुरक्षित बनाएं ,सुखा को हराओ प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ाओ आदि वाक्यों के साथ लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण हेतु जागरूक किया जा रहा है ।

## न्यूज बॉक्स

### मनोहरपुर चिड़िया सेल के ठेका श्रमिक की लू लगने से मौत

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर आईरन ओर माइंस चिड़िया(सेल) ठेका कंपनी(एनएसपीएल) के श्रमिक की बीते गुरुवार शाम में काम के दौरान मौत हो गईव मृतक ठेका श्रमिक 59 वर्षीय रमेश पूर्ती मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बचमगुटू मीना बाजार का रहने वाला हैव मृतक के बड़े पुत्र बुधलाल पुर्ती ने बताया कि पिताजी चिरिया माइंस के एनएसपीएल के ठेका श्रमिक का काम करते थेव रोजना की तरह गुरुवार को भी सुबह 6 बजे अपने साइकिल से चिड़िया माइंस जाने वाले मार्ग स्थित पाथरबासा रिंगासई के समीप सड़क की मरम्मती का काम कर रहा थे। परिजनों ने गुरुवार की देर रात तक खोजबीन किया लेकिन नहीं मिले। शुक्रवार की सुबह जब काम स्थल गए तो देखा कि साइकिल के कुछ दुर झाड़ी में शव पड़ा हुआ थाव शव के मुंह से खून आ रहा था, यह कयास लगाया जा रहा है कि श्रमिक की लू लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गईव मालूम हो कि मृतक ठेकाकर्मी रमेश पुर्ती की सुध लेने के लिए चिड़िया माइंस के मजदूर यूनियन के कोई भी नेता नहीं पहुंचे और ना ही सेल या ठेका कंपनी के कोई कर्मचारी पहुंचाव कई दिनों से प्रचंड भीषण चिलचिलाती धूप गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हैव आम लोगों का घर से निकलना मुश्किल हैव ऐसे में खुले आसमान के नीचे काम कर रहे श्रमिकों की मजबूरी है।

### पिकअप वैन और कंटेनर में जोरदार टक्कर, दो घायल



गिरिडीह। डुमरी थाना क्षेत्र के कोठी बगीचा के समीप एन एच-19 पर शुक्रवार की सुबह एक पिक-अप वैन पलट गया। इस वाहन में आम लदा हुआ था। इस घटना में वाहन का चालक एवं उप चालक घायल हो गया। घायलों को पुलिस द्वारा एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहांप्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त वाहन भागलपुर से आम लोड कर राउरकेला उड़ीसा जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर वैन को एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया और यह दुर्घटना हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इस कारण आम सड़क पर बिखर गया। पुलिस की सक्रियता से आम सुरक्षित रहा। इधर घटना के बाद कंटेनर चालक अपने वाहन को खड़ा कर भाग गया। वहीं पिक-अप वैन के पलट जाने से वैन चालक महेश प्रधान (43) और खलासी भोला पात्र (41) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों उड़ीसा के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना में कंटेनर का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस की जांच में ही दुर्घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### एलबीएसएम कॉलेज के छात्रों ने रैली निकाल कर दिया तंबाकू से परहेज करने का संदेश



**जमशेदपूर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा समेत सबों ने तंबाकू से परहेज तथा समाज में इसके दुष्प्रभावों को बताते हुए इससे दूर रहने का संदेश देने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ झा ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। हमें तंबाकू से होने वाली हानिकारक एवं भयंकर बीमारियों के बारे में जानना चाहिए तथा समाज को भी जागरूक करना चाहिए। कॉलेज में यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध का संदेश देते हुए रैली भी निकाली। कार्यक्रम में डॉ डीके मित्रा, प्रो पुरषोत्तम प्रसाद, डॉ विनय कुमार गुप्ता, डॉ दीपंजय श्रीवास्तव, प्रो विनोद कुमार, प्रो अरविंद पंडित, प्रो रितु, विनय कुमार समेत छात्र-छात्राए शामिल हुए।


**श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान**
**झारखण्ड सरकार, मेयर्स रोड, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

सूचना संख्या –XXII/07-2024-596/skipa, Ranchi
दिनांक :– 31 मई 2024

संस्थान हेतु एक Macbook की आवश्यकता है। Macbook आपूर्ति हेतु विभिन्न पंजीकृत सस्थान/प्रतिष्ठान/अपूर्तिकर्त्ता से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। Macbook में निम्न Specification की आवश्यकता है :–

| क्र0 | Specification | |
|---|---|---|
| 1 | Screen Size | 16″ |
| 2 | SSD Storage | 512 GB |
| 3 | RAM | 18 GB |
| 4 | Processor | M3Pro chip |

1. यह निविदा दिनांक 03.06.2024 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 11.06.2024 को 11 बजे पूर्वाहन तक प्राप्त की जायेगी। निविदा दिनांक 11.06.2024 को अपराह्न 12.00 बजे अपर निदेशक, स्कीपा राँची के कमरा संख्या –301 में खोली जायेगी।
2. निविदादाता को संस्थान के पास GST, TIN, PAN नं० से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता द्वारा सामग्रियों का दर सभी कर सहित अंकित किये जायेंगे।
4. तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग के सीलबंद लिफाफ को निविदादाता अपना पूर्ण पता लिखा हुआ एक लिफाफा में सीलबंद कर संस्थान के कार्यालय में समर्पित करेंगे।
5. बगैर कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार संस्थान के पास रहेगा।
6. विशेष जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में संस्थान कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

(अनिल कुमार)
अपर निदेशक

PR 325239 SKIPA (24-25)_D

**इतिहास गवाह है कि कोई भी वास्तविक परिवर्तन चर्चा से नहीं होता: सुभाष चंद्र बोस**



# अंधाधुंध विकास और जानलेवा गर्मी के संदेश

**कहा** जाता है महाजनो येन गतो सः पंथा यानी बड़े लोग जिस रास्ते चलते हैं वही राह सही है। देश की राजधानी और एनसीआर का विकास लगभग नौ दशकों में हुआ जब इसे राजधानी बनाया गया पर आज प्रकृति उन भूलों का दंड भी रही है और संदेश भी जो शेष भारत के लिए है। राजधानी में दो दशकों में दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर कम हो गया है। दिलचस्प यह कि दिल्ली देहात व शहरी क्षेत्र की रातों के तापमान में बड़ा फर्क है। इसकी वजह दिल्ली की बहुमंजिला इमारतें और घनी बसावट है। बढ़ते कंक्रीट के जंगल ने ये संकट बढ़ाया है। इसके अलावा बेतहाशा बढ़ते वाहनों व एसी ने भी गर्मी बढ़ा दी है। इससे रातें ज्यादा गर्म हो रही हैं। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) ने 2001 से 2024 की जानलेवा गर्मी का विस्तृत अध्ययन किया है। इसके मुताबिक, 2001-2010 के बीच दिन व रात के तापमान में औसतन 12.3 डिग्री का अंतर था। 2014 से 2023 यह आंकड़ा 11.2 डिग्री सेल्सियस रह गया। 2023-2024 में यह अंतर और भी कम हो गया। इसे 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस हिसाब से 20 सालों में दिन और रात के तापमान में औसतन 2.5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मसलन, अगर इस बीच दिन का औसत तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तो रातें 37.7, 38.8 व 40.2 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहीं। वहीं, 2014 से 2023 के दौरान नमी 8% तक बढ़ी, तो गर्मी के इंडेक्स में 3.3% का इजाफा देखा गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म रातें दोपहर के अधिकतम तापमान जितनी ही खतरनाक हैं। यदि रात भर तापमान अधिक रहता है, तो लोगों को दिन की गर्मी से उबरने का बहुत कम मौका मिलता है। शहर का केंद्र जिसमें अधिक निर्मित क्षेत्र और जनसंख्या है, वह बाहरी क्षेत्रों की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। अध्ययन में कहा गया है कि भविष्य में अत्यधिक गर्म रातों से मौत का खतरा लगभग छह गुना तक बढ़ सकता है। शहरी क्षेत्रों में दिन व रात के तापमान के बीच में अंतर आ रहा है। साल दर साल तापमान का अंतर घट रहा है। इससे रात को भी गर्मी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में हरित क्षेत्र में बढ़ोत्तरी, जलाशयों के निर्माण के साथ-साथ भवनों की संरचना में ऐसे बदलाव लाए जाने चाहिए, ताकि वे तापमान के ज्यादा अनुकूल हो सकें। झारखंड में रांची,पलामू,बोकारो,धनबाद सहित अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जो अब चेतावनी दे रहे हैं जिसे तदर्थवादी रवैये से नहीं दीर्घ और लघु योजनाओं से ठीक करना होगा जिसके लिए ईमानदार सरकार और जिम्मेदार अधिकारी चाहिए । वर्तमान परिदृश्य में यह दूर की कौड़ी दिखती है क्योंकि हम इस भीषण गर्मी को एक मौसमी प्रकोप और मामूली समस्या मानते हैं । वन विभाग,कृषि और स्वयंसेवी संथाओं को ही आगे आना होगा पर यदि इसे भी पैसे कमाने का माध्यम बना दिया जाए तो समस्या और गहरी होगी।

> **विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्म रातें दोपहर के अधिकतम तापमान जितनी ही खतरनाक हैं। यदि रात भर तापमान अधिक रहता है, तो लोगों को दिन की गर्मी से उबरने का बहुत कम मौका मिलता है। शहर का केंद्र जिसमें अधिक निर्मित क्षेत्र और जनसंख्या है, वह बाहरी क्षेत्रों की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। अध्ययन में कहा गया है कि भविष्य में अत्यधिक गर्म रातों से मौत का खतरा लगभग छह गुना तक बढ़ सकता है। शहरी क्षेत्रों में दिन व रात के तापमान के बीच में अंतर आ रहा है। साल दर साल तापमान का अंतर घट रहा है।**

इन दिनों

# 2024 का लोकसभा चुनाव में जनता की खामोशी के मायने



विजय केसरी

**2024** का लोकसभा चुनाव कैसा नतीजा लेकर आएगा ? इस सवाल पर देश भर में बड़े जोर शोर से चर्चा चल रही है। यह चर्चा समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच चल रही है । गांव के छोटे से चाय की दुकान से लेकर बड़े शहरों के बड़े-बड़े होटलों में इस बार किसकी सरकार बनेगी? देश की जनता का रुख किस ओर है? इन्हें दो बिंदुओं पर चर्चा चल रही है।? इस बार का लोकसभा चुनाव कैसा परिणाम लेकर सामने आएग? सबों का ध्यान इसी और लगा हुआ है। छः चरणों में लोकसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अब तक इस लोकसभा चुनाव में पूरी शांति भी दिख रही है। चुनाव के दौरान जान माल का कोई विशेष नुकसान भी नहीं हुआ है। सिर्फ पश्चिम बंगाल ही एक ऐसा राज्य रहा, जहां चुनाव के दौरान मारपीट की घटनाएं सामने आईं। बिहार में भी दो सीटों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी झगड़े हुए । लेकिन स्थिति तुरंत नियंत्रण में कर ली गई। वहीं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के कटकम दाग थाना क्षेत्र के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। 1 जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। 57 लोकसभा सीटों पर 1 जून को चुनाव होंगे। 30 मई की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त भी हो गए । इतनी भी भीषण गर्मी के बावजूद इन 57 सीटों पर सभी प्रत्याशियों ने जोरदार मेहनत की। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार ज्यादा मेहनत करती दिखाई पड़ी।? इंडिया गठबंधन के नेता गण 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए गत 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में ज्यादा मेहनत की। भाजपा के बड़े नेताओं ने इस बार सबसे ज्यादा रोड शो और जनसभाएं की। वहीं इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मोदी की गारंटी को न सिर्फ नकारा बल्कि मोदी को देश की सत्ता से बाहर कर देने का आह्वान भी किया है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का ढिंढोरा पीटते तक नहीं रही हैं। भाजपा, टीवी, अखबार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी की गारंटी के प्रचार पर पानी की तरह पैसा बहा रही है। भारतीय जनता पार्टी, जनता को अपनी ओर लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वही कांग्रेस पार्टी सहित इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टी और दालों के नेता जनता को अपनी ओर लुभाने के लिए कई तरह के आर्थिक मदद देने का वादा कर रहे हैं। जनता खामोशी के साथ इंडिया गठबंधन और एनडीए के नेताओं के प्रचार को सुन और देख रही है। जनता पक्ष और विपक्ष दोनों के कार्यक्रमों में भारी संख्या में शामिल भी हो रही है। इस बार चुनाव विश्लेषक भी लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम पर स्पष्ट रूप से कुछ कह नहीं पा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता सत्ता इंडिया गठबंधन अथवा एनडीए के हाथों में सौंपेगी? जनता की खामोशी के कारण कोई स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने नहीं आ रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने सबसे ज्यादा रोड शो किया। इनके स्टार प्रचार जिन-जिन संसदीय क्षेत्रों में रैलियां की सब में जनता की अपार भीड़ जुटती रही। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी जिन - जिन संसदीय क्षेत्रों में रोड शो और रैलियां की, सभी कार्यकर्मों में जनता की भारी भीड़ जुटी। दोनों गठबंधनों के चुनावी कार्यक्रमों में भारी संख्या में जनता जुट रही है। अव यह निष्कर्ष लगाना बहुत मुश्किल हो गया है कि जनता किसके साथ है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के बड़े नेताओं के चुनावी जनसभाओं में जनता की अपार भीड़ देखी गई। उन्हीं संसदीय क्षेत्रों में इतनी भीषण गर्मी में भी इंडिया गठबंधन के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकाअर्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव,अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी आदि नेताओं के चुनावी जनसभाओं में जनता की भारी फिर जूटी। इस भीड़ को देश भर के लोग अपने-अपने आसपास और टीवी स्क्रीन पर देख रहे थें । इन चुनावी सभाओं और रेलियों में काफी संख्या में पत्रकार भी समाचार कवरेज के लिए पहुंचते रहे। मेरा कई पत्रकारों साथियों से इस संबंध में बातचीत हुई । मैंने उन सबों से पूछा कि किस गठबंधन की ओर जनता का रुझान है? हमारे पत्रकार साथियों ने कहा कि चुनावी सभाओं, रेलियों और रोड शो में शामिल लोगों को देखकर, उनसे बातचीत कर खुद कंफ्यूज हूं। हमारे पत्रकार साथियों ने स्पष्ट किया कि इस बार के चुनाव में कोई भी पिक्चर उभर कर सामने नहीं आ पा रही है। दोनों गठबंधन की रेलिया में जनता की भीड़ समान रूप में दिखाई दी। जब जनता से सवाल जब पूछे जाते हैं तब जनता खामोश ही रहना पसंद करती हैं। जनता यहां तक कह दी कि देखिए ! 5 जून को रिजल्ट आ ही जाएगा। आगे पत्रकारों ने बताया कि आज के मतदाता पूर्व की तरह नहीं रह गए हैं। जनता अब ज्यादा चालाक हो गई है। जनता अब बातों को समझने लगी हैं। जनता अब भावना में बहकर कर अपने मत का प्रयोग नहीं करना चाहती है बल्कि जनता अपने संसदीय क्षेत्र और देश के लिए कौन नेता उचित होंगे? इसका चयन बहुत ही गंभीरता के साथ कर रहे हैं। इसलिए जनता खामोश रह रही है। चुनाव विश्लेषकों सहित पत्रकारों को चुनाव परिणाम पर एक राय बनाने में बड़ी परेशानी हो रही है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में संभावित परिणाम क्या सामने आएंगा? कोई एक राय बन नहीं बन नहीं पा रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व टीवी चैनल ने 2024 के लोकसभा चुनाव पर संभावित एग्जिट पोल के परिणाम जारी किया था। उस आधार पर अधिकांश समाचार चैनलों ने एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी की थी ।लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद परिस्थितियों में काफी बदलाव आया। चुनाव प्रचार के दौरान जनता से सीधे नेताओं का संवाद स्थापित हुआ। पांच साल तक नेता ए.सी. कमरे में बैठकर सत्ता का संचालन कर रहे थे। अब नेता जनता के सामने उपस्थित हुए। नेता, जनता से साथ सीधा संवाद स्थापित किए। चुनाव प्रचार के दौरान नेता जनता से कई तरह के वादे भी किए । चुनाव के दौरान जनता भी नेताओं के अनुरूप अपनी मुस्कान बिखेरकर सबों को समर्थन देने का वादा कर रही है। विपक्ष जो बीते दस वर्षों से केंद्र की सत्ता से दूर है। विफक्ष, सत्ता पर बैठी एनडीए सरकार की कमियों को आम जनता के बीच रख रही है। जनता बहुत ही धैर्य के साथ पक्ष और विपक्ष की बातों को साथ सुन रही है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी लगभग सभी मंचों से यह बात कह रही है कि इस बार 400 पार। अर्थात इस लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को चार सौ से अधिक सीटें मिलने जा रही है। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेता भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के नारे को पूरी तरह खारिज कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता एनडीए को सिर्फ 200 सीट ही मिलने की संभावना पर अपनी मुहर लगा रही है । क्या वाकई एनडीए को 200 सीटें मिल पाएगी ? वही इंडिया गठबंधन के नेता पूर्ण बहुमत मिलने की बात कह रहे हैं। इंडिया गठबंधन के एक बड़े नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एनडीए को 200 से कम सीटें मिलेंगी और इंडिया गठबंधन को 300 से अधिक सीटें मिलेंगी। अगर यह बात सच साबित होती है, तो देश की राजनीतिक तस्वीर कुछ और ही उभर कर सामने आएगी। अगर भाजपा की 400 पार की भविष्यवाणी सच साबित हुई तो इंडिया गठबंधन के नेताओं के समक्ष कई मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी । 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव में जैसी शांति देखी, इससे पहले लोकसभा के चुनाव में ऐसी शांति और खामोसी कभी नहीं देखी। क्या इसका क्रेडिट चुनाव आयोग की बेहतर विधि व्यवस्था को दी जा सकती है। चुनाव आयोग ने देश में शांतिप्रिय चुनाव कराने के लिए सात चरणों में चुनाव कराने का जो निर्णय लिया, इसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। देश में मतदान का प्रतिशत बढ़े चुनाव आयोग ने हर संभव प्रयास किया। चुनाव आयोग सहित देश के सामाजिक संगठनों ने भी सत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से आग्रह किया । इसके बावजूद देश में मतदान के प्रतिशत में एक से डेढ़ प्रतिशत का ही इजाफा हो पाया। उम्मीद थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश का वोट प्रतिशत लगभग 70 के आसपास पहुंचेगा, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। जनता की खामोशी क्या गुल खिलाती है? यह बात 5 जून को स्पष्ट जाएगी । 1 जून को सातों चरणों का चुनाव समाप्त हो जाएगा। रात तक एग्जिट पोल के परिणाम भी सामने आ जायेंगे। एग्जिट पोल किस पार्टी को सत्ता में बैठाता है ? किस पार्टी को सत्ता से बाहर करता है? 1 जून की रात को हम लोग देखेंगेंद। अब देखना यह है कि 5 जून को देश की जनता ने जो फैसला दिया है, एनडीए गठबंधन फिर से सत्ता में वापस आती है अथवा इंडिया गठबंधन बंधन की सरकार बनती है।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात



### इ वी एम मुक्ति हवन



डॉ. विनोद सिंह गहरवार

**लोकतंत्र** के महानुष्ठान के उद्यापन के बाद चिंतानंद जी मेरे घर आए। चेहरे पर उतनी ही चिंता जितनी पहले दिखती थी।खैर नाम के अनुरूप काम होना चाहिए। चिंतानंद जी विशुद्ध संस्कारी पुरुष हैं। अपने नाम के अनुरूप आचरण करते हैं। आजकल इसका पालन लोग कहाँ कर रहे हैं। एक ही परिवार के दस - बीस लोग प्राइवेट कंपनी खोलकर अपना नाम समाजवादी रख लेते हैं। कुछ लोग शीशमहल में रहते हैं और अपने आप को आम आदमी कहते हैं। कुछ लोग उदात्त परंपरा और संस्कृति को निर्मूल कर अपने आप को तृणमूल कहते हैं। किस-किसका नाम गिनाएँ सबका हाल एक जैसा है। आँख का अंधा नाम नयन सुख। इसलिए मैं जब चिंतानंद जी से मिलता हूँ तो भले और बातों से संतुष्ट रहूँ या ना रहूँ पर इस बात से संतुष्ट रहता हूँ कि भले ही वो चिंतनशील नहीं हैं पर चिंताशील तो हैं। आज इधर-उधर की बात छोड़ उनके आसन ग्रहण करते ही मैने पूछा, 'कहिये महात्मन! ऊंट किस करवट बैठेगा?' इस पर उन्होंने झट कहा, 'लेखक महोदय, तुम गलत सवाल पूछ रहे हो। तुम ये पूछो कि इवीएम किस करवट बैठेगी? क्यों कि मौजूदा सरकार हमेशा इससे छेड़छाड़ करती है।' मैने कहा, 'वे छेड़छाड़ करते हैं या नहीं इसका कोई प्रमाण तो नहीं है पर आपलोग हारने के बाद इसके साथ छेड़छाड़ की बात कर बेचारी का चरित्र हरण करने से बाज नहीं आते।' इस पर चिंतानंदजी टीवी पर बैठे विरोधी दल के प्रवक्ता की तरह झुंझला कर बोले, ₹इसमें चरित्र हरण की कोई बात नहीं है। जैसे सी बी आई उनकी, इडी उनकी , मिडिया उनकी उसी तरह इवीएम भी उनकी।' मैने कहा,' फिजूल की बातें छोड़ अच्छा होता आपलोग अपने घोषणापत्र पर चिंतन करते। आठ हजार, आठ सौ, अस्सी रुपये हर बेरोजगार के खाते में कहाँ से लाकर देंगे? आप इसपर शोध करते। गरीबी मिटाओ जैसी पुस्तैनी नारे की जगह खटाखट-खटाखट कैसे रोजगार पैदा करेंगे उसपर आत्ममंथन करते। चुनाव परिणाम के बाद आप वापस तीन तिरहुतिया तेरह चुल्हा न हो जायें उस पर विमर्श करते।' तब चिंतानंद मेरी बात काटते हुए बोले, 'इसके लिए एक तारीख को हम बैठक करने ही वाले हैं।' मैने कहा, 'इससे क्या होगा?' देखिए तो एक वो हैं जो चुनावी महापर्व के बाद कन्याकुमारी समाधी पर जा रहे हैं। एक आपलोग हैं, कोई जेल से निकलकर फिर जेल जा रहा है। कोई जेल जाने के कगार पर है तो कोई इंग्लैंड जाने वाला है, कोई बैंकाक और वो भी सारा दोष इवीएम के मत्थे मढ़कर'। इतना सुनकर चिंतानंद जी मेरे यहाँ से जाने के लिए उठकर खड़े हो गए। मैने कहा , 'महात्मन एक कप चाय तो पी लीजिए!' 'नहीं ! नहीं! इसी चाय ने तो इवीएम पर कब्जा जमा रखा है।हमें इवीएम मुक्ति हवन करवाना है। मैं चला....'

**(वरीय अंग्रेजी शिक्षक कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल,रातू, रांची)**

तीर्थ यात्रा

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी



योगेश कुमार सोनी

**चारधाम** की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है? चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।' यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए।

> **सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है?**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से

ocean jain @ocjain4 Follow

जून 2013
उत्तराखंड की जल प्रलय में 6000 अज्ञात लोग मारे गए,
4800 आज तक लापता हैं,
कुल 11000 मौतें हुईं।
कांग्रेस सरकार को इतनी बड़ी त्रासदी के बारे में तीन दिन बाद चला .....
जब एक हेलीकाप्टर पायलट ने देखा कि 'रामबाड़ा' तो गायब है और भागीरथी अपनी जगह से आधा किलोमीटर दूर बह रही है।
मरने वालों में हज़ारों हिंदु तीर्थयात्रियों के अलावा...... सैकड़ों राज्य सरकार ,बैंक कर्मी और सैकड़ों घोड़े वाले भी थे, .....
मगर तत्कालीन सोनिया-राहुल-बहुगुणा सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी रहीं , .....
हज़ारों करोड़ का नुकसान हुआ
मगर मनमोहन सिंह ने सिर्फ सौ करोड़ दिये, और पहुँचे बमुश्किल 20-25 करोड़ !!
शेष दलालों ने उड़ा लिए!
'राहुल' विदेश दौरे पर था तो राहत कार्य का उद्घाटन कौन करता ?
ट्रकों को हरी झंडी कौन दिखाता,
फोटो किसका खिंचता ?
सो जब राहुल बाबा थाईलैंड से लौटे, तब राहुल और सोनिया के फोटो वाली राहत पेटियां तैयार हुईं, और पेटियों में पारले-G के बिस्कट रखकर राहत सामग्री का नाम दे दिया गया।

Post your reply

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारत की श्रुति व स्मृति में हैं राम



हृदयनारायण दीक्षित

भारत प्राचीन राष्ट्र है लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचयह्य में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, ''भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक्आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था, शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते। ''यूनानी'', शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहाँ 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है। लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है। भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, ''भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखण्ड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।'' ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, ''हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिन्धु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।'' राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखण्ड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसापूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है। सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है।**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

# शिरडी साईं बाबा का इतिहास



**शिरडी** के श्री साईं बाबा को सभी का भगवान माना जाता है। शिरडी को हिंदुओं और मुसलमानों के लिए एक पवित्र स्थान माना जाता है। हाल के दिनों में रूढ़िवादी ईसाइयों, पारसियों सहित सभी धार्मिक लोगों ने शिरडी के साईं बाबा की पूजा करना शुरू कर दिया है। **शिरडी के साईं बाबा का बचपन**

श्री साईं बाबा का जन्म वर्ष 1835 में पाटरी के एक ब्राह्मण दंपत्ति के घर हुआ था, जो ब्रिटिश भारत के निजाम राज्य में था। जहाँ उनके माता-पिता ने उन्हें फकीर को सौंप दिया। जब वे 5 वर्ष के थे, ये शब्द बाबा ने अपने अंतिम दिनों में प्रकट किए थे। लेकिन जन्म तिथि अभी भी दुनिया के लिए अज्ञात है। ऐसे बहुत से समुदाय हैं जो दावा करते हैं कि बाबा उनके संबंधित समुदाय से हैं, लेकिन इनमें से कोई भी दावा सिद्ध नहीं हुआ है। बाबा 16 साल की उम्र में पहली बार महाराष्ट्र के शिरडी गा।ढ्ढंव आए थे। ( क्रमशः )

## टेक वर्ल्ड

# इंस्टाग्राम के इस नए फीचर्स का उठा सकते हैं फायदा

**इंस्टाग्राम** के शौकीन यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है। इंस्टाग्राम इस पर अभी काम रह है। इसमें फीचर के ऑफिशियल रिलीज होने से पहले ही यूजर्स को उसे इस्तेमाल करने का अनुभव मिल सकता है। बता दें कि, ये फीचर वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स की तरह ही काम करेगा। इंस्टाग्राम के शौकीन यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर आने वाला है। इंस्टाग्राम इस पर अभी काम रह है। इसमें फीचर के ऑफिशियल रिलीज होने से पहले ही यूजर्स को उसे इस्तेमाल करने का अनुभव मिल सकता है। बता दें कि, ये फीचर वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स की तरह ही काम करेगा। इस फीचर को इंस्टाग्राम ने इयरली एकसेस टू फिचर नाम दिया है। यहां यूजर्स एक्सपीरियंस के साथ ही अपने फीडबैक भी दे पाएंगे।



**रिलीज से पहले मिलेगा लुत्फ उठाने का मौका**

इंस्टाग्राम इस फीचर को यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर करने के लिए लेकर आ रहा है। जिस तरह वॉट्सऐप बीटा टेस्टर्स को फीचर लॉन्च होने से पहले ही मिल जाता है। ठीक उसी तरह अब इंस्टाग्राम पर भी ये सुविधा मिलेगी। जो लोग इंस्टाग्राम के इस फीचर को इस्तेमाल करना चाहते हैं तो वे इसे एंड्रॉइड बीटा प्रोग्राम के जरिए ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



योग की शक्ति : साधु बालयोगी बालक नाथ ( गुरु गोरखनाथ राम तालाब मंदिर, कटवारिया सराय ) नई दिल्ली में हर साल गर्मी के मौसम में अपने चारों ओर 'उपलों' से बने अग्नि कुंडों में धूनी तपस्या करते हैं। यह 41 दिनों की उनकी 11वीं तपस्या है। साधु बालयोगी बालक नाथ पिछले 11 वर्षों से यह तपस्या कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह तपस्या लोक कल्याण के लिए वे हर साल करते हैं।

# सेक्स वीडियो मामला : प्रज्वल रेवन्ना छह जून तक एसआईटी की हिरासत में

एजेंसी



**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के सांसद और सेक्स वीडियो मामले के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे छह जून तक एसआईटी की हिरासत में भेज दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के यौन शोषण का कथित वीडियो सामने आने पर कर्नाटक में हंगामा मच गया था। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अशोक नायक ने अदालत से प्रज्वल रेवन्ना को 15 दिनों के लिए एसआईटी की हिरासत में सौंपने की मांग की थी।

# ओडिशा के सुंदरगढ़ में हीट स्ट्रोक से 12 की मौत

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच राज्य के सुंदरगढ़ में बीते 24 घंटे के दौरान हीट स्ट्रोक से 12 लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों का राउरकेला सरकारी अस्पताल ( आरजीएच ) में इलाज चल रहा है। सुंदरगढ़ के एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, गुरुवार रात को मरने वाले आठ लोगों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उनकी मौत का सही कारण जल्द ही पता चल जाएगा। फिलहाल, हाई-टेक अस्पताल में दस और आरजीएच अस्पताल में 23 अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त कमरे तैयार रखे गए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कुम्भ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

# कहर : दिल्ली में पारा 49 के पार, पानी की किल्लत, बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

- *दिल्ली में बिजली की मांग 900 मेगावाट बढ़कर 8,302 मेगावाट हुई*
- *कई इलाकों में एक बार वाटर सप्लाई तो कहीं टैंकर से हो रही जलापूर्ति*

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी के साथ हीटवेव का कहर जारी है। तापमान 49 डिग्री के पार पहुंच चुका है। इस भीषण गर्मी में दिल्ली में एक ओर पानी की किल्लत होने लगी है, वहीं दूसरी ओर बिजली की मांग भी अपने रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 8,302 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। दिल्ली में बिजली की यह खपत बीते वर्ष के मुकाबले करीब 900 मेगावाट अधिक है। पानी की किल्लत की बात करें तो दिल्ली के कई इलाकों में केवल एक बार पानी की सप्लाई की जा रही है। इससे भी बढ़कर कई इलाके ऐसे हैं जहां दिन में एक बार भी पानी नहीं आ रहा है। ऐसे इलाकों में जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं।

दिल्ली सरकार का कहना है कि हरियाणा द्वारा यमुना नदी में पर्याप्त पानी न छोड़े जाने के कारण पानी की किल्लत हुई है। पानी की किल्लत को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में पानी की डिमांड बहुत बढ़ गई है। जो पानी दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से मिलता था, उसमें भी कमी कर दी गई है। यानी डिमांड बहुत बढ़ गई और सप्लाई कम हो गई। हम सबको मिलकर इसका निवारण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं देख रहा हूं कि बीजेपी के साथी, हमारे खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक्त राजनीति करने की बजाय, आइए मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवाएं। बिजली आपूर्ति पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से देशभर में पानी और बिजली का संकट हो गया है। पिछले वर्ष, दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7,438 मेगावाट थी। इसके मुकाबले इस साल पीक डिमांड 8,302 मेगावाट तक पहुंच गई है। पर इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है।

## पानी के लिए केजरीवाल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक तरफ जहां पानी की किल्लत से लोग बेहाल हैं। इस बीच, दिल्ली सरकार पानी की किल्लत को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। केजरीवाल सरकार ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और यूपी से पानी देने की मांग की है। दिल्ली सरकार की ओर से यह याचिका ऐसे वक्त में दाखिल की गई है जब मंत्री आतिशी ने पिछले दिनों बीजेपी शासित राज्य हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हरियाणा सरकार राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर उसके हिस्से का पानी यमुना नदी से नहीं छोड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसके जवाब में दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार की लापरवाही की वजह से दिल्लीवासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। हर साल गर्मी का मौसम आते ही समर एक्शन प्लान तैयार किया जाता है। आमतौर पर समर एक्शन प्लान की बैठक मार्च में होती थी।

## रूस ने यूक्रेन के खार्किव में मिसाइलें दागीं, पांच की मौत




**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर खार्किव में रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शुक्रवार को टेलीग्राम के माध्यम से बताया, मरने वाले ज्यादातर लोग पांच मंजिला अपार्टमेंट में रह रहे थे। हमलों में एक दमकल गाड़ी और एक एम्बुलेंस को भी नुकसान पहुंचा है। रूसी सेना ने शहर पर पांच मिसाइलें दागीं। हमले में कम से कम 20 आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि कीव पर एक क्रूज मिसाइल से हमला किया गया। हमले में एक कार मरम्मत की दुकान और छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन दो साल से भी अधिक समय से रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण का सामना कर रहा है। यूक्रेनी बिजली आपूर्ति पर रूसी हमलों के कारण बार-बार बिजली कटौती हो रही है।

## बीएमडब्ल्यू सवार बदमाशों ने लूटी ऑडी, 3 लोगों को भी किया घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में नेशनल हाईवे-9 की सर्विस लेन पर बीएमडब्ल्यू सवारों ने ऑडी कार सवार तीन मैकेनिक की पिटाई कर दी। इसके बाद ऑडी कार लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और कार की तलाश की जा रही है। यह घटना 29 मई की शाम 4 बजे की बताई जा रही है। दिल्ली निवासी युवक ने लूटी गई कार गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक सर्विस सेंटर पर भेजी थी। सर्विस सेंटर से मैकेनिक कार के पार्ट्स लेने दिल्ली जा रहे थे।

# पोर्न स्टार को चोरी छुपे पैसे देने के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप दोषी करार

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के बीच एक ऐतिहासिक फैसले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। गुरुवार को 12 जूरी ने फैसला सुनाया। ट्रंप को एक पोर्न स्टार को चोरी छुपे पैसे देने के मामले में दोषी ठहराया गया। पोर्न स्टार ने आरोप लगाया था कि उनके बीच यौन संबंध थे। हालांकि, अमेरिकी कानून उन्हें राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने या निर्वाचित होने से नहीं रोकता। उनके खिलाफ लंबित चार आपराधिक मामलों में से यह पहला मामला है, जिसका फैसला आया है और अन्य मामलों में देरी हो सकती है। ट्रंप पर आरोप था कि उन्होंने पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए पैसे दिए और इसके लिए अपने व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। उन्होंने वकील माइकल कोहेन को दिए गए कानूनी खर्च के रूप में इस पैसे को दिखाया, जो न्यूयॉर्क राज्य के कानून के तहत एक अपराध है।

## 50 डिग्री तापमान में देह को डिहाइड्रेट होने से बचा सकता है एक कप नारियल पानी

–आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ रही गर्मी में आपके शरीर को डिहाइड्रेट होने से बहै एक कप नारियल पानी बचा सकता है क्योंकि नारियल पानी नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय है। जिसको आप कसरत करने के बाद या तेज धूप में कहीं जाने, काम करने के दौरान भी पी सकते हैं, और शरीर पर गर्मी के असर कम कर सकते हैं। इन दिनों तापमान दिनों दिन नए नए रिकॉर्ड बना रहा है। इस मौसम में तेज धूप और उमस वाली गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी में घर से बाहर निकलते ही मुंह सूख जाता है, पानी कितना भी पिया जाए प्यास नहीं बुझती। इस मौसम में बहता पसीना शरीर में डिहाइड्रेशन को बढ़ा देताहै। देह में पानी की कमी के साथ ही इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी भी होने लगती है। इलेक्ट्रोलाइट्स ऐसे मिनरल हैं जो हमारे खून में घूमते रहते हैं। ये खनिज पेट के जूस, मल , पेशाब और आपके शरीर के अंदर ऊतकों में भी होते हैं। नमक इलेक्ट्रोलाइट का एक उदाहरण है। गर्म मौसम में यदि हम कुछ वर्कआउट करते हैं तो शरीर में पानी की कमी के साथ ही इलेक्ट्रोलाइट तक की कमी होने लगती है। इन दिनों तापमान 50 ड्रिग्री को पार कर रहा है, जबकि मानव शरीर 44 डिग्री पर ही खतरे का संकेत देने लगता है। व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। इन हालात में बढ़ते तापमान में कुछ विशेष तरह के पेय का सेवन करने पर शरीर में पानी की कमी पूरी होती है और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी बना रहता है। कुछ आयुर्वेदिक चिकित्सक कहते हैं कि बढ़ती गर्मी में तो सबसे बेहतर बचाव का उपाय यह है कि आप तेज तापमान में बाहर जाने से बचें।यदि मजबूरी में जाना ही पड़े, तो हर तरह से सुरक्षा के उपाय करके ही जायें। सुबह काम पर निकल जाएँ। दिन के 12 बजे से लगभग 3 या 4 बजे तक कहीं छांव या ठंडे में रहें। नारियल पानी पिएं या नींबू रस, प्याज, नमक, सत्तू को मिला कर बनाया हुआ ठंडा पेय पीयें। ये ऐसे पेय है जो गर्मी में देह को हाइड्रेट रखने तथा इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाने में बहुत ही कारगर साबित होते हैं। यदि दिन में कम से कम एक कप / लगभग 240 मिली नारियल पानी पीने से भयंकर गर्मी से होने वाले कई तरह के खतरों से बचा जा सकता है। क्यों इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट शरीर में पसीने के मार्फत निकले हुए इलेक्ट्रोलाइट को फिर बना लेता है।

**एक कप / लगभग 240 मिली नारियल पानी में निम्न पोषक तत्व होते हैं**

- कैलोरी लगभग - 45
- कार्बोहाइड्रेट - लगभग 9 ग्राम
- शुगर - मुख्य रूप से ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज
- प्रोटीन - 1 ग्राम से कम
- वसा - आमतौर पर 1 ग्राम से कम यानि ना के बराबर होती है।
- सोडियम - लगभग 45 मिलीग्राम
- पोटेशियम - लगभग 600 मिलीग्राम
- सूक्ष्म पोषक तत्व - कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस व विटामिन सी थोड़ी मात्रा में होते हैं।

*नारियल* पानी नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट युक्त ड्रिंक है जिसका सेवन एक्सरसाइज करने के बाद या तेज धूप में भी किया जाए तो बॉडी पर जादुई असर करता है। इसका सेवन करने से बॉडी में पानी की कमी नहीं होती। 50 डिग्री तापमान पर भी बॉडी हाइड्रेट रहती है।

## थमा चुनाव प्रचार / बिहार में राजनीतिक लड़ाई के विभिन्न आयाम आए सामने

# आरक्षण से शुरू लड़ाई खटाखट, फटाफट तक पहुंची

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार गुरुवार को थम गया। अंतिम दौर की लड़ाई के बाद यह तय माना जा रहा है कि मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों के बीच होगा। करीब ढाई महीने के चुनाव प्रचार के दौरान कई मुद्दे उठे और कई मुद्दे गौण रहे। इस बीच, नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी रहा। इस चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर आरक्षण और संविधान खत्म करने के लेकर शुरू हुई सियासी लड़ाई खटाखट, फटाफट, धकाधक तक पहुंच गई और लोगों ने भी इसका खूब आनंद लिया। बिहार में नौकरियों को लेकर दोनों गठबंधनों के बीच श्रेय लेने की होड़ मची रही। राजद ने बिहार में पिछले दिनों नौकरी देने का श्रेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को देने को लेकर इस चुनाव में जबरदस्त फील्डिंग सजाई। उसने लोगों तक यह बात पहुंचाने की कोशिश की कि उनकी वजह से ये नौकरियां संभव हो पाई हैं। लेकिन जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे लेकर मोर्चा संभाला और एनडीए के नेताओं ने राजद और नीतीश कुमार के कार्यकाल में नौकरी देने की तुलना सार्वजनिक मंचों से करनी शुरू की तब एनडीए ने जमकर पलटवार किया। इधर, राजद ने संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने की मुहिम से इस चुनाव को जोड़ने का भरसक प्रयास किया। लेकिन राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा मुसलमानों को आरक्षण देने वाले बयान ने एनडीए नेताओं को बड़ा मुद्दा दे दिया और चुनाव के अंतिम चरण तक एनडीए ने इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।

मंच से तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते रहे, मिजाज रखिये टनाटन, टनाटन, टनाटन, मतदान के दिन वोट डालिए खटाखट, खटाखट, खटाखट। चार जून के बाद भाजपा हो जाएगी सफाचट, सफाचट, सफाचट। नौकरी मिलेगी फटाफट, फटाफट, फटाफट। दीदी के खाते में एक लाख जाएंगे सटासट, सटासट, सटासट।

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सरीखे नेता तेजस्वी को उसी अंदाज में जवाब देते दिखे, कहा चार जून को इनके आंसू गिरेंगे धकाधक, धकाधक, धकाधक। ईवीएम पर आरोप लगेगा फटाफट, फटाफट, फटाफट। कइयों को आएगी मिर्गी चटाचट, चटाचट, चटाचट।

## स्वाति केस में बिभव कुमार 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार को बिभव की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शुक्रवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के सुनवाई योग्य होने के सवाल पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। घटना 13 मई की है।

# दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू शृंखला के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के साथ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जेमिमाह रॉड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकर को तीनों प्रारुपो की टीम में नामित किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर होगा। दक्षिण अफ्रीका के साथ अभ्यास मैच सहित तीनों प्रारुपों में 13 जून से नौ जुलाई तक मैच खेले जाएंगे।

अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को यास्तिका भाटिया की जगह तीनों प्रारुपों की टीमों में शामिल किया गया है। भाटिया बंगलादेश में केवल एक टी-20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में एशियन गेम्स के दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया को भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया। वह आखिरी बार जुलाई 2023



में भारतीय टीम का हिस्सा थीं। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को भी टेस्ट और एकदिवसीय टीम में बुलाया गया है। उन्होंने अब तक 26 टी-20 मैच खेले हैं। बंगलादेश के खिलाफ टी-20 के साथ-साथ आखिरी एकदिवसीय और टेस्ट मैचों में टीम (पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया के साथ) का हिस्सा रही तेज गेंदबाज तितास साधु को मौका नहीं दिया गया है।

लेगस्पिनर एस आशा ने एक सफल डब्ल्यूपीएल सीजन के बाद बंगलादेश में अपना टी-20 में पर्दापण किया था। अब उन्हें एकदिवसीय टीम में भी मौका दिया गया है। वहीं डी हेमलता बांग्लादेश में उसी टी-20 श्रृंखला में वापसी की थी। अब लगभग दो साल बाद उन्होंने एकदिवसीय टीम में भी वापसी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि जेमिमाह पीठ की चोट के कारण अप्रैल-मई में बंगलादेश में पांच मैचों की टी-20 सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। उस से समय वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ ले रही थीं।

**वनडे टीम :**
हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**टेस्ट टीम :**
हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, शुभा सतीश, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह और प्रिया पुनिया।

## जाबिर एमपी ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया



**एजेंसी। चेन्नई**

कई शीर्ष सितारों की अनुपस्थिति में सभी की नजरें केरल के अंतरराष्ट्रीय बाधा दौड़ खिलाड़ी जाबिर एमपी पर टिकी रहीं, जिन्होंने गुरुवार को यहां एक दिवसीय इंडियन ग्रां प्री सीरीज के दूसरे चरण में पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.94 सेकंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ ग्रुप ए रेस के आखिरी मोड़ पर अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलते हुए 50 सेकंड से कम समय में रेस पूरी की और अपने पसंदीदा संतोष कुमार टी (50.14) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। वह इस सीजन की अपनी पहली रेस में हिस्सा ले रहे थे। संतोष कुमार ने बाद में 400 मीटर फ्लैट में 46.46 सेकंड का शानदार समय निकालकर ग्रुप ए की रेस जीत ली। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता आर विथ्या रामराज ने 57.28 सेकंड का समय लेकर दबदबा बनाया। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर ए रेस में 53.00 सेकंड का समय निकालकर दोहरा स्कोर भी बनाया। देश के अधिकांश शीर्ष एथलीटों ने इस मीट में भाग नहीं लिया क्योंकि वे आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के मद्देनजर विदेश में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## कीवी विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। हालांकि, 30 वर्षीय खिलाड़ी नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए घरेलू क्रिकेट में भाग लेना जारी रखेंगी। 30 वर्षीय बेजुइडेनहाउट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 वनडे और 7 टी20 मैच खेले, उसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं। बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए 16 वनडे और 22 टी20 मैच खेले हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था, जहां कीवी टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाने में विफल रही थी। रेड-एस (खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी) से पीड़ित होने के बाद वह लगभग दो साल तक क्रिकेट नहीं खेल पाई। बेजुइडेनहाउट ने 2023 में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए वापसी की। बेजुइडेनहाउट ने एक बयान में कहा, ₹मैं इस निर्णय से संतुष्ट हूं, लेकिन यह निर्णय लेना आसान नहीं था। मैं पिछले कुछ समय से अपने काम और खेल के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रही हूं, और बहुत सोचने और चिंतन करने के बाद मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं अपना पूरा ध्यान द एपिक स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट पर लगाऊं। इससे पहले 2024 में, बेजुइडेनहाउट ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के छह व्हाइट-बॉल मैचों में से पाँच में हिस्सा लिया था। लेकिन बाद में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया।

## नॉर्वे शतरंज, राउंड 4 : वैशाली ने बढ़त बनाई प्रज्ञानानंद, हंपी को क्लासिकल में मिली हार

**एजेंसी। स्टावांगर**



पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के ठीक एक दिन बाद, भारत के स्टार खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंद गुरुवार को नॉर्वे शतरंज 2024 के राउंड 4 में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए। नाकामुरा ने प्रज्ञानानंद के खिलाफ शानदार तैयारी की थी। उन्होंने शानदार खेल दिखाया और एक शानदार जीत हासिल की और शीर्ष पर पहुंच गए।

दूसरी ओर, प्रज्ञानानंद की बहन वैशाली ने दिग्गज पिया क्रैमलिंग को हराकर अपना दबदबा कायम रखा और अपनी बढ़त को कुल 8.5 अंकों तक पहुंचा दिया।भारतीय महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी को राउंड 4 में अन्ना मुजीचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम में हार का सामना करना पड़ा। नॉर्वे शतरंज महिला टूनामेंट के एक अन्य रोमांचक खेल में, जू वेनजुन ने टूनामेंट के चौथे आर्मगेडन टाईब्रेक में अपनी हमवतन ली तेंगजी पर जीत हासिल की। स्थानीय हीरो कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य मुकाबले में फैबियानो कारुआना पर मामूली जीत दर्ज करके तीन अंक हासिल किए। कारुआना के पास कार्लसन के साथ रेटिंग अंतर को केवल चार अंकों तक कम करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन खेल, जो शुरू में शांत था, ने अंतिम गेम में नाटकीय मोड़ ले लिया। कार्लसन ने एक छोटी सी बढ़त का फायदा उठाया, और अंततः कारुआना की एक गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। इस बीच, अलीरेजा फि रोजा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

## लंदन चरण में बेस्ट टीम कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहते हैं हरमनप्रीत

**एजेंसी। लंदन**

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों को अभी चार मैच और खेलने हैं। जिसमें वे 1 और 8 जून को जर्मनी, 2 और 9 जून को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। एंटवर्प चरण के बाद, महिला टीम सातवें स्थान पर है जबकि पुरुष टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

पुरुष टीम ने अब 12 मैचों में 21 अंक हासिल किए हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन क्रमशः छठे और नौवें स्थान पर हैं जिन्होंने अब तक एफआईएच हॉकी प्रो लीग



2023/24 में केवल चार मैच खेले हैं। एंटवर्प चरण में भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ 2-2 (5-4) शूटआउट जीत के साथ शुरूआत की। फिर, बेल्जियम के खिलाफ भारत को 1-4 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को एक रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया।

हालांकि, इस जीत के बाद भारत को बेल्जियम के खिलाफ शूटआउट में हार झेलनी पड़ी। टीम के अब तक के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमने एंटवर्प में अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ कुछ चुनौतीपूर्ण मैच खेले, दोनों ही पेरिस 2024 ओलंपिक में हमारे पूल में हैं। हमने कुछ मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुछ मौकों पर हमें संघर्ष करना पड़ा लेकिन टीम लगातार सुधार कर रही है। हमने इस अवसर का उपयोग टीम के कुछ युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने और टीम के तालमेल को बेहतर बनाने के लिए भी किया।

## थांग-टा में झारखंड के चार मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को मिला ब्लैक बेल्ट



**रांची।** थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा इंफाल में 26 से 30 मई तक आयोजित ऑल इंडिया कोचेज ट्रेनिंग में झारखंड के चार थांग-टा मार्शल आर्ट के जानकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ल्ड थांग टा फेडरेशन के अध्यक्ष सह ग्रैंड मास्टर एच प्रेमकुमार ने झारखंड के वरिष्ठ मार्शल आर्टिस्ट रंजीत केशरी को मास्टर्स ग्रेड ब्लैक बेल्ट की द्वितीय ग्रेड तथा कृष्णा कुमार साव, ममता पांडेय (सभी धनबाद) तथा सोनामोती कुमारी (पलामू) को ब्लैक बेल्ट की प्रथम ग्रेड से सम्मानित किया। इंफाल में यमनम हुईद्रोम स्थित थांग-टा मुख्यालय में आयोजित इस पांच दिवसीय सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के 60 चुनिंदा प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिन्हें इस स्वदेशी युद्धक खेल की बारीकियों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया तथा इसके प्रतिस्पर्धात्मक नियमों के ऊपर सेमिनार का संचालन किया गया।

### कोच को बुद्धिमानी से चुनें : सौरव गांगुली

**नई दिल्ली।** सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच का चयन 'समझदारी से' करने की चेतावनी दी है। भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष ने कोच के महत्व को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने पोस्ट किया- किसी के जीवन में कोच का महत्व, उनका मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देते हैं, मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह। इसलिए कोच और संस्थान का चुनाव सोच-समझकर करें। माना जा रहा है कि गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच हो सकते हैं। अभी राहुल द्रविड़ कोच है जिन्हें कि अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप के बाद छह महीने का विस्तार दिया गया था।

### पूरन-पॉवेल के अर्धशतक वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी।

## युगेंद्रन ने नये रिकॉर्ड के साथ पोल वॉल्ट में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के आर. युगेंद्रन ने 5.20 मीटर के नये रिकॉर्ड के साथ गुरुवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सत्र की दूसरी भारतीय ग्रैंड प्रिक्स की पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

युगेंद्रन ने 2010 में बेंगलुरु में रेलवे के गजानन कुमार उपाध्याय द्वारा बनाए गए 5 मीटर के पिछले ग्रैंड प्रिक्स रिकॉर्ड को तोड़ा।

हालांकि इसके बाद युगेंद्रन 2022 में गांधीनगर में राष्ट्रीय खेलों में सर्विसेज के शिव सुब्रमण्यम द्वारा बनाए गए 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने प्रयास में विफल रहे।



ट्रिपल-जंपर अब्दुल्ला अबूबकर, 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता और 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता, इस स्पर्धा में शामिल नहीं हुए। महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोजी मीना पॉलराज भी अनुपस्थित रहीं।

केरल की मारिया जैसन (केरल) और तमिलनाडु की बरानिका एलंगोवन और पवित्रा वेंकटेश के बीच 3.90 मीटर के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में, मारिया ने अपने तीसरे प्रयास में और पवित्रा ने अपने तीनों प्रयासों में सफलता प्राप्त की। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में 4 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद, उन्होंने 2023 में बेंगलुरु में खुद द्वारा बनाए गए 4.10 मीटर के ग्रैंड प्रिक्स रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य रखा।

### रोहित अकेले दम पर विरोधी टीम से मैच छीन सकते हैं: शाकिब

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि रोहित ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अकेले ही पूरा मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। भारत और बांग्लादेश शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दूसरे से भिड़ेंगे।



### शुरू हुआ मिंत्रा ईओआरएस-20

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन मिंत्रा ने पिछले एक दशक में फैशन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव के जश्न के तौर पर बुधवार को अपने फ्लैगशिप फैशन उत्सव ईओआरएस (एंड ऑफ रीजन सेल) के 20वें एडिशन की घोषणा की। 31 मई से शुरू होने वाला यह मेगा इवेंट खरीददारों को चकाचौंध कर देगा। इसमें 8,800 से ज्यादा ब्रांडों के 30 लाख से अधिक स्टाइल पेश किये जाएंगे। देश के चहेते फैशन कार्निवल के पिछले समर एडिशन की तुलना में इस बार ब्रांड कैटलॉग में 47 फीसदी और ट्रेंड-फर्स्ट सेलेक्शन में लगभग 50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। खरीददारों को प्रीमियम और इंटरनेशनल ब्रांड पर अभूतपूर्व वैल्यू मिलेगी जो देश के फैशन का ट्रेंड सेट करने और उसे प्रीमियम बनाने में मददगार साबित होगा।

# भारत ने ब्रिटेन से एक लाख टन सोना मंगाया वापस

**गोल्ड रिजर्व के मामले में भारत दुनिया में सातवें स्थान पर**

**फिलहाल भारत का कुल गोल्ड रिजर्व 822 टन**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 1,00,000 किलो सोना वापस मंगाया है। यह सोना भंडार में ट्रांसफर किया गया है। अब भारत इतना ही और सोना विदेश से वापस लाने की तैयारी है। रिजर्व बैंक और सरकार के इस कदम की सोशल मीडिया पर खूब सराहना हो रही है। लोग सोशल मीडिया पर यह तक लिख रहे हैं कि जो काम देश की पहले की सरकारें नहीं कर पाई, वह काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने कर



दिखाया। देश चुनाव में व्यस्त है, इस बीच आरबीआई ने अपना 100 टन सोने का भंडार ब्रिटेन से भारत वापस स्थानांतरित कर दिया है। अधिकांश देश अपना सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड या ऐसे किसी स्थान पर सुरक्षित रखते हैं और इसके लिए शुल्क का भुगतान करते हैं। आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 2014 में 557 टन था, जो 2024 में 822 टन हो गया है। यानी 10 साल के पीएम मोदी के शासनकाल में देश के गोल्ड रिजर्व में 53% की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार ने 265 टन सोना इस दौरान खरीदा है। 100 टन सोना वापस लाने के साथ ही आरबीआई ने एक और बड़ा फैसला लिया है कि अब रिजर्व गोल्ड की बड़ी मात्रा को देश के अंदर ही रखा जाएगा। विदेशों में रखा सोना भी भारत लाया जाएगा। 100 टन सोना जो भारत लाया गया है, वह बैंक ऑफ इंग्लैंड में रखा गया था। एक विशेष विमान के जरिए 100 टन सोना लंदन से भारत लाया गया। आरबीआई के आधे से अधिक गोल्ड भंडार विदेश में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास सुरक्षित रखे गए हैं। 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा था। फिर, 4 से 18 जुलाई 1991 के बीच आरबीआई ने 400 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के पास 46.91 टन सोना गिरवी रखा था। यानी 1991 में आर्थिक संकट से निपटने के मकसद से नरसिम्हा राव की सरकार ने इतनी बड़ी मात्रा में सोना गिरवी रखा था। 2009 में मनमोहन सिंह की सरकार ने आईएमएफ से 6.7 अरब डॉलर की कीमत पर 200 टन सोने की खरीदी की थी। हाल के वर्षों में आरबीआई के द्वारा खरीदे गए सोने के स्टॉक में लगातार वृद्धि होती रही। आरबीआई के पास कुल सोना 822 टन है। जिसमें से आरबीआई के पास 100 टन सोना है, नोट छापने के लिए रिजर्व सोना 308 टन है और 414 टन सोना विदेशों में रखा गया है। 2022-23 में आरबीआई ने 34.3 टन गोल्ड की खरीदी की। जबकि, 2023-24 में 27.7 टन सोने की खरीदी की गई। दुनिया के सबसे ज्यादा गोल्ड रिजर्व वाले देशों की सूची देखें तो इसमें अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 8,134 टन, जर्मनी के पास 3,352 टन, इटली के पास 2,452 टन, फ्रांस के पास 2,437 टन, रूस के पास 2,333 टन सोना रिजर्व में है। दुनिया में भारत का गोल्ड रिजर्व रखने वाले देशों की सूची में स्थान नौवां है।

## जेफरीज ने अदाणी ग्रुप के चार शेयरों में दी खरीदारी की राय



**नई दिल्ली।** अमेरिकी निवेश फर्म जेफरीज की ओर से अदाणी ग्रुप की चार कंपनियों पर खरीदारी की राय दी गई है। इनमें अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अंबुजा सीमेंट का नाम शामिल है। जेफरीज द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024 में अदाणी ग्रुप के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। अमेरिकी फर्म ने कहा कि 2023 की शुरूआत में शॉर्ट सेलर फर्म की रिपोर्ट के बाद भी ग्रुप का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और यह 'सेटबैक' को एक कमबैक के रूप में बदलने में सफलतापूर्वक कामयाब रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रुप का ईबीआईटीडीए (इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कंपनियों के मुनाफे को मापने वाला मापदंड) वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, ग्रुप लेवल पर लीवरेज रेश्यो भी सुधरकर कई वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2024 में ग्रुप का फोकस कर्ज और संस्थापकों के गिरवी शेयर कम करने पर रहा है। सालाना आधार पर ग्रुप के कुल ईबीआईटीडीए में 40 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। ग्रुप ने इक्विटी के जरिए, रणनीतिक निवेशकों और डेट के माध्यम से फंड भी जुटाया है। वहीं, प्रवर्तकों ने भी हिस्सेदारी बढ़ाई है। वहीं, ग्रुप का मार्केट कैप भी फिर से पुराने स्तर पर आ गया है। आगे कहा गया कि ग्रुप दोबारा से कारोबार विस्तार के पथ पर आ गया है। अगले एक दशक में 90 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई गई है। अदाणी एंटरप्राइजेज वित्त वर्ष 2027 तक ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन का उत्पादन शुरू करने के लिए अपनी कैप्टिव मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को बढ़ा रहा है। वहीं, नवी मुंबई एयरपोर्ट का कार्य वित्त वर्ष 2025 में पूरा हो सकता है। डेटा सेंटर प्रोजेक्ट्स भी रफ्तार पकड़ रहे हैं। अदाणी पोर्ट की ओर से पांच वर्षों का बिजनेस रोड-मैप दिया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2024 से लेकर 2029 के लिए ईबीआईटीडीए में 18 प्रतिशत सीएजीआर का लक्ष्य रखा गया है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अदाणी टोटल गैस के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसा लागत कम होने के कारण मार्जिन बढ़ने और 15 प्रतिशत वॉल्यूम में वृद्धि होने के कारण हुआ है।

# आज से लागू हुए ड्राइविंग लाइसेंस के नए नियम

**एजेंसी। नई दिल्ली**


केंद्र शनिवार, 1 जून से लागू होने वाले नए नियमों के साथ ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाल ही में ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया में बदलावों की घोषणा की थी। ताकि प्रक्रिया को आसान बनाने और बेहतर प्रशिक्षित ड्राइवरों को बढ़ावा देते हुए लाल फीताशाही को कम किया जा सके।

शनिवार से लागू होने वाले सबसे बड़े बदलावों में से एक यह है कि ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के अधीन आने वाले नजदीकी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में लाइन लगाने की जरूरत नहीं है।

आने वाले दिनों में नए ड्राइविंग लाइसेंस नियम यूजर्स को कैसे प्रभावित करेंगे, यहां इस पर एक नजर डालते हैं।

**ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट**

नए ड्राइविंग लाइसेंस नियम लोगों को आरटीओ के बजाय निजी प्रशिक्षण केंद्रों पर ड्राइविंग टेस्ट



देने का विकल्प देंगे। हालांकि, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में सक्षम होने के लिए इन प्रशिक्षण केंद्रों को टेस्ट आयोजित करने के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित होना जरूरी है।

ड्राइविंग टेस्ट पूरा करने के बाद, ये केंद्र सफल आवेदकों को प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इस प्रमाण पत्र का इस्तेमाल सरकारी आरटीओ के जरिए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है। ड्राइविंग केंद्रों में पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद आवेदकों से किसी और परीक्षण की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, जो लोग ड्राइविंग टेस्ट केंद्रों पर परीक्षा देने का विकल्प नहीं चुनते हैं, उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस के पात्र होने के लिए आरटीओ द्वारा आयोजित परीक्षा पास करनी होगी।

**ड्राइविंग लाइसेंस शुल्क**

केंद्र ने 1 जून से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने और उसके रिन्युअल (नवीनीकरण) की प्रक्रिया से संबंधित शुल्क में भी बदलाव किया है। स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस या लर्नर लाइसेंस हासिल करने या दोनों को रिन्यु करने के लिए 200 रुपये का भुगतान करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए शुल्क प्रति आवेदन 1,000 रुपये होगा। अब इन लाइसेंसों को हासिल करने की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो जाएगी।

**ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना बढ़ा**

केंद्र ने बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के लिए जुमार्ने में भी बदलाव करने की स्वीकृति दे दी है। 1 जून से, इस यातायात नियम का उल्लंघन करते पाए गए चालकों को 2,000 रुपये का जुमार्ना भरना होगा।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए शिविर लगाने की मांग की

**हरिहरगंज।** शहर के अररुआ खुर्द मोहल्ला में शुक्रवार को राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 50 से 60 साल की महिला सहित एसटी एससी पुरुषों को पेंशन देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्डो तथा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत इसका प्रचार प्रसार करते हुए सभी योग्य लाभुकों को लाभ देने की मांग की है। साथ ही शिविर में पीएम आवास के योग्य लाभुकों का भी चयन करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में लगे शिविर में बहुत लोग जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं।

### भीषण गर्मी में पानी की हुई किल्लत, 50 रुपये में पानी की जार खरीद रहे ग्रामीण

**पांकी पलामू।** पलामू में हीट वेव की मार झेल रहे लोग अनियमित बिजली आपूर्ति से भी कम परेशान नहीं हैं। लोगों में विभाग के प्रति काफी गुस्सा है। अहले सुबह से ही लोग भीषण गर्मी में घरोंसे निकल रहे हैं। फिर भी गर्मी से परेशानी ही है। बैंक, ब्लाक, पोस्ट ऑफिस सहित बाजारों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं पांकी प्रखंड के दो लाख आबादी वाला गांव पानी के लिए तरस रहा है। लोगों के सामने पीने के पानी की भी दिक्कत है, क्योंकि कई घरों के बोरिंग के पानी का लेयर नीचे चला गया है। कुएं भी सूख गये हैं। लोग होम डिलीवरी करवाके पानी की प्रति जार 30 से 50 रुपए में ले रहे हैं। सक्षम परिवार के लोग पानी खरीद कर किसी तरह अपना काम चला रहे हैं। लेकिन गरीब परिवारों के सामने विकराल समस्या है। बसपा के पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आलम अंसारी ने पलामू उपायुक्त से बिजली आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कराने की मांग की है।

### लातेहार में बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत कोईली गांव में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मरे हुए चमगादड़ एक पेड़ के नीचे मिले । मामले की सूचना मिलने के बाद लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने मरे हुए चमगादड़ों का सैंपल लेकर उन्हें जलाकर नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कुछ ग्रामीणों ने कोईली गांव के निकट माड़र के पास स्थित पेड़ के नीचे बड़ी संख्या में चमगादड़ों को मरा हुआ देखा। इस पेड़ पर काफी संख्या में चमगादड़ दिन को लटके रहते थे। इधर चमगादड़ों की मौत की खबर मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी लातेहार डीएफओ रौशन कुमार को दी।

# हीट वेव से हुसैनाबाद में अब तक 6 लोगों की हुई मौत, अस्पताल मरीजों से भरा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी व लू की वजह से आम जन-जीवन के साथ लोगों के बीच परेशानी बढ़ गई है। अस्पतालों में लू लगने की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का सभी बेड भरा हुआ है। लू लगने से अबतक हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में एक रेल कर्मी, तीन महिला,एक वृद्ध व एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई है।जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को पूर्व मध्य रेलवे के जपला सोननगर रेलखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन में कार्यरत ट्रैकमैन मुकेश मीना (32 वर्ष) हीट वेब के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुकेश मीना कजरात नावाडीह नबीनगर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। रेल कर्मियों ने आनन-फानन में उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया।जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेल कर्मी राजस्थान का रहने वाला था। उसका शव उसके घर भेज दिया गया है। दूसरी घटना बुधवार की है। बुधवार को मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी दिनेश साव के नौ वर्षीय पुत्र संदीप साव परिवार के सदस्यों के साथ जपला गए थे। लौटने के क्रम में हैदरनगर में उसकी तबीयत बिगड़ी। परिजनों ने उसे तत्काल एक निजी क्लीनिक में लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना गुरूवार हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला की है। 30 वर्षीय शांता देवी की मौत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाज के दौरान होने की पुष्टि हुई है। चौथी घटना गुरुवार की शाम हैदरनगर के सबनवा गांव निवासी रसीद खान 65 वर्ष की मौत अस्पताल में हो गई। पांचवीं कबरा खुर्द गांव निवासी 70 वर्षीय महिला रेहाना बीवी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। वहीं छठी घटना हैदरनगर के मस्जिद रोड की रूबी बीवी उर्फ रानी खातुन 27 वर्ष की मौत इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में हो गई। हुसैनाबाद अनुमंडल ।क्षेत्र में प्रचंड गर्मी से जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सुबह 8 बजे से लू का चलना शुरू हो रहा है। इसका असर रात के 12 बजे तक रहता है। रात के समय भी गर्म हवा की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में दोपहर में पारा 47 पार तक पहुंच रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में लगातार लू लगने से बीमार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का सभी बेड भर गया है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी जगह पर्याप्त ओआरएस व आवश्यक दवा उपलब्ध है। उन्होंने आम लोगों को अनावश्यक घर से नहीं निकलने की सलाह दी है। बहुत जरूरी होने पर हल्का कलर का सूती वस्त्र पहनकर सिर को ढककर निकलने को कहा है। साथ ही लगातार पानी का सेवन करने, नींबू पानी का सेवन करने व ताबित में परेशानी आने पर तत्काल चिकित्सक से मिलने की सलाह दी है। अन्य गांव में भी कई बुजुर्गों की अचानक मौत होने की सूचना है।

## सात वर्ष से सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोप में सात वर्ष से मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान शुक्रवार को एमआरएमसीएच में मौत हो गई। मृतक विचाराधीन कैदी संजय शर्मा (44) पलामू जिले के हैदरनगर का रहने वाला था। संजय शर्मा 12 दिसंबर 2017 से सेंट्रल जेल में बंद था। गुरुवार की रात संजय शर्मा की तबीयत सेंट्रल जेल में खराब हो गई और उसे इलाज के लिए मेदिनीराय राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान संजय शर्मा की मौत हो गई। पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथी करजी ने बताया कि संजय शर्मा मानसिक रूप से कमजोर था और उसका इलाज भी मानसिक अस्पताल में चल रहा था। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा की तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। संजय शर्मा के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में




पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल टीम गठित की गई। उन्होंने बताया कि सेंट्रल जेल प्रबंधन ने परिजनों को मौत की सूचना दी। परिजन हैदरनगर से मेदिनीनगर पहुँच गए हैं। संजय शर्मा दहेज हत्या के आरोप में 2017 से सेंट्रल जेल में बंद था। कुछ दिन पहले भी संजय शर्मा की तबीयत खराब हुई थी। तब भी उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद वह वापस सेंट्रल जेल चला गया था। गौरतलब हो कि सेंट्रल जेल में एक हजार से अधिक विचाराधीन कैदी और सजायाफ्ता कैदी बंद हैं।

## डोभा योजना पूरी तरह से फेल, योजना में डूब गए सरकार के करोड़ों रुपये

नवीन मेल संवाददाता


> *पिछले 7 वर्षों में लगभग 700 डोभा का किया गया है निर्माण*
>
> *20 हजार रुपये से लेकर चार लाख रुपये तक राशि खर्च की गई है*

**नावाबाजार पलामू ।** गांव का जलस्तर बढ़ाने व बरसात के बाद खेतों में पटवन की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर वित्तीय वर्ष 2016-17 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर सरकार के द्वारा शुरू की गई योजना डोभा योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है।? सरकार ह्यगांव का पानी गांव में व खेत का पानी खेत मेंह्ल रोकने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गयी थी। साथ हीं मनरेगा मजदूरों के लिए रोजगार सृजन भी होता। बीते सात साल में प्रखंड के पंचायतों में डोभा खुदवाने पर करोड़ रुपये खर्च किए। लेकिन विभागीय कर्मचारियों व पदाधिकारियों की लापरवाही से योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आधे से ज्यादा डोभा बर्बाद हो गए। यानी योजना पर खर्च की गई कुल राशि में लाखों रुपये डूब गए।

इधर, बड़ी संख्या में योजना के तहत स्वीकृत डोभा बने ही नहीं, जबकि उनका पैसा निकाल लिया गया। यानी डोभा निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां भी हुई हैं। प्रखंड के कई पंचायतों में डोभा गायब भी हो गए। वहीं, बड़ी संख्या में ऐसी जगहों पर डोभा बना दिए गए, जहां बरसात का पानी जाता ही नहीं है। गलत जगह पर डोभा बनाने से भी योजना पूरी तरह फेल हो गई। किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। बचे-खुचे डोभा किसानों के द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है। जबकि, अधिकतर डोभा में मिट्टी भर कर समतल यानी क्यारी बन गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रखंड के सभी 8 पंचायतों में पिछले 7 वर्षों में लगभग 700 से अधिक डोभा का निर्माण हुआ है। जिसमें कृषि विभाग व मनरेगा दोनों शामिल हैं। जरूरत के हिसाब से अलग-अलग साइज के डोभा का निर्माण कराया गया। इस पर 20 हजार रुपये से लेकर चार लाख रुपये तक राशि खर्च की गई है। स्थलीय निरीक्षण हो तो आधे से भी अधिक डोभा धरातल पर नहीं मिलेंगे।

## शहर को फुल लोड बिजली, ग्रामीण इलाकों में 6-6 घंटे लोड शेडिंग

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर/ पलामू : पलामू जिला में बिजली की किल्लत से लोग परेशान हैं। शहर में फुल लोड बिजली मिल रही है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में छह-छह घंटे की लोड शेडिंग हो रहा है। इस कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। भीषण गर्मी में पंखे की हवा भी नहीं मिल रही है। जानकारी के मुताबिक पलामू जिले में दो विद्युत डिविजन मेदिनीनगर और छतरपुर है। मेदिनीनगर डिविजन को फुल लोड विद्युत आपूर्ति हो रही है। इस डिविजन के कार्यपालक अभियंता शंभुनाथ चौधरी ने बताया कि उनके डिविजन को निर्बाध आपूर्ति के लिए 65-70 मेगावाट बिजली चाहिए जो मिल रही है। लेकिन अधिक गर्मी और अत्यधिक लोड के कारण लगातार फॉल्ट हो रहे हैं। जिसके कारण बीच-बीच में उपभोक्ताओं को पावर कट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, छतरपुर डिविजन के कार्यपालक अभियंता शुभम सिंह ने बताया कि निर्बाध आपूर्ति के लिए छतरपुर डिविजन को 14 मेगावाट बिजली चाहिए। लेकिन उन्हें मात्र आठ मेगावाट ही बिजली मिल रही है। जिसके चलते लगभग हर दिन छह-छह घंटे की लोड शेडिंग करनी पड़ रही है। गर्मी के कारण दोनों डिविजन को मिलाकर करीब चार मेगावाट की खपत अधिक बढ़ी है। छतरपुर, हरिहरगंज और हुसैनाबाद इलाके में हर दिन छह से सात घंटा बिजली गुल रहती है। शाम के बाद लोड और बढ़ जाता है तो इस भीषण गर्मी में आधी रात को लाइन काट दी जाती है। इसके बाद उपभोक्ता रतजगा करके रात बिताने को मजबूर हो जाते हैं।

## प्रशासन ने बालू माफिया के खिलाफ की छापेमारी, डंप बालू को सोन नदी में फेंका

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में बालू माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है,जिससे बालू माफियों में हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा के निर्देश पर हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने बालू माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है, अंचल अधिकारी ने गुरुवार के संध्या के समय हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव के समीप सोन नदी के किनारे बालू माफियाओं द्वारा करीब तीन सौ ट्रैक्टर ट्राली बालू का अवैध भंडारण किया गया था। जिसे अंचल अधिकारी ने अपने टीम के साथ जाकर जेसीबी मशीन से जमा किये गए बालू को सोन नदी में जेसीबी मशीन से फेंक दिया। जिसके बाद बालू माफिया में हड़कंप है । बालू माफिया सोन नदी के तट पर बालू भंडारण कर बरसात के मौसम में उसे उच्चे दामों में बेच कर मोटी रकम कमाने के फिराक में थे, जिस पर अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने पानी फेर दिया, सोन नदी के समीप जहा से ट्रैक्टर के आने जाने की रास्ते थे वहां वहां पर जेसीबी मशीन द्वारा 6 से 8 फिट गहरा खड्डे बनाये गए है। जिससे बालू लेने आये ट्रैक्टर नहीं आ जा सके,वही अंचल अधिकारी ने बताया कि एसडीओ के निर्देश पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। बीते मंगलवार को हुसैनाबाद देवरी खुर्द सोनपुरवा सोन नदी घाट पर छापेमारी किया।



### पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया

हरिहरगंज : पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने शुक्रवार को खड़गपुर स्थित बटाने नदी घाट से बालू लदे महिंद्रा ट्रैक्टर जेएच 01 टी 1075 को जब्त किया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। वही पुलिस ने बालू लदे वाहन को पथरा ओपी लाई है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर जहाना गांव का है। ट्रैक्टर के मालिक व चालक का पता लगाया जा रहा है। जब्त बालू व ट्रैक्टर पर करवाई हेतू आवेदन जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। इस अभियान में कई पुलिस बल शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू टाइगर रिजर्व के कुटकू रेंज में खुलेगा बीज संरक्षण केंद्र

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के कूटकू रेंज में बीच संरक्षण केंद्र जून के पहले सप्ताह में खुल जाएगा। यह जानकारी उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने दी है। जैना ने बताया कि इस समय बीज के संरक्षण करना बहुत जरूरी है। पलामू टाइगर रिजर्व में एक समय था जब काला शीशम के वृक्ष हुआ करता था। आज कल शीशम गायब है। ठीक इसी तरह खैर के वृक्ष गायब होने के कदार पर है। साल और सलाई वृक्ष की भी हालत एक समान ही है। जैना मैं कहा कि ग्रामीण लोगों को बीज बचाकर रखना और बीज को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के मुख्य बिंदु है हमारी जमीन हमारा भविष्य। जैना ने कहां पलामू टाइगर रिजर्व इस 5 जून को साफ सफाई के दिन मान कर पलामू किला, केचकी के दो नदियों के मिलन स्थल को स्वच्छ रखेंगे। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक ने आगे कहा कि आज जरूरत है सरवत पहाड़ को फिर से इसके पुराने गौरव पर लाने के। सरवात पहाड़ पर एक समय राम अरहर हुआ करता था। आज यह बंद है राम अरहर के बीज को बचाकर रखना होगा ताकि सरवत पहाड़ के ग्रामीण बाजार के बीज के चक्कर में ना फंस जाए।

### चतरा में अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत



**चतरा।** चतरा-रांची मुख्य पथ पर लमटा जोगियाडीह के समीप शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में ट्रक चालक मोहम्मद हसमतुल्लाह ऊर्फ हाशो ड्राइवर (45) की मौत हो गई। वह चतरा शहर के आजाद नगर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार सुबह खाली ट्रक चतरा जिले के सिमरिया की ओर जा रहा था। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर जोगियाडीह के पास एक पेड़ से जा टकराया। इस दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और मुहल्ले के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। हसमतुल्लाह उर्फ हाशो ड्राइवर को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद हसमतुल्लाह की मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि अगर सदर अस्पताल में समय पर सीपीआर दिया गया होता, तो चालक की जान बच सकती थी।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी शिकायतें




**लातेहार।** समाहरणालय में आयोजित शुक्रवारिय जनता दरबार में उपायुक्त गरिमा सिंह ने जिला के सुदूरवर्ती इलाकों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया और त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। कहा कि जनता दरबार में आई शिकायत और समस्याओं पर संवेदनशील होकर काम करें। आगे कहा कि आम जनता बहुत ही विश्वास के साथ जनता दरबार में आती है। उपायुक्त ने जनता दरबार में आए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों पर जांच कराकर समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, पेंशन, नियोजन आदि संबंधित आवेदन प्राप्त किया गए। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया।

## पेज एक के शेष

### आज समाप्त होगा सबसे बड़ा मतदान मैराथन

बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर) पर 66, पंजाब की 13 सीटों (गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला) पर 328, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों (महाराजगंज, गोरखपुर, कुशी नगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज) पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों (दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर) पर 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। प्रधानमंत्री तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं। आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 13 विशेष रेलगाड़ियां और हेलीकॉप्टर की 8 उड़ानों (हिमाचल प्रदेश के लिए) की व्यवस्था की गई है। अब तक लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है।

**दुमका, राजमहल और गोड्डा आज मतदान :** चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़े बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा सील कर दी गयी है। बाइक सवार क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि देवघर में चुनाव कार्य से जुड़े एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की मौत हो गयी है। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### सूबे में लू से दो दिनों में 28 लोगों की मौत, मर रहे हजारों चमगादड़

पकाकर खा लिया। इसकी जानकारी मिलते ही गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुवार ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया। इसके बाद उस गांव में मेडिकल कैम्प लगाकर 25 ग्रामीणों की जांच की गई। गनीमत यह है कि मांस खाने वाले किसी ग्रामीण में अब तक कोई दुष्प्रभाव नहीं देखा गया है। लू और गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित गढ़वा और पलामू जिले में शुक्रवार को तापमान में एक डिग्री की गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन फिलहाल राहत नहीं है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक शुक्रवार को गढ़वा में अधिकतम तापमान 46.5 और पलामू में 46 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के कई जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिन जिलों में तापमान अब भी 40 डिग्री से ऊपर है, उनमें लातेहार, लोहरदगा, गुमला और चतरा शामिल हैं।

### फिर खाट पर दिखी सिस्टम ममता वाहन के लिए डेढ़ किमी खाट पर जाना पड़ा गर्भवती को

सरस्वती कुमारी ने ममता वाहन को फोन कर बुलाया, लेकिन रास्ता ठीक नहीं होने के कारण वाहन कम्पुदा गांव से डेढ़ किमी दूर भेलवा टोली तक ही आ सकी। परिजन और ग्रामीण करीब डेढ़ किमी तक प्रसव पीड़ा से तड़प रही पालो जडिया को खाट में लादकर लाए। उबड़-खाबड़ रास्ते में खटिया एंबुलेंस के चलते महिला की स्थिति और बिगड़ गई। इसके बाद उसे फौरन ममता वाहन से बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## विद्यार्थियों ने आक्रोशित होकर प्रिंसिपल का किया घेराव





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी और बजली ना होने के कारण छात्र छात्रों ने आक्रोशित होकर नई बिल्डिंग के मुख्या द्वार पर प्राचार्य का घेराव किया मगर किसी तरह बचकर प्राचार्य वहां से अपने कक्ष में चले गए। छात्रों और आजसू का कहना है कि भीष्म गर्मी मे भी आंतरिक परीक्षा के दौरान कोई विधी - व्यवस्था नहीं है। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय अपनी विधि -व्यवस्था में बिलकुल भी सुधार नहीं कर रहा है। जिससे छात्रों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इंटरनल परीक्षा में जो स्थिति पिछले दिन बनी थी वही आज भी देखा गया जबकि महाविद्यालय प्रसाशन द्वारा आश्वाशन दिया गया था की अगले दिन से गलतियों में सुधार होगा । आज जब परीक्षा देने छात्र-छात्राएं पहुंचे तो पानी और बजली ना होने के कारण छात्र परेशान रहे। जिससे आक्रोश होकर प्रिंसिपल का घेराव किया। कुछ छात्र छात्रों के देर से आने के वजह से शिक्षकों द्वारा उनका परीक्षा लेने से इंकार कर दिया था । छात्रों ने आजसू छात्र नेता अभिषेक राज के साथ मिल कर फिर प्राचार्य कक्ष का घेराव कर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद महाविद्यालय प्रसाशन द्वारा छात्र - छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए पुलिस प्रसाशन को बुला लिया गया। बाद में प्राचार्य ने सभी से वार्ता की और अपनी गलतियों को स्वीकारा और कहा की सभी छूटे हुए बच्चो को पुनः मौका दिया जायेगा। अभिषेक राज ने कई विषय प्राचार्य के समक्ष रखा और कहा की महाविद्यालय में छात्रों की सुविधा का ख्याल रखा जाए क्युकी गर्मी बहुत अधिक है ऐसे मै छात्र किस तरह आ जा रहे ये बड़ी बात है। अभिषेक राज का कहना है कि महाविद्यालय के कुछ स्थाई शिक्षक और शिक्षिका के आचरण में अगर सुधार हो जाए तोह महाविद्यालय में इस तरह के माहौल नहीं बनेगा। शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को समझे और छात्रों से जुड़ने की कोशिश करे ताकि महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बने। विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन ने कहा की सभी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है ।महाविद्यालय अपनी गलतियों से नहीं सिख रहा है अगर ऐसा ही चला तोह हम महाविद्यालय में टाला बंदी करेंगे। मौके पर प्रकश,अशोक, राजीव, प्रवीण,रीता, प्रियंका आदि दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एमकेडीएवी में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी शिविर का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में चल रहे एन.सी.सी. के 10 दिवसीय शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य सह डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी.एन. खान थे। आज समापन समारोह से पूर्व व्यक्तित्व विकास पर एक अभिक्रियात्मक सत्र चला, जिसमें विषय के अनेक आयामों पर चर्चा हुई। अन्य कार्यक्रमों में कम्युनिकेशन डेवलपमेंट, जेंडर सेंसिटिविटी जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में एन.सी.सी 44वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी एवं मनोचिकित्सक डॉक्टर जूही ने प्रदत विषयों पर प्रकाश डाला। जिसमें एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के छात्र हर्ष तिवारी, आलिया अफरोज, अंकित राज, शिवम तिवारी एवं प्रीतम कुमार प्रमुख थे। इस समापन समारोह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ प्रस्तुत किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर जी. एन. खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैडेट्स यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनुशासित आचरण एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत विचार लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और भारत को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने में अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करेंगे।




# 18वीं लोकसभा के सांसदों के स्वागत और पंजीकरण की तैयारी पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा 4 जून को होगी। इसके बाद नई लोकसभा का गठन होगा, जिसे 18वीं लोकसभा के नाम से जाना जाएगा। इस बीच लोकसभा सचिवालय ने चुनाव जीतकर आने वाले सांसदों के स्वागत, पंजीकरण और सहायता करने के लिए सारी तैयारी कर ली है। 18वीं लोकसभा के सदस्यों के स्वागत और उनके निर्बाध पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। कागजी कार्यवाही को कम करने और सदस्यों के पंजीकरण की औपचारिकताओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से, नव-निर्वाचित सदस्यों का ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा। सदस्यों को विभिन्न शाखाओं में निर्धारित कागजात पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे सदस्यों का काफी समय बचेगा। एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि, इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोकसभा सदस्यों और उनकी पत्नी या पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था भी की गई है।

कई जगहों पर जानकारी उपलब्ध कराने की जटिलता को दूर करते हुए इस बार सांसदों की सुविधा और सुगमता के लिए पंजीकरण, नामांकन, अस्थायी आवास और कई अन्य मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताओं को कम से कम समय में पूरा करने का प्रस्ताव है।


एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी | लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने की गई तैयारियों का निरीक्षण किया

## 4 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू होगा

सचिवालय ने 4 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून को सुबह 8 से रात 8 बजे तक चालू रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। इससे पहले, नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण संसद के पुराने भवन (अब संविधान सदन) में होता था। इस बार, सचिवालय ने संसदीय सौध में यह व्यवस्था की है। संसदीय सौध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटर के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। काउंटर इंड-टू-इंड पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रि-कॉग्निशन के लिए अलग-अलग काउंटर हैं। इसके अतिरिक्त, नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एसबीआई बैंक खाता खोलने, स्थायी पहचान पत्र, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने की व्यवस्था भी की गई है।

## 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया

सांसदों का स्वागत करते हुए सचिवालय प्रत्येक सदस्य को भारत के संविधान, नियम, निर्देश तथा कुछ अन्य उपयोगी प्रकाशनों की प्रतियां उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रकाशन सदस्यों को सॉफ्ट वर्जन में उपलब्ध कराए जाएंगे। संसदीय सौध एक्सटेंशन के बैंक्वेट हॉल में सांसदों के परिवार के सदस्यों तथा अतिथियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। अधिक संख्या में अतिथियों के आने की स्थिति में, उन्हें पास के समिति कक्ष में बैठाया जाएगा। पंजीकरण काउंटर पर तैनाती के लिए कुल 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो शिफ्ट में काम करेंगे। प्रतीक्षा क्षेत्र (ईपीएचए भवन में बैंक्वेट हॉल) में प्रतीक्षा कर रहे सांसदों की सुविधा के लिए संपर्क अधिकारियों (एलओ) को टैब के माध्यम से डेटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था संसद परिसर में आए सांसदों का पंजीकरण कम से कम समय में करने के उद्देश्य से की गई है।

# 'सनातन जागृत के पीएम के हर अनुष्ठान का विरोधी है विपक्ष'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे दक्षिणी छोर कन्याकुमारी में स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में ध्यान मुद्रा में बैठे हुए हैं। लेकिन, पीएम मोदी के इस ध्यान को लेकर भी देश में राजनीति जारी है। विपक्षी दल जहां पीएम मोदी के ध्यान पर कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं, पलटवार करते हुए भाजपा यह आरोप लगा रही है कि सनातन संस्कृति को जागृत करने के पीएम मोदी के हर अनुष्ठान का विरोध करना विपक्षी दलों की आदत बन गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने विपक्षी नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब भी सनातन संस्कृति को जागृत करने का कोई भी अनुष्ठान करते हैं तो विपक्ष उसका विरोध करता है। विपक्षी दलों ने काशी कॉरिडोर का विरोध किया, गंगा जी की आरती में पीएम गए तो उसका भी विरोध किया, महाकालेश्वर पुनर्निर्माण का विरोध किया, अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जब प्रधानमंत्री ने 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान किया तो उसका विरोध किया।



*विपक्षी दलों ने काशी कॉरिडोर का विरोध किया, गंगा जी की आरती में पीएम गए तो उसका भी विरोध किया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी बहिष्कार किया।*

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के हर काम का विरोध करना ही सनातन द्रोहियों और विरोधियों का एकमात्र एजेंडा रहता है। लेकिन, वे विरोध करते रहें। जिस तरह से स्वामी विवेकानंद ने कन्याकुमारी में तप करके हिंदुत्व के दर्शन को विश्वव्यापी किया था, उसी तरह से प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व गुरु के तौर पर स्थापित करने में सफल होंगे, यह निश्चित है।

# एग्जिट पोल से संबंधित किसी भी डिबेट में शामिल नहीं होगी कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। वोटिंग के बाद शनिवार देर शाम से तमाम न्यूज चैनल पर एग्जिट पोल आने शुरू हो जाएंगे। इसी बीच कांग्रेस ने एक बड़ा ऐलान किया है कि पार्टी एग्जिट पोल के डिबेट में भाग नहीं लेगी। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, आगामी एग्जिट पोल डिबेट्स में पार्टी द्वारा भाग ना लिए जाने के निर्णय पर हमारा वक्तव्य : मतदाताओं ने अपने मत दे दिए हैं एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। 4 जून को परिणाम सबके सामने होंगे। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नजरों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगाकर घमासान में भाग लेकर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है। किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से डिबेट्स में खुशी-खुशी हिस्सा लेगी। गौरतलब है कि शनिवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम और सातवें चरण में 57 लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। अंतिम चरण की वोटिंग के बाद देर शाम से एग्जिट पोल आने शुरू हो जाएंगे। 4 जून को लोकसभा और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।



## मध्य प्रदेश के पुराने कांग्रेसी दिग्गजों को खुद पार्टी ने चुनाव प्रचार में नहीं दिया महत्व

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिए चार चरणों में मतदान हो चुका है। वहीं देश में सातवें और अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होने वाला है। इस बार के चुनाव में मध्य प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी भी बेहतर उपयोग नहीं कर पाई। गिनती के नेता ही पूरे राज्य में प्रचार में सक्रिय देखे और कुछ ही नेता राज्य के बाहर नजर आए। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इन सीटों पर पहले चार चरणों में मतदान हुआ। कांग्रेस के दिग्गज नेता, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, इन चार चरणों में भी सीमित तौर पर सक्रिय रहे। छिंदवाड़ा से कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुनाव मैदान में थे और राजगढ़ से स्वयं दिग्विजय सिंह ताल ठोक रहे थे। दोनों इन सीटों पर अपनी-अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता में बाहर निकल ही नहीं सके।छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में मतदान हुआ और उसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक दो संसदीय क्षेत्र तक ही प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने राज्य के बाहर भी पार्टी के लिए ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। दिग्विजय सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में प्रचार किया और उसके अलावा आसपास के संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं और बैठकें कीं। उसके बाद राज्य के बाहर कुछ संसदीय क्षेत्र में जाकर प्रचार भी किया। राज्य में चुनाव प्रचार में मुख्य तौर पर राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव सक्रिय नजर आए। राज्य के बाहर भी कुछ नेताओं को प्रचार के लिए भेजा गया।कांग्रेस के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, राज्य के अधिकांश नेताओं की दिल्ली में पूछ-परख कम हो गई है।



*पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, इन चार चरणों में भी सीमित तौर पर सक्रिय रहे।*

# मध्य प्रदेश की सभी सीटें बहुमत से जीतेगी भाजपा : वीडी शर्मा

एजेंसी

**भोपाल।** भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए वीडी शर्मा ने कहा कि भारत की जनता ने सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीत का आशीर्वाद दिया है। जहां तक बात मध्य प्रदेश की है तो राज्य की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने जिस तरह का आशीर्वाद दिया था, उसी तरह का आशीर्वाद लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। विधानसभा चुनाव 'मध्य प्रदेश के मन में मोदी' और 'मोदी के मन में मध्य प्रदेश' को लेकर लड़ा गया था और जनता का भरपूर साथ मिला था।

लोकसभा चुनाव में भी प्रदेश में ऐतिहासिक जीत मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव को टीम भावना से पार्टी ने लड़ा और जो प्रचार अभियान चलाया, उसी के आधार पर सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से जीतेगी। मध्य प्रदेश में मिलने वाली जीत राजनीतिक विशेषज्ञों, विश्लेषण करने वालों के लिए शोध का विषय होगी। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य में 58 प्रतिशत वोट मिला था। इस बार 4 जून के बाद नतीजे में जो विश्लेषण करेंगे, उसमें 10 प्रतिशत वोट प्रतिशत बढ़ाने में सफल होंगे, राज्य में भाजपा को 68 प्रतिशत वोट मिलेगा।



*विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने जिस तरह का आशीर्वाद दिया था, उसी तरह का आशीर्वाद लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा।*



# चिराग पासवान ने रामलला के किए दर्शन

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने शुक्रवार को अयोध्या में अपने परिवार सहित रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। पीएम मोदी के कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल जाने पर विपक्ष के सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी समझ नहीं पाएगा। क्योंकि उसने सनातन को कभी सम्मान नहीं दिया। 2014 और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री मोदी ध्यान लगाने जा चुके हैं। उसी प्रकार 2024 में भी पहुंचे हैं। उन्हीं का हनुमान मैं हूं। एक तरफ पीएम वहां पहुंचे हैं, दूसरी तरफ मैं अयोध्या आया हूं। बहुमत मिलने के बाद भारत माता की जय का नारा सिर्फ कहने के लिए नहीं, उसे उन्होंने हकीकत में उतारा है। इसके पहले उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से लिखा कि आज अयोध्या की पावन नगरी में सपरिवार प्रभु श्री राम के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर समस्त देशवासियों के कल्याण हेतु मंगल कामना की।

# पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के चुनाव से पहले भड़की हिंसा, दस लोग घायल

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के भांगर इलाके में शुक्रवार को चुनाव से पहले हिंसा भड़क उठी। इसमें कम से कम दस लोगों के घायल हो गए। जादवपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है। भांगर में शुक्रवार सुबह से ही स्थानीय तृणमूल कांग्रेस और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आने लगीं। दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर देसी बम फेंके। स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि झड़प में दस लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह के तनाव के बाद से वहां हिंसा हुई है। बुधवार दोपहर जादवपुर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार सायोनी घोष के समर्थन में आयोजित रोड शो में हिस्सा लेने से इनकार करने पर सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार सुबह एआईएसएफ के एक कार्यकर्ता की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। एआईएसएफ कार्यकर्ताओं ने जवाबी कार्रवाई की और तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता को बुरी तरह पीटा। तब से ही भांगर में तनाव पैदा हो गया और दोनों समूहों के बीच झड़पें हो रही हैं। भांगर में जारी हिंसा के बीच भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कैनिंग-पुरबा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला की वोटिंग के दिन आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ईसीआई के आदेश के अनुसार, शौकत मोल्ला शनिवार को पूरे दिन अपने निर्वाचन क्षेत्र कैनिंग-पुरबा से बाहर नहीं निकल पाएंगे। जबकि, मोल्ला ने भांगर में जारी तनाव के लिए एआईएसएफ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है।



*स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि झड़प में दस लोग घायल हुए हैं।*

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com